2 फरीदाबाद
एक नंबर मार्केट में कई दुकानों में लगी भीषण आग, सब राख

6 अभिमत
जी-20 में जलवायु परिवर्तन मुद्दा

9 देश-विदेश
सीएम ममता और पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर छिड़ी जुबानी जंग

11 फीचर
धरती के गर्भ का रहस्य जानने की कवायद में जुटी दुनिया

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 227
फरीदाबाद, सोमवार, 25 सिंतबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### भारत-अमेरिका की नौसेना ने सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा के दौरान तेजी से बढ़ती भारत-अमेरिका रणनीतिक भागीदारी में द्विपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के तरीकों पर प्रमुखता से बात की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने 25वीं अंतरराष्ट्रीय समुद्र शक्ति संगोष्ठी (आईएसएस) में भाग लेने के लिए 19 से 22 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा की। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, नौसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा से द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने के साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विविध साझेदारों के साथ भागीदारी के लिए नौसेना के उच्च स्तर पर बातचीत करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला।

● विस्तृत खबर पेज-9 पर

### मलयालम फिल्म निर्माता जॉर्ज का निधन



**कोच्चि।** मलयालम फिल्मों के निर्माता और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित केजी जॉर्ज का रविवार को कक्कानाड के पास एक वृद्धाश्रम में निधन हो गया। वृद्धाश्रम के सूत्रों के मुताबिक, वह 78 साल के थे। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ निर्देशक को पांच साल पहले स्ट्रोक पड़ा था और पिछले कुछ महीने उनके लिए मुश्किलों से भरे थे। उनके निधन पर राजनीतिक नेताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और अलग-अलग तबके के लोगों ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया है।

### अटाकामा रेगिस्तान में हिंसा जीवन का हिस्सा थी : अध्ययन

**नई दिल्ली।** अमेरिका और चिली के विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं का मानना है कि हिंसा किसी समय में उत्तरी चिली के अटाकामा मरुस्थल में रहने वाली प्राचीन आबादी के जीवन का हिस्सा थी। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में कहा कि एक केंद्रीय राजनीतिक प्रणाली की अनुपस्थिति और मरुस्थलीय परिस्थिति में संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा को लेकर इस क्षेत्र में लगातार हिंसा होती रही। उन्होंने कहा कि वे दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित मरुस्थलीय पठार अटाकामा मरुस्थल के तट पर अंत्येष्टि स्थलों से वर्षों पुराने 288 व्यस्कों के कंकाल पर हिंसक हमलों के संकेतों का अध्ययन कर रहे थे। शोधकर्ताओं ने विश्लेषण किया कि क्या ये चोटें ठीक हो गई थी या घातक थी। उन्होंने यह भी निर्धारित किया कि उनके घाव आकस्मिक थे या जानबूझकर पारस्परिक हिंसा के कारण हुए। शोधकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष पीएलओएस वन पत्रिका में प्रकाशित किए हैं।

# मप्र, छत्तीसगढ़ में हम जीत रहे हैं, राजस्थान में करीबी मुकाबला रहेगा: राहुल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बोले- एक देश, एक चुनाव की अवधारणा का उद्देश्य लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाना**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के अच्छा प्रदर्शन करने का विश्वास जताते हुए रविवार को कहा कि अभी तक कांग्रेस निश्चित रूप से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव जीत रही है, संभवत: वह तेलंगाना में भी जीत दर्ज करेगी और राजस्थान में बेहद करीबी मुकाबला हो सकता है।

राहुल ने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेता दानिश अली के बारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिधूड़ी की टिप्पणियों को लेकर पैदा हुए विवाद का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जाति जनगणना की मांग से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाती है। असम के प्रतिदिन मीडिया नेटवर्क द्वारा आयोजित सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा का उद्देश्य लोगों का ध्यान असल मुद्दों से भटकाना है। उन्होंने कहा, यह ध्यान भटकाने की भाजपा की रणनीतियों में से एक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के मुख्य मुद्दे- कुछ ही लोगों के पास पैसा होना, अमीर-गरीब के बीच भारी असमानता, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, निचली जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासी समुदायों के प्रति पक्षपात, से संबंधित हैं। राहुल गांधी ने कहा, अब, भाजपा इस पर लड़ नहीं सकती इसलिए बिधूड़ी एक बयान दे दें। आओ एक साथ मिलकर इस तरह चुनाव लड़ें। चलो इंडिया का नाम बदल दें। यह सब ध्यान भटकाना है। हम इसे जानते हैं, हम इसे समझते हैं और हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी का आगामी विधानसभा चुनावों में किसी भी राज्य में न जीतने का कोई प्रश्न ही नहीं है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में आने वाले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। कांग्रेस की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, मैं कहूंगा कि अभी हम संभवत: तेलंगाना जीत रहे हैं, हम निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश जीत रहे हैं, हम निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ जीत रहे हैं। राजस्थान में बहुत करीबी मुकाबला है और हमें लगता है कि हम जीत जाएंगे। ऐसा लग भी रहा है और वैसे भाजपा भी अंदरखाने में यही कह रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में एक महत्वपूर्ण सीख ली कि भाजपा ध्यान भटकाकर और हमें हमारी बात नहीं रखने देकर चुनाव जीतती है और इसलिए हमने अपनी बात प्रमुखता से रखकर चुनाव लड़ा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, आप आज क्या देख रहे हैं, यह सज्जन बिधूड़ी और फिर अचानक निशिकांत दुबे, भाजपा यह सब करके जाति जनगणना के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। वे जानते हैं कि जाति जनगणना एक बुनियादी चीज है जो भारत के लोग चाहते हैं और वे उस पर चर्चा नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, हर बार जब भी हम यह मुद्दा पेश करते हैं तो वे हमारा ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अब हम सीख गए हैं कि इससे कैसे निपटें।



### लद्दाख पुलिस ने जर्मन सैलानी को बचाया

**लेह।** दक्षिण लद्दाख के एक दूरदराज वाले इलाके में जर्मनी का एक सैलानी ट्रैकिंग के दौरान बीमार पड़ गया और परेशानी में फंसे होने की सूचना दी थी, इसके बाद पुलिस ने उन्हें बचा लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पुलिस के एक दल ने जर्मन नागरिक क्रिस्टो को कोरजोक से 75 किलोमीटर दूर न्योमा उपमंडल के नुरबो सुमदो से शनिवार को सुरक्षित बचा लिया, यह इलाका हिमाचल प्रदेश की सीमा के निकट है। पुलिस की तरफ से साझा किए गए वीडियो संदेश में पर्यटक ने उन्हें बचाने वालों की तारीफ की और कहा कि वह अपनी ट्रैकिंग के बीच में थे तभी वह अचानक से बीमार पड़ गए और जब वह वापस आने के लिए के घोड़े का प्रबंध नहीं कर पाए तो उन्होंने मदद मांगने का फैसला किया।

# पीएम ने नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, 11 राज्यों को होगा फायदा

**नए डेवलप होने वाले स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहलाएंगे**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। ये ट्रेनें 11 राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगीं। इन राज्यों में राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा- नए भारत के नए लोग नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है। मुझे इस बात की खुशी है कि वंदे भारत का क्रेज बढ़ रहा है। इससे अब तक 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को अब तक 25 वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। अब इसमें 9 और वंदे भारत जुड़ जाएंगी।

प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन के विकास पर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश के कई रेलवे स्टेशन गुलामी के काल में बने थे। विकसित होते भारत को अपनी गुलामी के प्रतीक इन रेलवे स्टेशनों को भी डेवलप करना होगा। अमृत काल में



डेवलप होने वाले रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहे जाएंगे।

वंदे भारत के तहत जो ट्रेनें लांच की गई है, उनमें कासरागोड - तिरुवनंतपुरम (केरल), जयपुर - उदयपुर (राजस्थान), विजयवाड़ा-रेनीगुंटा- चेन्नई (आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु), तिरुनेलवेली - मदुरै- चेन्नई (तमिलनाडु), जामनगर-अहमदाबाद (गुजरात), रांची - हावड़ा (झारखंड और पश्चिम बंगाल), हैदराबाद-बेंगलुरु (तेलंगाना और कर्नाटक), राउरकेला-पुरी (ओडिशा) और पटना-हावड़ा (बिहार और पश्चिम बंगाल) शामिल है।

पीएम ने इस मौके पर कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब देश का हर क्षेत्र वंदे भारत से जुड़ जाएगा। ये ट्रेन उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो ट्रेन सफर का समय कम से कम रखना चाहते हैं।

ये ट्रेन उन लोगों की जरूरत बन गई है, जो एक शहर से दूसरे शहर जाकर एक ही दिन में काम पूरा करके लौटना चाहते हैं। रेलवे स्टेशन कोई भी हो, उसका स्थापना दिवस यानी जन्मदिवस होता है। मुंबई, पुणे, चेन्नई समेत कई शहरों में रेलवे स्टेशनों के जन्मदिवस मनाए जा रहे हैं। इस परंपरा का और विस्तार किया जाएगा। इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा। पहले की सरकारों में रेल मंत्रालय किसे मिलेगा इसकी सबसे ज्यादा चर्चा होती थी।

माना जाता था कि रेल मंत्रालय जिस राज्य से होगा वहीं पर ज्यादा ट्रेन चलेंगीं। ऐसा भी होता था कि नई ट्रेनों का ऐलान तो हो जाता था, लेकिन वे ट्रेनें कभी चल नहीं पाती थीं। इस परंपरा ने देश का बहुत नुकसान किया है। अब हम किसी राज्य को पीछे छोड़ने की गलती नहीं दोहरा सकते। हमें सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।



**पूर्ण बहुमत वाली सरकार में ही मनमानी चलती है, चतुर्वेदी ने विरोध जताया**

# महिला विजिटर्स की राजनीतिक नारेबाजी से सदन की गरिमा भंग हुई: प्रियंका

**विजिटर महिलाओं की नारेबाजी रूल 264 का उल्लंघन, सख्त कार्रवाई होनी चाहिए**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**यूं कह** लीजिए कि पूर्ण बहुमत वाली सरकार में ही हर तरह की मनमानी चल सकती है। गाहे-बगाहे यह देश-दुनिया देखती आ ही रही है। हालांकि इस तरह की मनमानी का विरोध खूब होता है, लेकिन वह नक्कारखाने में तूती के समान है। ताजा मामला संसद पहुंची महिला विजिटर्स को लेकर सामने आया है। शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को चिट्ठी लिखकर 21 सितंबर को संसदीय कार्यवाही के दौरान महिला विजिटर्स की तरफ से की गई नारेबाजी पर एक्शन की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के वक्त सांसदों की तरफ से आमंत्रित कुछ महिलाओं ने राजनीतिक नारेबाजी की थी। प्रियंका ने इस पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि महिला विजिटर्स सांसदों के न्योते पर आई थीं। ि

कसी भी विजिटर को संसदीय कार्यवाही के दौरान बात करने की अनुमति नहीं होती है। मुझे खेद है कि



पार्लियामेंट में इतनी सिक्योरिटी होने के बावजूद, कुछ महिलाओं ने नारेबाजी की। इस घटना से रूल 264 का उल्लंघन होता है। इसी के तहत मैंने चेयरमैन को पत्र लिखा है।

प्रियंका ने चिट्ठी में आगे लिखा कि राज्यसभा के रूल्स ऑफ प्रोसिजर एंड कंडक्ट कॉफ बिजनेस के रूल 264 में विजिटर्स के लिए नियम बताए गए हैं। इस नियम के तहत कोई सांसद किसी ऐसे व्यक्ति के लिए विजिटर्स कार्ड का आवेदन दे सकता है, जिसे वह व्यक्तिगत तौर पर जानता है। कुछ खास मामलों में सांसद ऐसे लोगों के लिए भी विजिटिंग कार्ड का आवेदन दे सकता है, जिन्हें उसके किसी जानने वाले ने उससे मिलवाया हो।

दूसरे मामले में सांसदों को बहुत सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्हें ये ध्यान रखने की सलाह दी जाती है कि अगर उनके आवेदन पर जिन लोगों को विजिटर्स कार्ड देकर सदन में बैठने की अनुमति दी गई थी, वे लोग अगर किसी अनुचित गतिविधि में शामिल होंगे या उनकी वजह से कोई अप्रिय घटना होगी तो, इसकी जिम्मेदारी उस सांसद की होगी। प्रियंका ने आगे कहा कि पचास से ज्यादा विजिटर्स सदन में नारेबाजी कर पाए, ये चिंता की बात है। सुरक्षा में हुई इस चूक के विरोध में विपक्षी दलों ने सदन से वॉक-आउट कर दिया था।

ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि इस मामले की गहनता से जांच हो, ताकि पता लगाया जा सके कि राज्यसभा की चारदीवारी में सुरक्षा और सदन की गरिमा का उल्लंघन कैसे हुआ। इस हंगामे के पीछे जो भी व्यक्ति जिम्मेदार हों उन्हें उनके एक्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस घटना को अंजाम देने में जिन सांसदों की भागीदारी की जानकारी मिले, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। हमें वो सब कुछ करना चाहिए, जिससे संसद की गरिमा बनी रहे।

प्रियंका चतुर्वेदी का आरोप है कि जिन महिलाओं को बतौर विजिटर सदन में आमंत्रित किया गया था, उन्हें ये पहले ही बता दिया गया था कि उन्हें किस मूवमेंट पर क्या करना है। यह एक सोची समझी साजिश के तहत कराया गया कारनामा है। यह निसंदेह सदन की गरिमा को तारतार करने और अपमानित करने वाला था।

## प्रदेश के 19 जिलों में बारिश का अलर्ट, 28 को विदा लेगा मानसून

**चंडीगढ़।** प्रदेश के 19 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सूबे में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार जताए हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने की भी संभावना है। इससे तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग ने 25 सितंबर तक सूबे के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना बने रहने के आसार जताए हैं। प्रदेश में मौसम विभाग ने जिन जिलों में अलर्ट किया है, उनमें कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी शामिल हैं। वैसे मौसम विभाग ने मानसून सीजन में भी अगस्त और सितंबर माह को सूखे की श्रेणी में रखा है।



### बीएससी नर्सिंग छात्रा की गोली मारकर हत्या

**सोनीपत।** सोनीपत में बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा की हत्या कर दी गई। छात्रा की छाती व हाथ पर गोलियां मारी गई हैं। उसके शव को खरखौदा के अस्पताल में लाया गया है। पता लगाया जा रहा है कि उसको किन हालातों में गोली लगी है। एसीपी जीत सिंह भी अस्पताल पहुंचे हैं। खरखौदा क्षेत्र के गांव रोहणा की खुशबू (19) बीएससी नर्सिंग कर रही है। रविवार को छुट्टी के चलते वह घर पर थी। बताते हैं कि वह किसी काम से घर से बाहर निकली तो गली में उस पर गोलियां चलाई गई। उसकी छाती में गोली लगने से मौत हो गई। एक गोली उसके हाथ में भी लगी है।

## लोस चुनाव लड़ने से को परहेज नहीं: रणजीत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने संकेत दिया है कि उन्हें 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के परहेज नहीं है और अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें टिकट देती है तो वह चुनाव लड़ सकते हैं। सिरसा जिले के रानिया से निर्दलीय विधायक और पूर्व प्रधानमंत्री देवी लाल के बेटे चौटाला ने कहा कि राजनीति में सब संभव है।

राज्य के विद्युत एवं कारागार मंत्री ने कहा कि जब उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में रानिया सीट जीती थी, तो किसी ने भी अनुमान



नहीं लगाया था कि भाजपा बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगी और उसे सरकार बनाने के लिए समर्थन की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के बहुमत से चूक जाने के बाद वह उसे बिना शर्त समर्थन देने वाले पहले विधायक थे। जननायक जनता पार्टी (जजपा) और निर्दलीय विधायकों ने 2019 में भाजपा को समर्थन दिया था, जिसके बाद उसने हरियाणा में सरकार का गठन किया। चौटाला ने कहा, मैंने जब चुनाव जीता था, तो मुझे पता नहीं था कि मुझे दो घंटे बाद ही भाजपा को समर्थन देना होगा। आज, मैं भाजपा के साथ सहज हूं और वे भी मुझ पर काफी भरोसा करते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में कहा, यदि भाजपा पेशकश करती है, तो मैं विचार कर सकता हूं। बहरहाल, उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना को खारिज कर दिया।

## राघव-परिणीति विवाह बंधन में बंधे दोनों सोशल मीडिया पर छाए

**उदयपुर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा दोनों रविवार को हमेशा के लिए एक दूजे के हो गए। दोनों का विवाह पारंपरिक रीति रिवाजों के अनुसार पूर्ण हो गया। परिणीति के नाना और नानी पहली बार उदयपुर आए हैं। उन्होंने कहा- वे इस शादी को लेकर काफी उत्साहित रहे। होटल लीला पैलेस के परिसर में दिल्ली के बैंड समेत राजस्थानी कलाकारों ने अतिथियों का खूब स्वागत किया। दोनों के परिवारों ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया और साथ में डांस किया। विवाह समारोह को यादगार बनाने के लिए होटल लीला पैलेस को रोशनी से सजाया गया था। वहीं, रविवार सुबह प्रियंका



चोपड़ा ने इंस्टा पोस्ट के जरिए सेलिब्रिटी कपल को बधाई दी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवत मान व तमाम आप नेताओं ने शिरकत की।

**देश पर सुशासन के लिए 2050 तक का ब्लू प्रिंट लेकर चल रही आरएसएस**

# दलितों के बीच जाकर ज्यादा काम करें कार्यकर्ता, गुरुद्वारा-चर्च-मस्जिदों में भी जाएं : भागवत

**एजेंसी।** लखनऊ

**2025 तक हर गांव में शाखा खोलने का लक्ष्य**

**लखनऊ** में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का तीन दिवसीय प्रवास का रविवार को आखिरी दिन था। प्रवास के दूसरे दिन भागवत ने कार्यकर्ताओं से दलित और गैर हिंदुओं के बीच जाकर ज्यादा काम करने को कहा। साथ ही गुरुद्वारा, चर्च और मस्जिदों में जाकर लोगों से संपर्क करने की बात भी कही।

निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक चली। शनिवार को भागवत ने अवध प्रांत के पदाधिकारियों और प्रचारकों के साथ बैठक की थी। साल 2025 संघ का शताब्दी वर्ष है। तब तक भारत के हर गांव में संघ की शाखा खड़ी करने का लक्ष्य रखा गया। शताब्दी वर्ष को लेकर संघ की योजना पर मंथन किया। संघ प्रमुख ने शताब्दी वर्ष में हर गांव में संघ की शाखा और मिलन कार्यक्रम को लेकर योजना तैयार करने के निर्देश दिए। लखनऊ में भागवत की मौजूदगी में हुई बैठक में 26 जिलों की कार्यकारिणी शामिल हुई। माना जा



रहा है कि वर्ष 2050 तक देश पर भाजपा का शासन कायम रहे, इसका तैयार ब्लू प्रिंट अमल में लाया जा रहा है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस दौरे को दलितों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसलग आरएसएस अब दलितों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की तैयारी में है। दलित बस्तियों में शाखाएं लगाने जैसे काम, उनकी समस्याओं को सुनने और उनका निस्तारण करने के लिए कैंप लगाने की भी योजना तैयार की जा रही है। जिससे कि दलित और आदिवासी बस्तियों में आरएसएस का प्रचार-प्रसार किया जा सके। यह भी योजना बनाई जा रही है कि जो अब तक अछूते हैं, जिन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली हैं, उन तक मूलभूत सुविधाएं भी पहुंचाई जाएं।

मोहन भागवत अवध में संघ के विस्तार के साथ ही शताब्दी दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इसके साथ ही अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार देने और हिंदुत्व के मुद्दे पर मंथन किया गया।

प्रवास के पहले दिन शुक्रवार को संघ प्रमुख ने सीएम योगी से मुलाकात की थी। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों में संघ के विस्तार, राष्ट्रवाद, लव जिहाद, धर्मांतरण से जुड़े मुद्दों पर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री ने संघ प्रमुख को प्रदेश सरकार के कामकाज, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह सहित सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। सीएम योगी और मोहन भागवत के बीच यह मुलाकात 45 मिनट तक चली।

# कुलपति डॉ. राज नेहरू को मिला महर्षि गुरु वशिष्ठ अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को अभ्येति फाउंडेशन द्वारा महर्षि गुरु वशिष्ठ अवार्ड से नवाजा गया है। फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक सीमा भटनागर, सलाहकार रजत सक्सेना और जेईसी ग्रुप के निदेशक ललित सरावगी ने उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू को यह अवार्ड कौशल शिक्षा के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। इससे पूर्व भी डॉ. राज नेहरू को अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कई अवार्ड हासिल हो चुके हैं। वह देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं और देश में उच्च शिक्षा में स्किल एजुकेशन का मॉडल स्थापित करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। यह अवार्ड प्रदान करते हुए अभ्येति फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक सीमा भटनागर ने कहा कि कौशल गुरु के रूप में डॉ. राज नेहरू ने अभूतपूर्व काम किया है। युवाओं को हुनर देकर रोजगार के साथ जोड़ने की दिशा में उनका मॉडल आज देश ही नहीं दुनिया में सराहा जा रहा है। कुलपति ने इस अवॉर्ड के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर उन्होंने एसेंशियल लाइफ स्किल फॉर ए सक्सेसफुल करियर विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पहले अपनी प्रतिभा और अभिरुचियों को पहचाना होगा और फिर उसी के अनुरूप अवसर पहचानने की क्षमता विकसित करनी होगी। फिर कोई भी चुनौती उसके करियर में बाधा खड़ी नहीं कर सकती। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि अपने भीतर कौशल विकसित कर कोई भी विद्यार्थी सफलता की उड़ान भर सकता है।

# आज से फुल पैंट-शर्ट पहनकर स्कूल आएं छात्र

### डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए शिक्षा विभाग ने जारी किया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** में डेंगू और चिकनगुनिया के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने विद्यालयों के लिए निर्देश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी को इस संदर्भ में पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में डेंगू व चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बचाव के सभी आवश्यक उपाए किए जाएं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक के स्तर से प्रेषित पत्र में कहा गया है कि विद्यालय परिसर साफ रखें, कहीं भी जलभराव न होने पाए। इस संदर्भ में सभी प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। 25 सितंबर से सभी छात्र-छात्राओं को पूरी बांह की शर्ट और फुल पैंट पहनकर आने का निर्देश दिया जाए। प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना सभा में संचारी रोग एवं उससे होने वाली समस्याओं के संबंध में अनिवार्य रूप से बच्चों को जानकारी दी जाए।

पत्र में कहा गया है कि परिसर में खुली हुई पानी की टंकियों की नियमित सफाई की जाए। यह भी देखा जाए विद्यालय परिसर एवं उसके आसपास कहीं भी जलभराव न होने पाए। विद्यालय परिसर के हैंडपंप एवं मल्टीपल हैंडवाश के पास नियमित रूप से सफाई की जाए। किसी भी बच्चे को बुखार आने पर तत्काल उसका उपचार कराया जाए। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सहयोग प्राप्त किया जाए।

इससे पहले बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से भी सभी जिलों के अधिकारियों को डेंगू से बचाव के लिए सख्ती से उपाय किए जाने के आदेश दिए गए हैं। स्कूलों में प्रार्थना सभा में शिक्षक विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के तरीके बताए जाएंगे। सभी स्कूलों में पानी की टंकी की समय-समय पर साफ-सफाई की जाए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

विद्यालय परिसर व आसपास कहीं जल भराव न हो। हैंडपंप और उसके आसपास अगर पानी एकत्र है तो उसमें कीटनाशक का छिड़काव किया जाए। इस कार्य में सरपंच व पार्षद की भी मदद ली जाए। अगर किसी विद्यार्थी को बुखार आ रहा है तो उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उसका उपचार कराया जाए।

> "जिले में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के लिए स्कूलों ड्रेस कोड में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। सोमवार से सरकारी और गैर सरकारी स्कूल के विद्यार्थी फुल शर्ट और फुल पैंट पहनकर आएंगे। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है। वहीं, स्कूलों में जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए नोडल अधिकारी को तैनात किया जाएगा, जो विद्यार्थियों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करेंगे।
> **-मुनेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी**

# एक नंबर मार्केट में कई दुकानों में लगी भीषण आग, सब राख

### सात अन्य दुकानें भी चपेट में आईं, भारी नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**शहर** के पॉश क्षेत्र स्थित एक नंबर मार्केट में रविवार दोपहर को कपड़ों के एक शोरूम अचानक से आग लग गई। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

आग इतनी तेजी से फैली कि आसानी से काबू नहीं पाया जा सका। आग पर काबू पाने के लिए एक के बाद एक आधा दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग ने इस दौरान आसपास की 6-7 और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों में आग से करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि इस आग के कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

रविवार दोपहर को फरीदाबाद के गुरुद्वारा सिंह सभा नंबर एक की मार्केट में भीषण आग लग गई। इस आग के कारण मार्केट में हड़कंप मच गया। इस मार्केट में घड़ियों की और रेडिमेड गारमेंट्स की एक साथ एक कई दुकानें, जहां आग लगी। आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की जुगत में लगीं। मार्केट में अतिक्रमण होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहुंचने में देरी हुई। इस बारे में पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आग की सूचना पर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने बताया आग ने एक दुकान से कई दुकानों को चपेट में ले लिया। इस अवसर पर एसीपी कोतवाली अभिमन्यु गोयत मौके पर मौजूद रहे, आगजनी से कोई शारीरिक क्षति नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही कोतवाली एनआईटी, डबुआ, सारण, मुजेसर पुलिस थानों से पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे व बहादुरी के साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया। पुलिस द्वारा लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल से दूर किया गया था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया।

# गणपति बप्पा को भक्तों ने दी नम आंखों से विदाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**महाराष्ट्र** मित्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण महाकथा का आयोजन कराया गया। मंडल द्वारा बप्पा की आरती की गई व आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीमा त्रिखा ने बप्पा का आशीर्वाद लिया व सभी के साथ भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया।

रविवार को मंडल द्वारा बप्पा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में भक्तजनों ने ढोल ताशे की धाप पर नाच गाकर एवं गुलाल एक दुसरे को लगाकर बप्पा को नम आंखों से विदाई दी व बप्पा से कहा कि अगले बरस तू जल्दी आ। बप्पा की विसर्जन शोभायात्रा गांधी कॉलोनी उत्सव स्थल से चलकर 5बी 81 पहुंची। वहां पर सभी भक्तजनों का फूलमाला द्वारा आदर सत्कार किया गया। उन्होंने नाच गाने के साथ बप्पा के जयघोष लगाए। वहां से चलकर यात्रा 5 नंबर मेन मार्केट चौक पर पहुंची। सब भक्तजन अपनी गाड़ियों में सवार होकर विसर्जन स्थल तक पहुंचे। बप्पा की आरती के बाद भक्तजनों ने बप्पा को भावुक होकर विदाई दी एवं विसर्जन स्थल बप्पा के जयघोष से गूंज उठा। यात्रा में मंडल के राजेंद्र पांचाल, चिंतामणि, विनय पांचाल, यशवंत पांचाल, सुधाकर पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, प्रवीन राठोड, रविंद्र पांचाल, विलास पांचाल, डीएम थोटे, विनय, तेजस, शेखर, हरेंद्र, ओजस, कर्ण, रोहित, ललित, अनिल, निखिल व मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छह साल बाद मिला लापता युवक, फूट-फूटकर रोए परिजन

**फरीदाबाद।** मानव तस्करी निरोधी इकाई ने बिहार से लापता हुए मानसिक रूप से बीमार युवक को छह वर्ष बाद उसके परिजनों से मिलवाया। युवक छह वर्ष पहले घर से दिल्ली के लिए निकला था और लापता हो गया था। परिजनों ने युवक को काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला तो थककर घर बैठ गए।

मानव तस्करी निरोधी इकाई के प्रभारी संजय भड़ाना ने बताया कि 20 जुलाई को उनकी टीम को सूचना मिली कि केएमपी एक्सप्रेस-वे पर एक युवक घूम रहा है, जोकि मानसिक रूप से बीमार लग रहा है। उनकी टीम मौके पर पहुंची और युवक को लेकर उससे पूछताछ की। मगर वह कुछ भी बता नहीं पा रहा था। इसके बाद उनकी टीम ने कोसीकलां (यूपी) के अनाथ आश्रम में छोड़ दिया। युवक का अनाथ आश्रम में इलाज कराया गया। टीम वहां जाकर उसकी बार-बार काउंसलिंग करती रही।

# खेलों से तन मन और सामाजिक समरसता का होता है विकास : राजेश नागर

### गांव चांदपुर में शहीद महिपाल कबड्डी टूर्नामेंट में बोले विधायक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विधायक** राजेश नागर ने गांव चांदपुर में आयोजित शहीद महिपाल कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को इनाम दिए और आयोजकों की प्रशंसा की।

नागर ने कहा कि खेलों से हमारे तन मन का विकास तो होता ही है, वहीं इससे सामाजिक समरसता का भी विकास होता है। हम खेलों के जरिए जहां अपने शरीर को अच्छा बनाने पर ध्यान दे सकते हैं, वहीं इनके जरिए हम अपने जीवनयापन का जरिया भी बना सकते हैं। खिलाड़ियों को आज समाज मान सम्मान की निगाह से देखता है। वहीं हमारे हरियाणा की मनोहर सरकार भी खिलाड़ियों को पारितोषिक देने में देश में सबसे आगे है। विधायक नागर ने कहा कि खेल हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। हमारे यहां विभिन्न पर्वों पर खेलों के आयोजन की परंपरा रही है। हमें यह देखना है कि अनेक खेलों में भारत ने दुनिया को नेतृत्व दिया है, वहीं आज फिर से वही स्वर्णयुग भारत में लौट आया है। मोदी मनोहर युग में भारत ने ओलंपिक में अब तक के रिकॉर्ड मेडल जीतकर दुनिया में धाक जमाई है।

वहीं हरियाणा सरकार ने हमारे खिलाड़ियों को सर्वाधिक इनाम देकर उनकी हौंसला अफजाई की है। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का पगड़ी और फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस आयोजन में कबड्डी के अलावा रस्साकसी की प्रतियोगिताएं भी हुईं। इसमें 41 हजार, 21 हजार और 11 हजार के इनाम विजेता टीमों को दिए गए। इस अवसर पर सरपंच सूरजपाल भूरा, अवतार सरपंच, प्रमोद मोहबताबाद सरपंच, रज्जू सरपंच, हरपाल सरपंच, सतीश सरपंच, योगेंदर सरपंच, ताराचंद सरपंच, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, अजब चंदीला, प्रवीण तनेजा, रोहताश भाटी, सौरन सिंह भाटी, मामचंद पंडित, रसूल मोहम्मद, राजेंद्र महेश्वरी पूर्व सरपंच, सुरेंद्र महेश्वरी, रघुराज नागर, एडवोकेट विक्रम पूर्व पार्षद, एडवोकेट विरेंद्र बडगुर्जर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पूर्व महापौर ने डेंगू के बढ़ते मामलों पर प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद और बल्लभगढ़ शहर की आसपास अधिकांश कालोनियों में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे डेंगू के मरीजों की संख्या को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए नगर-निगम की पूर्व महापौर अनीता गोस्वामी ने नगर-निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह गोस्वामी डेंगू के बढ़ते प्रकोप से चिंतित होकर नगर-निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभजोत कौर एवं स्वास्थ्य विभाग के उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम भगत से उनके कार्यालय में मिली थी और उन्हें स्थिति से अवगत करवाया था। गोस्वामी ने निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास को भी इस बारे में पत्र लिखा था।

उन्होंने कहा था कि उनके वार्ड की चावला कॉलोनी में मिले डेंगू के मरीजों से आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के उपरांत भी अभी तक न तो कीटनाशक दवा का कोई छिड़काव कॉलोनियों में किया गया है और न ही साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। शहर में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं और गढ़ों में बरसात का पानी जमा हुआ है, जिनमें मोटे-मोटे जहरीले मच्छर पनप रहे हैं।

बल्लभगढ़ में तिगांव रोड़ के समीप अग्रवाल कॉलेज के ठीक सामने गंदगी के बहुत ज्यादा ढेर लगे हुए हैं, जहां पर आवारा जानवर मुंह मारते दिखाई पड़ रहे हैं। समीप रहने वाले दुकानदारों ने बताया कि यहां पर पिछले कई दिनों से दो गाय मृत अवस्था में पड़ी हुई हैं, जिस कारण चारों तरफ दुर्गंध हो रही है। उन्होंने बताया कि इन दिनों फरीदाबाद शहर में सौ से भी अधिक डेंगू के मरीज हो गए हैं। इस तरह से डेंगू के मरीजों का बढ़ना बहुत ही चिंताजनक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अभी भी नहीं जागा तो स्थिति आगे बहुत ही भयानक हो सकती है।

# गरीबों के आशियानों को उजाड़ने पर तुली भाजपा सरकार : ललित नागर

### पूर्व विधायक ने बसंतपुर कॉलोनी, पंचशील एंक्लेव-दो में जाकर सुना लोगों का दुखड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं नूंह जिले के प्रभारी ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को उजाड़ने पर तुली हुई है। एक तो पहले ही महंगाई और भ्रष्टाचार ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है, अब सरकार गरीबों के आशियानों को उजाड़ने के नए-नए बहाने ढूंढ रही है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीबों के हकों की आवाज उठाई है और आगे भी इनकी आवाज बुलंद करने का काम करेगी।

श्री नागर रविवार को तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बसंतपुर, अगवानपुर, इस्माइलपुर, बसंतपुर कॉलोनी, पंचशील एंक्लेव-2 में प्रशासन द्वारा भेजे गए तोड़फोड़ के नोटिसों के संदर्भ में आयोजित मीटिंग में लोगों को संबोधित कर रहे थे। ललित नागर ने कहा कि जब केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस सरकार थी, उस दौरान गरीब व जरूरतमंद लोगों को सौ-सौ वर्ग गज के मुफ्त प्लॉट देकर उन्हें बसाने का काम किया गया था, लेकिन इस भाजपा सरकार ने गरीबों को बसाने की बजाय उन्हें उजाड़ने का मन बना लिए है। इसलिए आए दिन गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, जोकि पूरी तरह से गलत है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह बसंतपुर मलकीयत की जमीन है, कई वर्षो से लोग यहां रह रहे है, इस बार यमुना का जलस्तर बढ़ने के कारण दिल्ली, नोएडा की तरह फरीदाबाद में भी यमुना से सटे क्षेत्रों में पानी भर गया और लोगों को अपने आशियाने छोड़ने पड़े, अब जब प्रशासन व सरकार को इन विस्थापित लोगों को पुन: बसाने की बजाय उनके आशियाने उजाड़ने का क्या औचित्य बनता है। उन्होंने कहा कि वर्षों से यह लोग यहां रह रहे हैं, जिनके पास रजिस्ट्री भी है, इसके बावजूद इनके आशियाने क्यों उजाड़े जा रहे है? बरसों से रहते हुए यह लोग प्रशासन के सभी नियम-कायदों को पूरा करने के साथ-साथ टैक्स भी जमा करवाते हैं, इसके बावजूद इनके आशियाने उजाड़े जा रहे हैं। उस समय प्रशासन व सरकार कहां थी, जब इन लोगों ने यह जगह खरीदी थी।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



## नज़रिया

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**दिलों में देर तक नफरत संभाले लोग रहते हैं**
**मसीहा सिर्फ खुद को कहने वाले लोग रहते हैं**
**सदन के सामने कल कोई गाता जा रहा था बस**
**बड़े शहरों में छोटी सोच वाले लोग रहते हैं**

# दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है मोदी सरकार : गुर्जर

### कहा, इंग्लैंड और जर्मन की तर्ज पर दिए जा रहे हैं 23 प्रकार के आधुनिक कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों को मोदी सरकार द्वारा मुख्यधारा में जोड़ने का हर संभव प्रयास कर रही है। कृष्णपाल गुर्जर रविवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एलिम्को की भागीदारी के साथ दिव्यांग कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और वयोश्री को भारत सरकार की योजनाओं के तहत आपको आपकी जरुरत के हिसाब से नि:शुल्क उपकरण देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है, तब से दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं मोदी सरकार ने बनाई है और दिव्यांगजन हमारे समाज का बहुत महत्वपूर्ण अंग हैं। इनको किसी की दया की जरुरत नहीं होती। इनको जरुरत होती है तो सिर्फ प्यार से की जाने वाली सहायता की। आज से चार पांच साल पहले एक बेटी ने 80 प्रतिशत दिव्यांग होते हुए भी देश की सबसे सर्वश्रेष्ठ यूपीएससी की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया था। दिव्यांजन में प्रतिभा की भी कोई कमी नहीं होती।

खेलों के क्षेत्र में अगर हम ओलंपिक में चार पदक जीतकर लाते हैं तो पैरा ओलंपिक में इससे ज्यादा पदक दिव्यांगजन लेकर आते है। दिव्यांगजन में अद्भुत क्षमताएं हैं। इनकी क्षमताओं का उपयोग देशहित में हो, इसके लिए उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि जितना भी दिव्यांगों और बुजुर्गो के लिए जो सामान बनता है, पहले यह सब कानपुर में बनकर सब जगह भेजा जाता था। अब यह सब सामान फरीदाबाद में बन रहा है और यहां से दूसरी जगह भी भेजा जा रहा है। मोदी सरकार ने 2016 में एक कानून पास करवाकर सात तरह की दिव्यांगता को बढ़ाकर 16 तरह की दिव्यांगता किया, ताकि किसी भी तरह से दिव्यांग व्यक्ति हो, उसको भारत सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। दिव्यांगजनों के नौकरियों में तीन से चार प्रतिशत आरक्षण बढ़ाकर उनके बैकलॉग को पूरा किया है।

वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों के आरक्षण को बढ़ाकर तीन से पांच प्रतिशत करने का काम किया है और दिव्यांगजनों के सर्विस बैकलॉग को 100 प्रतिशत भरकर पूरा किया गया है। मोदी की सोच है, जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को हम मजबूत नहीं करेंगे, देश मजबूत नहीं हो सकता। मोदी अपना जन्मदिन सेना, दिव्यांगजन और आदिवासी क्षेत्रों में जाकर मानते हैं। मोदी ने जर्मनी और इंग्लैंड की कंपनियों से समझौता किया कि जैसे जर्मनी और इंग्लैंड में आधुनिक हाथ पैर, इलेक्ट्रोनिक व्हीलचेयर, कानों की मशीन वहां बनती है, अब वही इलेक्ट्रोनिक व्हील चेयर और अन्य सहायक उपकरण देश में नवादा में ही बनाए जा रहे हैं। पहले 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति को कहीं आने जाने के लिए किसी न किसी सहायक की जरूरत पड़ती थी। अब 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांता वाले व्यक्ति को बैटरी वाली साइकिल दी जा रही है, ताकि वह स्वयं बिना किसी की मदद के कहीं भी आ जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य भारत अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट सहित तमाम शौचालय पर भी रैंप बनाकर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया है। फरीदाबाद जिला में भी लगभग छह लाख रुपये की धनराशि के प्रति कोकलियर इंप्लांट सैकड़ों युवाओं को लाभ मिला है और देश में हजारों युवाओं इसका फायदा ले चुके हैं और वे जीवन की मुख्यधारा में जी रहे हैं। दिव्यांगजनों को सशक्त, स्वावलंबी एवं समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

शिविर में एडिप और आरवीआई के वितरित किए जाने वाले कुल सहायक उपकरणों में 73 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 53 ट्राईसाइकिल, 85 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 05 ब्रेल किट, 37 वाकर, नौ सीपी चेयर, 138 बैसाखी, 488 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 543 बी.टी.आई (कान की मशीन), एक स्मार्ट केन, 12 सुग्मय केन, छह स्मार्ट फोन, दो कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स, 14 ट्राइपॉड, छह टेटापोड, 455 चश्मे, 129 चेयर स्टूल कमोड के साथ, 950 नी ब्रेस, 109 सर्वाइकल कोलर, 30 स्पाइनल स्पोर्ट, 554 एलएस बेल्ट, नौ फुटवियर शामिल हैं।

# रन फोर स्वच्छता कार्यक्रम में छात्रों ने दिया सफाई का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### जिला विकास व पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने दिखाई हरी झंडी

**स्वच्छता** ही सेवा है के उद्घोष के साथ छात्रों ने रविवार को स्वच्छता रैली का आयोजन कर आम जनमानस को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला परिषद पलवल के सौजन्य से आयोजित की गई।

इस स्वच्छता रैली को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वच्छता रैली नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल से प्रारंभ होकर आगरा चौक, मीनार गेट, ट्रैक्टर मार्केट, रसूलपुर चौक, आगरा चौक होते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में ही संपन्न हुई।

स्वच्छता रैली के दौरान छात्रों ने आमजन को स्वच्छता पखवाड़े से जुड़कर अपने घर व आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी




उपमा अरोड़ा ने कहा कि 15 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता-स्वस्थ-समृद्धि की ओर स्वच्छता का एक कदम आगे बढ़ाकर ही हम जिला पलवल को कचरा मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक जनमानस को जीवित रहने के लिए भोजन-पानी की आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार स्वच्छता भी हमारे लिए अत्यंत जरूरी है। हमारे शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए स्वच्छता का बहुत महत्व है।

आमजन स्वच्छता को अपने जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वच्छता ही सेवा रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सबको अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना होगा, तभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों के स्वच्छ भारत का निर्माण संभव है। प्रत्येक आमजन मानस मूलभूत आवश्यकताओं की भांति स्वच्छता को भी अपने जीवन में जरूर अपनाएं।

इस अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, सहायक परियोजना अधिकारी चेतराम, खंड समन्वयक सुनील, कैलाश, प्रवीन, राजेंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सेक्टर 21-ए में गजानन विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए के मैत्री ब्लॉक में श्री गणपती विसर्जन कार्यक्रम ढोल नगाड़े की थाप, नाच गान के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। सेक्टर 21-डी स्थित समन्वय मंदिर के प्रधान पुजारी रामाशीष शास्त्री ने आरती, मंत्र, श्लोकों के साथ विसर्जन विधि विधान से करवाया तथा यजमान मंजिंदर सैनी, संदीप सैनी, डॉ. उर्वि सैनी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। गणपती बप्पा मोरिया, अगले बरस तू फिरसे आ की गूंज, विनायक की जय जयकार एवं ठुमकों की धमक से वातावरण आनंदित हो गया। इस मौके पर श्याम सुंदर, डॉ. उर्वि सैनी, मधू कालड़ा, नीतू, वंदना, शशि शर्मा, दीपा आनंद, अमिता सिंह, रुचि गुप्ता, रितेश, युगल किशोर शर्मा, श्रवण सिंह चौधरी, मनोज मधुकर, प्रभात कुमार, हिमांशु मोहंती, चंद्र कांत, जुगल श्रीवास्तव, सुदीप गर्ग, अमरजीत सिंह लाकरा आदि मौजूद रहे।

## कृष्णपाल गुर्जर जनसंवाद कार्यक्रमों में सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**पलवल।** विधानसभा क्षेत्र होडल के गांवों में 25 सितंबर को जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसमें केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर गांवों में आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानकर उनका मौके पर ही समाधान करेंगे। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री 25 सितंबर को होडल विधानसभा क्षेत्र के खंड होडल के गांव दीघोट में सुबह 11 बजे तथा खंड हसनपुर के गांव पिंगोड में दोपहर 12.30 बजे, गांव मीरपुर कोराली में दोपहर दो बजे तथा गांव सहनोली में दोपहर 3.30 बजे और गांव भेंडौली में शाम पांच बजे जनसंवाद कार्यक्रम करेंगे। डीसी ने इन जनसंवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी होडल व हसनपुर मे संवाद स्थल का चयन व सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे।

## हथियार के बल पर नकदी लूटी, अपहरण का प्रयास

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना इलाके की आदर्श कॉलोनी में कार सवार बदमाश एक घर में घुस गए और दो युवकों को हथियार के बल पर लूट लिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवकों को पिस्टल दिखाकर अपहरण करने का प्रयास किया। एसजीएम नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया मकान में विवेक नाम का युवक किराए पर रहता है। रात करीब 12 बजे एक कार उसके कमरे के बाहर आकर रूकी। कार से चार से ज्यादा लोग उतरे और विवेक के कमरे में घुसकर पिस्तौल तान दी। विवेक को आरोपी हथियार के बल पर कार में बिठा रहे थे। ये देखकर रोनी ने विवेक को बचाने के लिए बीच में आना चाहा। इसपर बदमाशों ने उसे भी बंधक बनाने का प्रयास किया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर कॉलोनी व आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बदमाश विवेक से छह हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भी गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एनजीएफ डिग्री कॉलेज में स्वयंसेवकों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** एनजीएफ डिग्री कॉलेज में एनएसएस दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस की इकाई ने पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी और फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सामाजिक विषयों पर आयोजित प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने बताया कि कॉलेज समय-समय पर विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका तथा जिम्मेदारी से संबंधित कार्य कराता रहता है। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. शरद कौशिक, डीन डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. प्रिया, हरिचंद, योगिता शर्मा के अलावा अन्य अध्यापक मौजूद थे। रेडियो की निदेशक दीप्ति शाह ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अनेक तरह के कार्य जैसे नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा, पोषण से संबंधित जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं।

## किशोर से अश्लील हरकत कर जान से मारने की धमकी

**पलवल।** किशोर के साथ अश्लील हरकतें कर उसे इतना डरा दिया कि आरोपी का नाम लेते ही बेहोश हो जाता है। पुलिस ने किशोर के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, भवनकुंड चौकी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि वह मकान की चिनाई करा रहा है। उसके दो बेटे एक 12 वर्ष व दूसरा 10 वर्ष दोनों वहीं रहते हैं। आरोप है कि उनके मकान पर चिनाई का कार्य कर रहे मजदूर पातली खुर्द गांव निवासी कल्याण बच्चों के साथ अश्लील हरकतें करता है। किसी को बताने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रखी है। अश्लील हरकत करने व जान से मारने की धमकी देने से 12 वर्षीय बेटा बुरी तरह डरा हुआ है। हालत ये है कि यदि आरोपी कल्याण का नाम भी ले देते हैं तो वह बेहोश हो जाता है। जिसके बारे में जब उसने अपने दोनों बच्चों से प्यार से पूछा तो छोटे बेटे ने सारी बात उन्हें बताई। शिकायत में कहा है कि आरोपी की हरकत की वजह से आज उसका बेटा न जिंदा है और न मरा है। डरा-डरा सा रहता है और कई बार बेहोश हो जाता है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बारहवीं के छात्र की मौत, दो साथी घायल

### चालक ट्रैक्टर को छोड़कर हुआ फरार मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**बाइक** व ट्रैक्टर की टक्कर से छात्र व उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात को अस्पताल में 12वीं के छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने मृतक छात्र के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, टहरकी गांव निवासी नरेश ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 17 वर्षीय बेटा विनोद शहर के एक निजी



स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ाई करता था। विनोद अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। विनोद 23 सितंबर को दोपहर बाद स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल से अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव टहरकी के लिए जा रहा था। उनकी बाइक सोहना रोड पर मूर्ति अस्पताल के पास पहुंची, तभी सामने से एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से बाइक व उस पर सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिरे। विनोद के सिर में गंभीर चोटें लगीं।

मौके पर लोग एकत्रित हो गए और इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर ड्राइवर फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। लेकिन वहां से विनोद की हालत नाजुक देखते हुए नागरिक अस्पताल ले जाने की बात कही।

इसी दौरान उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और विनोद को तुरंत नागरिक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथियों टहरकी गांव निवासी यशदेव व पृथला गांव निवासी सागर को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप कर ट्रैक्टर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# बच्चे के ऊपर गिरा निर्माणाधीन फ्लाईओवर का स्लीपर

### रीढ़ की हड्डी टूटी शरीर का आधा हिस्सा नहीं कर रहा काम

**पलवल।** रसूलपुर रेलवे फ्लाई ओवर की स्लीपर अचानक से गिर गई। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक बच्चा इसकी चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसके पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, हरि नगर निवासी अजीपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उनके घर के रास्ते में रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। फरीदाबाद निवासी कंवरजीत सिंह जो पुल निर्माण कार्य का ठेकेदार है, वह नियमों को ताक पर रखकर कार्य करा रहा है।



अजीपाल ने कहा कि इन दिनों वह बीमार चल रहा है। अपने 10 वर्षीय बेटा रवि के साथ वह रिया मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहा था।

दोनों पिता-पुत्र निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के साथ बनी सड़क से गुजर रहे थे। उसका बेटा उससे कुछ आगे चल रहा था। उसी दौरान पुल को बनाने वाली साइड में मसाले की खड़ी की गई स्लीपर अचानक उसके बेटे पर गिर पड़ी। इससे उसे गंभीर चोटें आई। घायल रवि को तुरंत निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल ले जाने को कहा। उसके बेटे को रीढ़ की हड्डी व पसलियों में फ्रेक्चर है। पेट के नीचे का हिस्सा भी काम नहीं कर रहा। उसका बेटा अब जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# शहीद स्मारक स्थलों की मिट्टी एकत्रित की



**पलवल।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शहीदों के स्मारक स्थलों से शहीद समशेर सिंह भुलवाना, शहीद राजवीर सिंह गढ़ी पट्टी, शहीद महीलाल, बीरबल, दीपचंद, कृष्ण कुमार बनचारी से मिट्टी एकत्रित की गई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान ने बताया कि दिल्ली में अमृत वाटिका में शहीदों की मिट्टी को यादगार के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। इस पावन अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद होडल जगमोहन गोयल, भाजपा नेता मोनू कालरा, होडल मंडल अध्यक्ष प्रेम राज, अजय जाखड़, सेवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशा भारद्वाज, मंडल महामंत्री त्रिलोक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सीआईए ने तीन शातिर चोरों पर कसा शिकंजा

### छह पलवल व एक रेवाड़ी की वारदातों का भंडाफोड़ किया

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एडिशनल** एसपी जसलीन कौर ने पलवल पुलिस को मिली कामयाबी का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला के दिशा निर्देश अनुरूप जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

इसी कड़ी में पलवल की अपराध जांच शाखा पुलिस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पलवल की अपराध जांच शाखा



प्रभारी मोहम्मद इलियास खान की टीम मितरोल गांव में गश्त पर मौजूद थी। तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई की तीन शातिर चोर जोकि बाइक आदि चोरी करने का कार्य करते हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देने की फराक में गांव मितरोल के अड्डे पर खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर हेड कांस्टेबल अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मीतरोल गांव निवासी अजयपाल, पवन, धर्मेंद्र के रूप में हुई। जिन्होंने वर्ष 2022 की तीन एवं 2023 की चार चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया।

इन वारदातों में थाना कैंप पलवल क्षेत्र से दो वारदात मोटरसाइकिल चोरी, एक शहर पलवल क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी, एक होडल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी तथा दो वारदात थाना मुंडकटी क्षेत्र अंतर्गत स्कूल से कंप्यूटर उपकरण एवं पानी मोटर चोरी की तथा एक वारदात जिला रेवाड़ी के थाना कोसली अंतर्गत मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद टीम ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों के कब्जे से टीम ने चोरी की हुई पांच बाइक को बरामद किया है।

साथ ही एक सरकारी स्कूल से चोरी की हुई एलसीडी कंप्यूटर को भी बरामद किया है। आरोपियों को अदालत में पेशर कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एडवांस कॉलेज के छात्रों ने कंपनी का शैक्षणिक भ्रमण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एडवांस्ड** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने छात्रों के लिए एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। इंस्टीट्यूट के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल के तत्वावधान में छात्रों ने फरीदाबाद सेक्टर-59 स्थित बोहरा रबर प्राइवेट लिमिटेड की यात्रा की। इस अवसर का लाभ उठाते हुए बीबीए और एमबीए कार्यक्रम के लगभग 40 छात्र इस औद्योगिक यात्रा का हिस्सा बने।

यात्रा प्रस्थान के दौरान इंस्टीट्यूट के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने संबोधित किया कि इस यात्रा के आयोजन का मुख्य कारण



अनुभवात्मक शिक्षा का प्रचार प्रसार करना है। जिसके लिए इंस्टीट्यूट पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। तत्पश्चात संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. आरआर पांडेय ने विद्यार्थियों को हर परिस्थिति में अधिगम के लिए प्रेरित करते हुए रवाना किया। छात्रों के फैक्ट्री पहुंचने पर वहां के उप प्रबंधक नितिन भारद्वाज व अन्य स्टाफ सदस्यों ने बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया तथा छात्रों को फैक्ट्री के भ्रमण करवाने के लिए उन्हें तीन समूहों में विभाजित किया। प्रत्येक समूह में फैक्ट्री के कुछ विशेषज्ञ सदस्यों को नियुक्त किया जिन्होंने समूची फैक्ट्री का दिग्दर्शन कराया तथा विभिन्न पहलुओं और तकनीकियों से अवगत कराया। इस दौरान फैक्ट्री के उप प्रबंधक नितिन भारद्वाज तथा सीनियर इंजीनियर अंकित शर्मा ने छात्रों को व्यवस्था पद्धति, उत्पादन प्रक्रिया की नीतियों तथा उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में बरतने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में अपने अनुभव सांझा किये तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के अंत में यात्रा पर गए हुए समस्त छात्रों व अध्यापकों ने इंस्टीट्यूट की तरफ से इस बेहतर सहयोग के लिए बोहरा रबर उद्योग का धन्यवाद किया।

# शहीद दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया

**पलवल।** शहीद दिवस के अवसर पर शहीद रामबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया विद्यालय प्रधानाचार्य दीपिका के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा शहीदों की याद में पौधारोपण किया है तथा पौधों को गोद लेकर उनके संरक्षण का प्रण भी लिया है। इस अवसर पर पीपल, बरगद, नीम, त्रिवेणी के साथ-साथ विभिन्न



छायादार पौधों का रोपण किया है। सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए दीपिका ने कहा कि शहीदों की याद में पौधारोपण जैसा पुनीत कार्य सराहनीय कदम है। शहीद तथा वृक्ष सर्व समाज की धरोहर हैं। इस अवसर पर राम गोपाल, राजकुमार, जोगिंदर पोसवाल, समय सिंह, मानसिंह, रामेश्वर पीटीआई आदि मौजूद थे।

# रक्तदान से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बचती हैं जिंदगियां : देवेंद्र चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**रक्तदान** महादान होने के साथ जीवनदान है, रक्तदान शिविरों के माध्यम से हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिंदगियों को बचाने का कार्य करते हैं। रक्तदान के फायदे और मानवता के लिये इसकी आवश्यकता के विषय में अधिक से अधिक लोग जागरूक हों इसके लिए लगातार रक्तदान शिविरों के आयोजन होने चाहिएं। युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

भाजपा स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी ने रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर यह कहा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न रचनात्मक व सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सेवा पखवाड़ा की इस कड़ी में मानवता के सेवार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन ईएसईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से ग्रेटर फरीदाबाद में किया गया।

इस रक्तदान शिविर के आयोजन में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन विनोद चौधरी, संजय शर्मा और



भाजपा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर पंडित धर्मबीर शर्मा, डॉक्टर विशन दत्त शर्मा, पंडित कलक्टर, संजय शर्मा, राजपाल शर्मा, पंडित किशन शर्मा, सचिन वकील, योगेंद्र वजीरपुर, प्रदीप गौड़, मनोरंजन गौड़, मुकेश कौशिक, हामिद खान, वीरे चौहान, पोली बिधुरी, मंगल सरदार आदि उस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। देवेंद्र चौधरी ने इस अवसर पर सभी स्वास्थ्यकर्मियों और रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

देवेंद्र चौधरी ने कहा कि जिस जरूरतमंद व्यक्ति को आपके द्वारा दिया गया रक्त मिल जाता है तो उसका जीवन बच जाता है। इससे न केवल मानवता का भला होता है, बल्कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को परम पुण्य का लाभ भी मिलता है। रक्तदान के कुछ अन्य फायदे भी हैं। रक्तदान करने वाले व्यक्ति का ब्लड प्रेशर और वजन कंट्रोल में रहता है, जिससे हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है, साथ ही उस व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। अत: मानव हित में आगे आकर समय समय पर रक्तदान जरूर करना चाहिए।

# सभी वर्गों के छात्रों को दी जाएगी छात्रवृति : नेहा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अनुसूचित** जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत संशोधन किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जनजाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को दसवीं कक्षा उपरांत छात्रवृति प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग ने डॉ. भीमराव



अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए सभी जातियों अथवा वर्गों के विद्यार्थियों से 31 जनवरी 2024 तक सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि डॉ. अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्र योजना शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़

### विद्यार्थी 31 जनवरी 2024 तक सरल पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु एवं पिछड़े वर्ग तथा अन्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा रखने के लिए तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# सांकेतिक भाषा केवल बधिरों की ही नहीं बल्कि सभी की भाषा बनेः बंडारू दत्तात्रेय

**राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में की शिरकत**



गुरुग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल को उनकी तस्वीर की पेंटिंग भेंट करता छात्र।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मूक एवं बधिरों के सर्वांगीण विकास के लिए, केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से उनके मन में इस भावना का निर्माण किया जा रहा कि वे भी समाज का अभिन्न हिस्सा है।

वे यहां अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में गुरुग्राम के एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

राज्यपाल ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों को नमन कर कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सांकेतिक भाषा केवल बधिरों की ही नहीं, बल्कि सभी की भाषा बने। उन्होंने सांकेतिक भाषा अर्थात् साइन लैंग्वेज सिखाने व सीखने पर बल देते हुए कहा कि सांकेतिक भाषा सीखने से माईंड एक्टिव बनता है। जिससे जीवन में प्रगति के विभिन्न मार्ग खुलेंगे। राज्यपाल ने कहा कि मूक एवं बधिर बच्चों के सांकेतिक भाषा सीखने से उनके जीवनयापन की राह आसान होने के साथ साथ वे विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम भी रोशन करेंगे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में परिवार पहचान पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में शुरू की गई यह सेवा दिव्यांगजनों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सांकेतिक भाषा को एक भाषा विषय के रूप में मान्यता देकर बधिर लोगों के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है।

अब भारतीय सांकेतिक भाषा सिर्फ बधिरजनों की भाषा न होकर आमजन की भाषा भी होगी। इसलिए सामान्य लोगों को भी इस भाषा को सीख कर बधिर जनों से जुड़ना होगा, ताकि ये लोग भी संचार संबंधित सुविधाओं का लाभ उठा सकें। राज्यपाल दत्तात्रेय ने सांकेतिक भाषा के इंटरप्रेटर की सहायता से केंद्र के बच्चों से संवाद कर उनसे उनके भविष्य के विजन के बारे में भी संवाद किया। राज्यपाल ने इस दौरान गुरुग्राम केंद्र में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों से भी संवाद कर उनसे केंद्र में दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

# विधायक सुधीर सिंगला ने अर्जुन नगर में सुनीं समस्याएं समाधान के दिए निर्देश



गुरुग्राम के अर्जुन नगर में लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अर्जुन नगर क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों समाधान के निर्देश दिये। विधायक ने भरोसा दिलाया कि समस्याओं का जल्द से जल्द हो जाएगा समाधान।

विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष लोगों ने सफाई समेत कई मुद्दे उठाए। विधायक ने सभी का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वास्थ्य का तरीका स्वच्छता है। हमें अपने आसपास गंदगी फैलने से रोकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कों पर संबंधित एजेंसियों द्वारा काम किया जा रहा है। बरसात में टूटी सड़कों पर पैच वर्क हो रहा है। सीवरेज की मशीनों से सफाई करवाई जा रही है। विधायक ने कहा कि हम ऐसे शहर में रहते हैं, जिसकी पूरी दुनिया में पहचान है। यहां की छवि को बेहतर बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कोई भी ऐसा काम हमें नहीं करना चाहिए, जो कि हमारे शहर की साख को खराब करे। गंदगी के लिए स्थान निर्धारित हो। इस दौरान सुमेर सिंह तंवर, सीमा पाहुजा, मनोज गर्ग, राहुल हसीजा, विनोद वर्मा, सुरेश, कमल, चुन्नीलाल, दिनेश शर्मा, प्रवीण बजाज, राजेंद्र, धीरज अदलखा, नंदलाल, ज्ञानेश्वर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्केट कमेटी का नोटिस अभियान रहा खानापूर्ति



**सोहना।** मार्केट कमेटी का अनाज मंडी परिसर में अनाज व सब्जी के अलावा अन्य कारोबारियों को दिए नोटिस देने अभियान खानापूर्ति बनकर रह गया। कमेटी प्रशासन पर अभियान को बीच में छोड़े जाने से सवालिया निशान लगने लगे है। मार्केट कमेटी ने सीएम विंडो कार्यकर्ता की शिकायत लगने पर अनाज मंडी परिसर में अनाज व सब्जी के अलावा अन्य गैरकानूनी कारोबार करने वालों को नोटिस दिए गए थे। अनाज मंडी परिसर में 24 के लगभग अनाज आढ़ती व 35 के लगभग सब्जी आढ़ती है। इसके अलावा किराना, दवा विक्रेता, लैब, क्लीनिक, खलबिनौला, सरसों की तेल मील, हलवाई का कारोबार, चाय बनाने वालों से लेकर मशाले, कपड़ा आदि बेचने वालों की रेहड़ियां लगी हुई है। जिसके कारण मंडी परिसर में अवैध कब्जों की भरमार हो रही है। छोटे दुकानदार से लेकर बड़ा कारोबार करने वालों में यहा के आम रास्ते, फ्ड व गंदे पानी के नाले पर अवैध कब्जा करने की होड़ मची हुई है। मार्केट कमेटी ने करीब 20 गैरकानूनी कारोबार करने वालों को नोटिस दिए थे। शेष अन्य को भी नोटिस दिए जाने थे। मार्केट कमेटी प्रशासन का मात्र 20 गैरकानूनी कारोबारियों को नोटिस देने के बाद रुक जाना सवालियां निशान के घेरे में आ गया। इस अभियान को क्यो शुरू किया और फिर क्यो रोक दिया गया। अभियान बीच में रुक जाने से अवैध कब्जाधारियों से लेकर मार्केट कमेटी के नियम को तोड़कर अन्य कारोबार करने वालों के हौसले बढ़ावा मिला है जिस सीएम विंडो कार्यकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत वापिस ले ली थी। मार्केट कमेटी की तरफसे दुकानदारों को दो बार नोटिस जारी किए गए थे। **( प्रदीप शर्मा-सहायक अधिकारी मार्केट कमेटी )**

### कलात्मकता दिखाकर लखेरा समाज ने खुद को किया स्थापित

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि लखेरा समाज ने खुद को स्थापित करने के लिए मेहनत बहुत की है। मेहनत के साथ ईमानदारी लखेरा समाज का गहना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल के सपने को लखेरा समाज पहले से पूरा करता आ रहा है। वे रविवार को सेक्टर-4 सामुदायिक केंद्र में द्वितीय लखेरा स्नेह मिलन समारोह में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय लखेरा महासभा हरियाणा की जिला इकाई लखेरा महासभा गुरुग्राम की ओर से आयोजित किया गया। इस समारोह में गुरुग्राम लखेरा महासभा कार्यकारिणी सदस्य एवं लखेरा समाजसेवी मीर सिंह लखेरा चौहान संरक्षक, ओमप्रकाश चौहान लखेरा प्रधान, जगबीर सिंह लखेरा महासचिव, ओमप्रकाश लखेरा कोषाध्यक्ष, ईश्वर चंद लखेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीन लखेरा उपप्रधान, रामचंद्र मास्टरजी वरिष्ठ समाजसेवी, जितेंद्र लखेरा, दीपक लखेरा, देवेंद्र लखेरा, मदन लखेरा, मुकेश लखेरा, नसीब सिंह लखेरा, गुरदास लखेरा, राजेश राठौर लखेरा, चुन्नी लाल लखेरा, वीरेंद्र चौहान लखेरा समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। यहां लखेरा समाज ने अच्छी पहल करते हुए बुजुर्गों को सम्मानित किया। नवीन गोयल ने लखेरा समाज के पैरालंपिक खिलाड़ी योगेश कथुनिया का जिक्र करते हुए कहा कि योगेश ने पदक जीतकर विश्व में लखेरा समाज का नाम चमकाया है।



लखेरा स्नेह मिलन समारोह में बुजुर्गों को सम्मानित करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल।

# जेआईआईपीए-पीएफटीआई बीच करार के साथ शुरू किया नया ऐतिहासिक अध्याय




समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे।

**भारत-जापान सहयोग के लिए असीमित अवसरों का किया अनावरण**

**गुरुग्राम।** प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) और जापान इंडिया इंडस्ट्री प्रमोशन एसोसिएशन (जेआईआईपीए) ने भारत-जापान सहयोग का एक नया और ऐतिहासिक कार्यक्रम शुरू किया है। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे के दूरदर्शी नेतृत्व में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इसके माध्यम से पीएफटीआई के सदस्यों को लाभ पहुंचाने वाली परिवर्तनकारी पहलों और सहयोग के नए और सकारात्मक युग की शुरुआत होगी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत पीएफटीआई और जेआईआईपीए प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने की परंपरा के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान साझा आकांक्षाओं और सामूहिक सफलता के मार्ग के विषय पर प्रकाश डाला गया। पीएफटीआई के निदेशक डॉ. अंशुल ढींगरा ने कहा कि भारत और जापान एक साथ आते हैं तो हमारे समक्ष असीम संभावनाएं उपस्थित होती है। हमारी सांझा विरासत हमारी ताकत है और हमारा संयुक्त भविष्य चमकदार है। इससे जापान के साथ पीएफटीआई के सदस्यों को आगे बढ़ने के अनेक अवसर मिलेंगे। प्रशांत गोडघाटे द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई जिसमें विस्तार से बताया गया कि कैसे जेआईआईपीए जापान के साथ विस्तार और सहयोग में पीएफटीआई के सदस्यों का समर्थन कर सकता है। भारत और जापान के बीच सहयोग से संबंधित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी और निदेशक आरएल शर्मा ने कहा कि अभी यह तो शुरुआत है आगे बहुत कुछ सकारात्मक होना बाकी है। कहा कि हमने जो कदम बढ़ाया है आगे चलकर उसका बड़ा ही सुखद और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। जेआईआईपीए के चेयरमैन प्रशांत गोडघाटे ने कहा कि आज हमने एक बड़ा कदम आगे बढ़ाया है। आईए सुनिश्चित करें कि यह साझेदारी हमारे दोनों देशों को मजबूत और अधिक सफल बनाए।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में पीएफटीआई की टीम से पीके गुप्ता (अध्यक्ष, गुरुग्राम), राकेश बत्रा (महासचिव, गुरुग्राम), डीपी गौर (कोर कमेटी सदस्य), अमन गुप्ता (कोर कमेटी सदस्य), संजय कालरा (कोर कमेटी सदस्य), विनोद पाहिलजानी (कोर कमेटी सदस्य) और रमनदीप सिंह (कोर कमेटी सदस्य) ने जेआईआईपीए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में मयूमी कोयामा और विक्रम मीणा निदेशक (जेआईआईपी) रायो इजुमी (निदेशक, फैशन क्लॉथ फुरुशिमा), किलाकस मार्कस (अध्यक्ष, असाही प्रवास, जापान) और शंकर नोगुची (अध्यक्ष, स्पाइस लैब टोक्यो) उपस्थित रहे।

# बोधराज सीकरी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया आयुष्मान दिवस

**निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर की गई लोगों की जांच**



गुरुग्राम में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम में मौजूद बोधराज सीकरी व उनकी टीम के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत बोधराज सीकरी की अगुवाई में पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने आयुष्मान दिवस मनाया। इसमें महिला प्रकोष्ठ की संयोजिकाज्योत्सना बजाज ने शशि बजाज, आशा रानी, गीता, शशि बजाज, अलका शर्मा, ज्योति वर्मा, रचना बजाज के साथ मिलकर स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता कराई। विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में ज्ञान दिया।

आयुष्मान दिवस के उपलक्ष्य में ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता नीलकंठ पाठशाला अंबेडकर नगर, द सैंडी अकेडमिक स्कूल बसई एनक्लेव, भगवती विद्या मंदिर मदनपुरी व मां-बेटी स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान फिरोज गांधी कालोनी में आयोजित किया गया। लगभग 300 बच्चों ने पेंटिंग में भाग लिया। डेरावाल भवन विजय पार्क प्रताप नगर में सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत मेदांता अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 350 जांच की गई। दवाइयां मैनकाइंड की ओर से दी गई। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महा संगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी, महा संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान व डेरावाल बिरादरी गुरुग्राम के मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश कथूरिया, डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी वा उनकी टीम द्वारा सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, सुभाष अदलखा, सुभाष गांधी, रमेश कामरा सुभाष नागपाल, अनिल कुमार, रवि मनोचा, उमेश ग्रोवर, हेमंत मोंगिया, भारत भूषण आर्य, राज कुमार कथूरिया, सुखदेव, लेख राज चावला, नरेश चावला, रमेश कुमार, हरीश शर्मा, तिलक राज बांगा, अशोक आर्य, ज्योत्सना बजाज, सुषमा आर्य, शशि बजाज, रीता रानी, रजनी, सीमा कपूर, रचना बजाज उपस्थित रहे।

# पीएम, सीएम पर टिप्पणी के विरोध में गुस्साए भाजपाई, फूंका उदयभान का पुतला

**अग्रवाल धर्मशाला चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन**

**कांग्रेस नेतृत्व से माफी मांगने की भाजपाईयों ने की मांग**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर कथित टिप्पणी करने के विरोध में रविवार को गुरुग्राम में भाजपाईयों का गुस्सा उबाल पर रहा। उन्होंने अग्रवाल धर्मशाला चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला भी फूंका। साथ ही कांग्रेस नेतृत्व से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से माफी मांग की भी बात कही। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के विवादित बयान के बाद हरियाणा भाजपा भड़की गई। रविवार दोपहर बाद कार्यकर्ता अग्रवाल धर्मशाला चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंकने के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान भाजपाईयों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं, इसलिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में उदयभान के बयान से काफी रोष नजर आया। कार्यकर्ताओं ने पहले भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए और फिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयानों की जमकर निंदा करते हुए उनके पुतले को आग लगाई। नेताओं ने प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर उदयभान द्वारा की गई टिप्पणी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। बीजेपी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निंदनीय टिप्पणी की है। कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके है। कांग्रेस परिवारवाद में डूबी पार्टी है और परिवारवाद की मानसिकता के गुलाम लोग नहीं समझ पाएंगे कि देश के 140 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री और हरियाणा के पौने तीन करोड़ लोगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपना परिवार मानते हैं।

# निर्जन सीमा क्षेत्रों में राष्ट्रप्रेमी नागरिकों को बसाये सरकारः लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी



गुरुग्राम विवि में आयोजित व्याख्यान में बोलते लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) विष्णुकांत चतुर्वेदी।

**गुरुग्राम विवि में जीवंत गांवः सीमा सुरक्षा में क्रांति विषय पर व्याख्यान में कही यह बात**

**गुरुग्राम।** परिवार व प्रदेश की सुरक्षा व्यक्ति, समाज से तथा इससे आगे देश की सुरक्षा बॉर्डर पर मौजूद जीवंत गांवों की बसावट से भी जुड़ी हुई है।

देश की सीमाओं की सुरक्षा कवच के रूप में सीमावर्ती गांवों में रहने वाले सजग नागरिक हैं, जो बॉर्डर पर होने वाली किसी भी असामान्य गतिविधियों पर नजर रखते हैं। जरूरी सूचनाएं सुरक्षा एजेंसियों व सेना को देते हैं। यह बात लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) विष्णुकांत चतुर्वेदी ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय में सीमा जागरण मंच की ओर से जीवंत गांवः सीमा सुरक्षा में क्रांति विषय पर व्याख्यान में कही। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा बीजेपी उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने की। समारोह का उद्घाटन गुरुग्राम विवि के मीडिया स्टडी के डीन प्रो. राकेश जोगी ने किया। मंच का संचालन सीमा जागरण मंच के गुरुग्राम विभाग के सह-संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने की। पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों सहित जम्मू-कश्मीर, लद्दाख बॉर्डर पर सक्रिय सैन्य सेवा के दौरान अपने जीवन के चार दशक गुजार चुके लेफ्टिनेंट जनरल चतुर्वेदी ने व्याख्यान के दौरान अपने अनुभव सांझा करते हुए, कहा कि सीमा पर मौजूद गांवों की जीवंतता यानी वहां रह रहे नागरिकों की क्षमता सुरक्षा की गारंटी है। बॉर्डर पर घुसपैठ, तस्करी, अवैध हथियारों का आदान-प्रदान, ड्रग्स सप्लाई और सीमावर्ती देशों की सेना, सुरक्षाबलों की हलचलों पर वहां के निवासी नजर रखते हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल में पाक सैनिकों की घुसपैठ व बॉर्डर पर कुछ असामान्य हलचल की जानकारी वहां के चरवाहों ने ही दी थी। अपने संबोधन में जीएल शर्मा ने जनरल चतुर्वेदी के विचारों से स्वयं को जोड़ते हुए कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रहरी के तौर पर हर एक उपाय कर रही है, जिससे हमारी सीमाएं सुरक्षित रहें और सीमावर्ती गांवों के निवासी सजग व संपन्न हों। उन्होंने मौके पर मौजूद विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि राष्ट्र की संबलता सबल नागरिकों से है और आप देश के भविष्य हैं। समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल एस. लांबा, कर्नल प्रदीप भल्ला, कर्नल शेर सिंह यादव, गिरिराज शर्मा, विकास सिंह चंदेल, रामचंद्र सिंह, डॉ. रश्मि अग्रवाल, प्रो. अमित सिंह, इंजीनियर रवि सिंह, प्रदीप कुमार और बड़ी संख्या में गुरुग्राम विवि व दिल्ली विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सोहना में राष्ट्रीय मार्ग के साथ सर्विस रोड निर्माण की गति में आई तेजी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में राष्ट्रीय मार्ग के साथ सर्विस रोड पर चलता निर्माण कार्य।

**शहर** के गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ-साथ सर्विस रोड के सौंदर्यीकरण कार्य की गति तेज हो गई है। सौंदर्यीकरण का कार्य दमदमा चौक से जिला नूंह की सीमा से लगता गांव रायपुर तक किया जाएगा। शहर की सड़कों का सौंदर्यीकरण की सूची में सबसे पहला मार्ग गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 284ए पर करीब तीन किलोमीटर तक होना है।

इस मार्ग पर करीब 4 माह पहले सौंदर्यीकरण का कार्य शुरु हुआ था। लेकिन बीच में कार्य की गति धीमी हो जाने और 31 जुलाई को शहर में हिंसात्मक घटना घटित से प्रभावित हो गया था। जिससे सौंदर्यीकरण कार्य की गति को रोक देना पड़ा था। लेकिन फिर एक बार सर्विस रोड़ निर्माण के कार्य ने गति पकड़ी है। अंबेडकर बाईपास चौक से गुरुग्राम जाने वाले मार्ग के दमदमा चौक तक मार्ग के दोनों कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ राष्ट्रीय मार्ग के बीच में बना डिवाइडर को पट्टी को भी मिट्टी डालकर पहले से मजबूत किया जा रहा है।

**सर्विस रोड़ से हटेंगे अवैध कब्जे :** करीब तीन किलोमीटर लंबे सर्विस रोड़ पर मोटर मैकेनिक से लेकर वर्कर्स शॉप, दुकान, गोदाम, रेहड़ी-खोखा धारकों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड़ के साथ-साथ भवन निर्माण सामग्री बेचने वालें ने भी अवैध कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी हुई है। सर्विस रोड़ के साथ-साथ राष्ट्रीय मार्ग को भी सौंदर्यीकरण होगा। जिससे यह मार्ग शहर का सबसे साफ-सुन्दर मार्ग बनेगा। सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

**( अजीत सिंह-एसडीओ बीएंडआर )**

सर्विस रोड़ व राष्ट्रीय मार्ग के बीच में सुरक्षा पट्टी बनने से अवैध कब्जा करने का स्थान ही नहीं मिलेगा।

# गुरुग्राम पुलिस ने पकड़ा बुलेट गैंग, राह चलते लोगों से छीनते थे सोने की चेन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो राहगिरों से सोने की चेन छीनकर, लूटकर फरार हो जाता था। चेन लूटने की घटनाओं में गैंग के सदस्य बुलेट बाइक का इस्तेमाल करते थे। से बुलेट गैंग के नाम से मशहूर थे। पुलिस ने लूट के दो आरोपियों समेत उस सुनार को भी गिरफ्तार किया है, जो उनसे लूट की चेन खरीदता था। सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की ओर से गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी अपनी नशे की पूर्ति पूरी करने के लिए चेन लूटने की घटनाओं को अंजाम देते थे।

एसीपी क्राइम वरुण दहिया के मुताबिक पुलिस काफी समय से चेन लूटने के गैंग के पीछे लगी थी। ईस्ट और वैस्ट जोन में पिछले दो महीने में चेन लूटने की कई वारदातें हुईं। ऐसे में पुलिस की गैंग पर नजर थी। पकड़े गए आरोपियों में उत्तराखंड के नैनीताल का रहने वाले शुभम गैंग का मुखिया है। उसका एक साथी अजय निवासी बिहार भी है। आरोपियों से पूछताछ में छह चेन लूट की घटनाओं का खुलासा हो गया है। उनसे पूछताछ जारी है। आरोपियों से 1 लाख 27 हजार 500 रुपये नकदी बरामद करने के साथ उनकी निशानदेही पर उस सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है, जो इनसे सोने की चेन खरीदकर उन्हें पिघलाकर आकार बदल देते था। आरोपी सुनार का नाम मनोज कुमार निवासी खुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल है। वह छह महीने से गुरुग्राम के चकरपुर क्षेत्र में रह रहा है।




गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया बुलेट गैंग, पत्रकारों को जानकारी देते एसीपी क्राइम वरुण दहिया।

वह चेन लूटने वाले आरोपियों के संपर्क में काफी समय से है। वे इसे चेन बेचते थे और कैश ले लेते थे। एसीपी वरुण दहिया ने बताया कि अगस्त, सितम्बर माह में चेन लूटने की 22 वारदातें हुईं। बुलेट गैंग सुबह के समय काफी वारदातें करता था। जब लोग घूमने निकलते या कहीं जाते तो गैंग के सदस्य बुलेट पर आते और चेन छीनकर ले जाते। चेन छीनने के आरोपी अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए ऐसी वारदातों को अंजाम देते थे।

# आम जन की सेवा ही ताऊ देवीलाल को सच्ची श्रद्धांजलि: प्रदेश प्रवक्ता राहुल जैन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात


**पूर्व** उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल का सपना था कि प्रत्येक किसान व कमेरा वर्ग खुशहाल स्वस्थ और सुखी रहे।उनकी जन्मतिथि पर सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब जेजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनमानस की सेवा में हमेशा तत्पर रहें।

यशस्वी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से प्रेरणा लेकर जेजेपी के साथ चलकर जन-जन तक जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाएं जिससे कि जनता में आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को भी इनका लाभ मिल सके।यह बात जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ताऊ देवीलाल जी ने हरियाणा वासियों के लिए बुढ़ापा पेंशन योजना, गरीब कन्यादान योजना,किसानों के कर्ज माफी जैसे महत्वपूर्ण फैसले लेकर किसान-कमेरे वर्ग के जीवन में खुशहाली प्रदान की।इसी प्रकार आज ताऊ देवीलाल जी का युवा रूप उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला डटकर खड़े हो हरियाणा वासियों की सहायता और सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है। जो कि एक अच्छे, दूरदर्शी,जन हितेषी नेता की निशानी है।उन्होंने बताया कि राजस्थान में सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार से भ्रष्ट नेताओं से वहां की जनता त्रस्त है। जनता की भलाई के लिए जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला जैसे जनहितकारी व ईमानदार नेता की वहां के लोगों में मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रभारी जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के कुशल निर्देशन में राजस्थान के जेजेपी नेता व पदाधिकारी के साथ हरियाणा के प्रत्येक जिले से वरिष्ठ नेताओं ने रैली की सफलता के लिए कमान संभाली हुई है। वही जिला भरतपुर और अलवर में जिला नूह के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं भी जिम्मेदारी से अपना काम कर रहे है। निरंतर लोगों के बीच जाकर वे जेजेपी पार्टी की नीतियों के बारे में बता रहे हैं। 25 सितंबर को सीकर में किसान विजय सम्मान दिवस रैली में पहुंचने का आग्रह भी कर रहे हैं।

### सीकर के जिला खेल स्टेडियम में जुटेगी जबरदस्त भीड़

### आगामी चुनाव में राजस्थान की धारा पर भी हरियाणा की तरह लोकप्रिय नेता दुष्यंत चौटाला का चलेगा जादू

आशा के अनुरूप किसान विजय सम्मान दिवस पर राजस्थान के सीकर के जिला खेल स्टेडियम में जबरदस्त भीड़ एकत्रित होकर ताऊ देवीलाल जी को दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। तथा आगामी चुनाव में राजस्थान की धारा पर जेजेपी के हाथ मजबूत करने का काम करेगी।

# अवैध कॉलोनियों में जमीन खरीदकर अपने खून-पसीने की कमाई को बर्बाद न करें

### जल्द शहर के चारों ओर स्थित अवैध और अनियमित कॉलोनी पर चलाया जाएगा पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका



शहर के मुख्य मार्ग स्थित बनाई जा रही अवैध कॉलोनी।

**डिस्टिक्ट** टाउन प्लानर (डीपी) बिनेश कुमार ने जिला के लोगों से कहा है कि वे अवैध कालोनियों में जमीन खरीदकर अपने खून पसीने की कमाई को बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा जिले में अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। अवैध कालोनियों का काटने वालों पर पहले भी काफी मामले दर्ज करवाएं हैं। भविष्य में भी ऐसे लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा जल्द ही फिरोजपुर झिरका के चारों ओर अवैध रूप से काटी जा रही अनियमित कॉलोनी की रास्तों पर जल्द ही पीला पंजा चलाया जाएगा । डीटीपी विनेश कुमार ने कहा कि जिले में जहाँ भी अवैध कालोनियों विकसित हुई हैं उनको पहले भी बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त किया गया है।

**अवैध कालोनियों में जमीन खरीदने वालों को बिजली और पेयजल कनेक्शन नहीं दिए जाने को लेकर पत्र लिखा जा चुका है**

: डीटीपी बिनेश कुमार ने कहा कि अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा देने से रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अनियमित कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति कनेक्शन और बिजली के कनेक्शन नहीं दिए जाने को लेकर पत्राचार विभागों में किया जा चुका है लेकिन उसके बावजूद भी कुछ लोग प्रशासन की आंखों में धूल झोकर बिजली पानी के कनेक्शन लेने में कामयाब हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा शीघ्र हो उपायुक्त नूह के साथ बिजली निगम, नगरपालिका, लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक करवाई जाएगी। जिसमें विभागों के अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए जाएंगे। कि किसी भी अवैध कालोनियों में किसी भी तरह की सुविधा प्रदान नही दी जाए। यदि इसके बाद भी किसी भी विभाग के अधिकारी या कर्मचारी ने अवैध कालोनियों में सरकारी सुविध मुहैया करवाई तो उनके खिलाफ भी कारवाही की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शहर के चारों ओर अवैध रूप से काटी जा रही अनियमित कॉलोनी में कोई भी लोग प्लॉट ना ले। ऐसे स्थान पर विभाग द्वारा कभी भी पीला पंजा चलाया जा सकता है । जिसको लेकर जल्द ही रूपरेखा तैयार की जा रही है ।

उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि को अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ भी विभाग ने मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर ली है। इसको लेकर भी लगभग एक दर्जन लोगों के नाम विभाग के पास आ गए हैं। जल्द ही कृषि योग्य भूमि में अवैध फ्लोटिंग को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे । उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जो मुकदमे दर्ज हुए हैं। उन पर भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस बाबत भी जिला उपयुक्त के समक्ष सारी फाइल रखी जाएगी।

## हिंदी दिवस एवं सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लगा रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** हरियाणा वीर एवं शहिदी दिवस के अवसर पर देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद शाखा पलवल के संयुक्त तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के सहयोग से पलवल के नेशनल हाइवे पर स्थित वर्धमान आटोकेयर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, वर्धमान आटोकेयर के संचालक अमित जैन और भारत विकास परिषद शाखा पलवल की महिला संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद राव तुलाराम सिंह को पलवल के विधायक दीपक मंगला, समाजसेवी सुभाष जैन, सुनिता जैन, भारत विकास परिषद शाखा पलवल के प्रधान स्वतंत्र गोयल, सुमित जैन, बिजेंद्र सौरोत, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह, शाखा सचिव रविदत्त शर्मा, नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सरफराज, डॉ. गरिमा सिंगला, जितेंद्र सिंह, रामबाबू खंगारौत ने श्रद्धांजलि देकर किया।

## एचएसजीपीसी के वोट बनवाने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर

**मेवात।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) की ओर से नए वोट बनाने का शेड्यूल जारी किया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार 30 सितंबर तक कोई भी सिख व्यक्ति एचएसजीपीसी के मतदाता के रूप में स्वयं को पंजीकृत करवा सकता है। इसके लिए एचएसजीपीसी ने सभी गुरुद्वारों में हिंदी व गुरुमुखी भाषा में फार्म उपलब्ध करवा दिए हैं।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्डों का परिसीमन सरकार द्वारा किया जा चुका है। पूरे प्रदेश को 40 वार्डों में विभाजित किया गया है। मतदाताओं के पंजीकरण के बाद फाइनल मतदाता सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने जस्टिस एचएस भल्ला को एचएसजीपीसी के चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपते हुए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

उन्होंने बताया कि वोट के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी व शहरी क्षेत्र में नगरपालिका या नगर परिषद के सचिव के पास नि:शुल्क उपलब्ध हैं। कोई भी सिख व्यक्ति जो हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची के लिए अपना नाम पंजीकृत कराना चाहता है, वह इन अधिकारियों के पास आगामी 30 सितंबर तक आवेदन जमा करवा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अपेक्षित योग्यता निर्धारित की गई है। इसके तहत मतदाता के रूप में पंजीकरण के समय सामान्यत: कम से कम छह महीने से वार्ड का निवासी रहा हो और उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो।

## स्वर्णकार समाज ने की बैठक

**हरियाणा।** मैंढ क्षत्रिय स्वर्णकार यूथ क्लब, बरवाला, जिला पंचकूला (हरियाणा) द्वारा रविवार को स्वर्णकार समाज द्वारा खाटू श्याम बाबा मंदिर के हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्णकार समाज के आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती 28 अक्तूबर 2023 पूर्णिमा को मनाने पर चर्चा की गई।

जिसमें स्वर्णकार संघ द्वारा महाराज अजमीढ़ देव की जंयती बड़े ही जोर-शोर से तथा बड़े हर्षोल्लास मनाने के लिए इस अवसर पर श्री बजरंगबली सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन और धार्मिक स्थलों पर पौधा रोपण का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जितेन्द्र वर्मा, विशाल वर्मा, गगन वर्मा, शुभम वर्मा, मनीष वर्मा, साहिल वर्मा, अनिल वर्मातथा मैंढ क्षत्रिय स्वर्णकार यूथ क्लब, बरवाला, जिला पंचकूला (हरियाणा) के सदस्य मौजूद थे।

## जजपा की सीकर रैली के लिए तावडू से महिला कार्यकर्ता हुई रवाना

### सीकर रैली होगी ऐतिहासिक : अख्तर अली जजपा

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**जननायक** जनता पार्टी द्वारा देवीलाल की 110वीं जयंती उत्सव पर सोमवार को राजस्थान के सीकर जिले में किसान विजय सम्मान दिवस रैली का आयोजन होगा। हरियाणा प्रदेश में जननायक जनता पार्टी की सभी जिला और खंड स्तरीय यूनिट रैली की कामयाब बनाने के लिए जुटी है।

इसी कड़ी में रविवार को रैली में शामिल होने के लिए तावडू से बड़ी संख्या में एकत्रित व महिला शक्ति के रूप में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं सहित एक बस राजस्थान सीकर के लिए रवाना हुई।महिलाओं से भरी बस को गुरुग्राम अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं तावडू प्रधान अख्तर अली,हल्का प्रधान महासचिव अजहरुद्दीन,हल्का उपाध्यक्ष व महिला हल्का अध्यक्ष संतोष जौरासी सहित वरिष्ठ जजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र और शारूख खान की टीम ने रवाना किया। इस मौके पर युवा जजपा नेता अख्तर अली खोरी ने कहा कि जननायक ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती के उत्सव पर सीकर राजस्थान में किसान विजय सम्मान दिवस एक ऐतिहासिक रैली होगी।जिसमें हरियाणा और राजस्थान से कार्यकर्ताओं के साथ जजपा की नीतियों में विश्वास रखने वाले लोगों का बड़ा हुजूम शामिल होगा।

# फसल अवशेषों को अतिरिक्त आय का जरिया बनाएं किसान : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के किसानों का आह्वान किया कि वे सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना का पूर्ण लाभ उठाएं । किसान कृषि यंत्रों से धान की पराली को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्राबेलर मशीन से पराली की गांठे बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन की नीति अपनाकर आय का अतिरिक्त स्त्रोत बना सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा है कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन की महत्वपूर्ण योजना क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके तहत किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों सुपर सीडर, जीरो टीलेज मशीन, स्ट्राचोपर, हैपीसीडर एवं रिवर्सिबल प्लो अनुदान पर दिया जाता है। किसान इन कृषि यंत्रों का प्रयोग करके पराली को मिट्टी में मिलाकर जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्रा बेलर मशीन से पराली की गांठे बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं।

### फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ लाफ होगी सख्त कार्रवाई

**उपायुक्त** ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों से जुर्माना वसूल किया जाएगा। एक एकड़ में लगभग दो टन पराली का उत्पादन होता है। इसकी गांठ बेचने पर लगभग 3600 रुपए की किसान की आमदनी होती है तथा किसानों द्वारा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने से एक हजार प्रति एकड़ तक का लाभ दिया जाता है। इस प्रकार से किसान को पराली न जलाने पर लगभग 4600 रूपए की राशि का अतिरिक्त लाभ होता है।

## परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा जनसंवाद कार्यक्रमों में सुनेंगे लोगों की शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिले** के फिरोजपुरझिरका विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों में कल 25 सितंबर को जनसंवाद कार्यक्रम होंगे, जिसमें परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान करेंगे।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग्टा ने बताया कि 25 सितंबर को फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के गांव कोलगांव, अखनाका, हिरवाड़ी, फिरोजपुर झिरका शहरी क्षेत्र, महालाका में जनसंवाद कार्यक्रम होंगे। इस जनसंवाद कार्यक्रमों में जिले के सभी अधिकारी उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने जनसंवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जिसमें खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फिरोजपुर झिरका द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित बीडीपीओ गांवों में पूर्ण साफ-सफाई व आमजन के बैठने के लिए समस्त व्यवस्था करवाएंगे। सिविल सर्जन नूंह द्वारा इन कार्यक्रमों में डॉक्टरों की टीम सहित एक एंबुलेंस भिजवाई जाएगी।

अधीक्षक अभियंता, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नूंह इन कार्यक्रम स्थलों पर बिजली की सुचारू रूप से व्यवस्था करवाएंगे। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता गांवों में कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इन कार्यक्रमों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और आवश्यक प्रबंध व शिकायतों का निपटान कराना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड की बुजुर्ग महिला ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन



**तावडू।** नगर पालिका के वार्ड नंबर एक सैनीपुरा में गालियों के निर्माण पर एक करोड़ 58 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। रविवार को वार्ड की निवासी एक बुजुर्ग महिला ने नारियल फोड़ इसका उद्घाटन किया। हालाँकि नगर पालिका का कार्यकाल पूरा होने के पांच महीने बाद सैनीपुरा वार्ड एक की गलियों का पुनर्निर्माण होने जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डा.ज्योति सैनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रही। सैनीपुरा की पूर्व पार्षद डा. ज्योति सैनी ने कहा कि पिछले लंबे समय से वह गली निर्माण हेतु विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काट रही थी। कई बार नगर आयुक्त रेनु सोगन को भी गली निर्माण की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि हालांकि नगर पालिका का कार्यकाल अब खत्म हो गया है लेकिन उनके प्रयासों का अब परिणाम सामने आया है।जिससे वार्ड के लोगों को जल्द ही उबड़ खाबड़ हो चुकी गलियों से राहत मिलने वाली है। करीब एक करोड़ 58 लाख की लागत से आधा दर्जन गलियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। छह महीने के अंदर गलियों का निर्माण पूरा किया जाना है। रविवार को स्थानीय प्रशासन सहित वार्ड एक के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सराय ख्वाजा की बेटियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने राष्ट्रीय बेटी दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय की जेआरसी एवं एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि राष्ट्रीय बेटी दिवस कार्यक्रम बनाने के लिए हमारा देश भारत प्रशंसा का पात्र है। सांस्कृतिक, सामाजिक और व्यक्तिगत मान्यताओं के आधार पर भिन्न भिन्न लोग अलग अलग कारणों से बेटी दिवस मना सकते हैं। यह दिन लड़कियों के लिए अतिरिक्त संभावनाओं को प्रोत्साहित करता है और लिंग असंतुलन के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जो लड़कियों को उनके लिंग के आधार पर विश्व स्तर पर भुगतना पड़ता है। स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी अधिकार, पोषण और भेदभाव के खिलाफ सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरदस्ती बाल विवाह तक पहुंच उन क्षेत्रों के कुछ उदाहरण हैं, जहां असमानता है।

### पं. दीनदयाल की जयंती पर 25 को होगा कार्यक्रम


**चंडीगढ़।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितम्बर को उनके जीवन वृतांत पर विधानसभा स्तर के भव्य कार्यक्रम का आयोजन पिंजौर में होगा। जिसमें भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री बीप्लब कुमार देब मुख्य अतिथि के रूप में आयेंगे पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करवाए। जानकारी मुताबिक भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रखर राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितम्बर को उनके जीवन वृतांत पर विधानसभा स्तर के भव्य कार्यक्रम का आयोजन पिंजौर में करवाया जा रहा है।जिसमें भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब मुख्य अतिथि के रूप में हम के सब बीच उपस्थित रहेंगे।

### श्री श्याम डाक ध्वजा यात्रा की तैयारियां संपन्न हुई



**फिरोजपुर झिरका।** श्री श्याम सखा मंडल के सौजन्य से श्री श्याम परिवार महासंघ के संस्थापक ललित मोहनाचार्य के सानिध्य में 27 फरवरी बुधवार को निकल जा रही श्री श्याम डाक ध्वज यात्रा को लेकर श्याम प्रेमियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक रूप से सभी तैयारी संपन्न कर ली गई है। उक्त सभी जानकारी देते हुए श्री श्याम परिवार महासंघ (बृज, राठ, मेवात) के अध्यक्ष मनोज जी तायल ने बताया कि श्री श्याम डाक ध्वजा की सारी तैयारियां संपन्न हो चुकी हैं। श्याम बाबा की भव्य रंग बिरंगी गोटेदार ध्वजा राजस्थान से बनवाई गई है। जिसमे दो चांदी के छतर एवं एक चांदी की ध्वजा लगाई गई है। सभी श्याम प्रेमी एक ही तरह की वेशभूषा में देखने को मिलेंगे। जिसमें बाबा के भोग के लिए 56 भोग, चूरमा, पान बीड़ा एवं विभिन्न प्रकार की मेवा तैयार की गई हैं। सभी श्याम प्रेमी पूरे जोश से बाबा की इस यात्रा के लिए तैयार हैं। सर्वप्रथम बाबा की यात्रा ध्वजा पूजन के उपरांत दुर्गा देवी मंदिर से शुरू की जाएगी। जोकी शहर के मुख्य बाजार से होकर श्री गोपीनाथ जी मंदिर पहुंचेगी, गोपीनाथ जी मंदिर से ठीक सुबह साढ़े छह बजे डाक ध्वजा यात्रा शुरू की जाएगी। आप सभी से निवेदन है कि आप सभी देवी मंदिर एवं गोपीनाथ जी मंदिर पहुंचकर सभी श्याम प्रेमियों का उत्साह वर्धन अवश्य करें और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का भाजपाइयों ने फूंका पुतला



**मेवात।** बीते दिन कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान द्वारा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के खिलाफ गलत व निम्न स्तर के शब्दों के प्रयोग करने के खिलाफ आज भाजपा नेताओं ने भाजपा कार्यालय, नूँह पर उदयभान का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस पार्टी माफी माँगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, जिला महामंत्री शिव कुमार आर्य बंटी, जाहिद हुसैन पूर्व चेयरमैन, जिला विस्तारक बलविन्द्र सिंह जोगी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, कमल प्रकाश सैनी, जयपाल जांगड़ा, गंगादान डागर, सुभाष भारद्वाज, मंडलाध्यक्ष हेमराज शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

**लोकसभा** में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो। सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत- इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं। सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की। तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं।

# जी-20 में जलवायु परिवर्तन मुद्दा

**जी20 सम्मेलन की दिल्ली घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए समावेशी व समतापूर्ण दृष्टिकोण रखा गया है जिसमें स्थानीय परिस्थितियों पर भी ध्यान दिया गया है।**



**स्मिता अग्रवाल**
(लेखिका, दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)




भारत की अध्यक्षता में हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित जी20 के शिखर सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुम्बकम' का नारा रखा गया। इसके साथ ही 'एक धरती, एक परिवार' की भावना ने सारी दुनिया के लिए समावेशन व समता की भावना भी प्रदर्शित की गई। 9 सितंबर, 2023 को शुरू हुए शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली के नेताओं ने एक घोषणापत्र तैयार किया। सम्मेलन में उपस्थित सभी देशों की सहमति से 'दिल्ली घोषणा' नामक इस घोषणापत्र को स्वीकार किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में पैदा विश्वास के संकट को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में विश्वास का यह संकट दूर करने की आवश्यकता है क्योंकि पूरी दुनिया इस समय मानव-निर्मित व प्राकृतिक आपदाओं का संकट झेल रही है। यह संकट दुनिया के अनेक भागों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देशन में तैयार दिल्ली घोषणा में समावेशन के मूलभूत आयाम पर जोर दिया गया है। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि समावेशन की यह अवधारणा भारतीय सभ्यता का अंतर्निहित मूल्य है।

उन्होंने कहा कि इस भारतीय सभ्यतामूलक मूल्य के आधार पर हम दुनिया भर में विभिन्न देशों तथा संगठनों व व्यक्तियों के बीच पैदा विश्वास के इस संकट का समाधान करते हुए वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए सहमति तैयार कर सकते हैं, फिर चाहे ये समस्यायें मनुष्यों के व्यवहार से पैदा हुई हों अथवा जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण के कारण पैदा होने वाली प्राकृतिक आपदायें हों। जी20 के नई दिल्ली सम्मेलन में सभी देशों द्वारा स्वीकृत घोषणा में इन आयामों को रेखांकित किया गया है।

वर्तमान समय में दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध की जटिल पहेली सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। इसके कारण न केवल रूस और यूक्रेन, बल्कि दुनिया के विभिन्न देशों के बीच तनाव व आक्रामक व्यवहार के कारण तृतीय विश्व युद्ध का खतरा पैदा होने तक की बातें कही जाने लगी हैं। ऐसे समय में संपूर्ण मानवजाति को किसी भावी युद्ध की विभीषिका से बचाने तथा उसका अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए यह 'विश्वास का संकट' दूर करना जरूरी हो गया है। इस दिशा में भारत द्वारा एक समग्र व समावेशी घोषणा तैयार करने के साथ ही अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थाई सदस्य बनाने का प्रस्ताव किया जो 55 अफ्रीकी देशों का प्रतिनिधित्व करता है। यह जी20 के इतिहास में एक अत्यधिक उल्लेखनीय कदम है। अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल करने से इस संगठन की यह छवि टूटती है कि यह केवल दुनिया के अमीर देशों का प्रतिनिधित्व करता है।

इस प्रकार अफ्रीकी संघ को शामिल करना समावेशन तथा समता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे 'वैश्विक उत्तर' व 'वैश्विक दक्षिण' का विभाजन काफी सीमा तक समाप्त हुआ है और यह मंच अब जी21 बन गया है। इसके साथ ही अफ्रीकी संघ को शामिल करने से एक क्षेत्रीय मंच द्वारा बहुपक्षीय संगठन में सहयोग का नया अध्याय खुला है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य विश्वास का वह संकट दूर करना है जो अनेक देशों के संकुचित राष्ट्रवाद के कारण खासकर अफ्रीका में नस्ली टकराव का कारण बना था। नई दिल्ली में नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में दुनिया के सभी लोगों के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित व समावेशी विकास गा आधार तैयार किया गया है। 'दिल्ली घोषणा' में स्पष्ट रूप से दुनिया के सभी देशों द्वारा एकजुट होकर टिकाऊ विकास लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रकट की गई है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ ने दुनिया की समस्त मानवता की समग्र प्रगति के लिए टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का निर्धारण किया है तथा वह इनको समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रेरणा दे रहा है। दिल्ली घोषणा में इस आयाम पर जोर देने से 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' से अलग हट कर अब पूरी दुनिया की सहभागी प्रतिबद्धता पर जोर दिया जा रहा है। सारी दुनिया को प्रताड़ित करने वाली असमानता, भूख, स्वास्थ्य संकट, आदि विभीषिकाओं का मुकाबला करने के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को महत्व देने की बात की गई है। घोषणा में शामिल वित्तीय समावेशन की अवधारणा ने दुनिया भर में व्याप्त आर्थिक असमानता दूर करने की मांग की है। इससे यह महत्वपूर्ण तथ्य भी रेखांकित होता है कि टिकाऊ विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में धीमी प्रगति का प्रमुख कारण आर्थिक असमानता है।

नई दिल्ली में भारत के नेताओं द्वारा तैयार घोषणा में जेंडर समानता लाने तथा दुनिया भर में जेंडर विभाजन समाप्त करने पर जोर दिया गया है। इसमें उन क्षेत्रों पर खास जोर दिया गया है जहां महिलायें या तो 'अदृश्य' हैं या पूरी तरह गायब हैं। दिल्ली घोषणा में खासकर पुरुषों व महिलाओं के बीच 'डिजिटल विभाजन' समाप्त करने पर जोर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की एजेंसी 'इंटरनेशनल टेलीकम्युनीकेशन यूनियन' द्वारा जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं और पुरुषों के बीच भारी डिजिटल विभाजन है जिसके कारण महिलाओं के वित्तीय समावेशन तथा प्रगति में बाधा आ रही है। इसके साथ ही घोषणा में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों पर जोर दिया गया है जिसके कारण महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण आवश्यकताओं पर व्यापक हानिकारक प्रभाव पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण बरसात तथा फसल चक्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिससे खाद्यान्नों का उत्पादन घटा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य शोधकर्ताओं की रिपोर्टों के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन घटने के कारण इनकी कीमतें बढ़ रही हैं।

इससे पैदा होने वाला खाद्यान्न संकट पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा प्रभावित करता है। इस प्रकार इस खतरनाक स्थिति को रेखांकित कर 'दिल्ली घोषणा' ने एक बार फिर नीतिगत हस्तक्षेपों व समावेशन को केन्द्रीय मंच पर ला दिया है। इस घोषणा में एक बहुपक्षीय संस्थान बनाने की पैरवी की गई है जिसे 'ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस' का नाम दिया गया है। यह गठबंधन सभी देशों के लिए खुला है। इसका उद्देश्य फासिल ईंधनों पर निर्भरता का मुकाबला करने के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाना है। इससे उस हानिकारक उत्सर्जन में कमी आएगी जो मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन का जिम्मेदार है।

इस एलायंस में शामिल होने वाले जी20 व अन्य देशों से उन विकासशील देशों की हिचक दूर हो सकती है जो उत्सर्जन में लक्षित कटौतियों का विरोध करते रहे हैं, जबकि जलवायु परिवर्तन सभी विभिन्न घोषणाओं तथा विभिन्न अन्य दस्तावेजों में इनको जरूरी बताया गया है। इसके साथ ही इसमें वह रणनीति, योजना व सहयोग रेखांकित किया गया है जिसके आधार पर बायोईंधनों के उत्पादन से पूरी मानवजाति को लाभ हो सकता है। इस प्रकार जी20 के दिल्ली सम्मेलन द्वारा स्वीकार 'दिल्ली घोषणा' ने जलवायु संकट से निपटने के अनेक नए आयाम खोले हैं। इस घोषणा में सभी देशों का आह्वान किया गया है कि वे विकासशील देशों की सहायता के लिए कम खर्च वाले विकल्प तैयार करें ताकि वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की ओर सहज परिवर्तन हो सके तथा इससे उनका विकास एजेंडा भी न प्रभावित हो। दिल्ली घोषणा में वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को प्राप्त करने के प्रयासों को 'तिगुना' करने का आह्वान किया गया है, हालांकि इसके लिए प्रत्येक देश की राष्ट्रीय परिस्थितियों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

इस प्रकार स्थानीय आवश्यकताओं व परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एकजुट प्रयासों के माध्यम से ऊर्जा के टिकाऊ व नवीकरणीय स्त्रोतों की ओर बढ़ने पर जोर दिया गया है। दिल्ली घोषणा में 5.8-5.9 ट्रिलियन डालर की आवश्यकता बताई गई है जो विकासशील देशों को 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों में परिवर्तन करने में सहायक होगा। घोषणा में इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामूहिक, गणना योग्य व पारदर्शी वित्तीय प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। इस प्रकार 'दिल्ली घोषणा' ने उन कमियों को रेखांकित किया है जिनके चलते जलवायु परिवर्तन से निपटने में वैश्विक सहयोग में बाधा आ रही है। वर्तमान परिस्थितियों पर गौर करते हुए इस घोषणा में अपनी स्थानीय परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए सारी दुनिया के सहयोग का आह्वान किया गया है।

# भारत के लिए आसान नहीं है मुद्रास्फीति से लड़ना

> "अगस्त महीने के लिए भारत की आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 6.83 प्रतिशत है जो पिछले महीने की दर से 7.44 प्रतिशत से नीचे है। यह अभी भी 6 प्रतिशत की अधिकतम दर से ऊपर है जो भारतीय रिजर्व बैंक की रेडलाईन है।"



**भारत** की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है।

अगस्त महीने के लिए भारत की आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 6.83 प्रतिशत है जो पिछले महीने की दर से 7.44 प्रतिशत से नीचे है। यह अभी भी 6 प्रतिशत की अधिकतम दर से ऊपर है जो भारतीय रिजर्व बैंक की रेडलाईन है। जब से मौद्रिक नीति 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य पर स्थानांतरित हुई है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए मुद्रास्फीति का स्वीकार्य बैंड 2 से 6 प्रतिशत के बीच है। पिछले बारह महीनों में यह सातवीं बार है जब मासिक मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी से ऊपर है। क्या यह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए चिंताजनक नहीं होगा? उन्हें मुद्रास्फीति को कम करने के लिए धन की आपूर्ति और सख्त करने की आवश्यकता है लेकिन इस उम्मीद में कि मुद्रास्फीति अपने आप कम हो जाएगी उन्होंने ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का विकल्प चुना है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी संकेत दिया है कि मुद्रास्फीति कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी।

भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उपभोग टोकरी में लगभग 450 विभिन्न वस्तुओं का भारित औसत शामिल है जो ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग है परन्तु इसका लगभग 49 प्रतिशत भोजन और संबंधित वस्तुओं में चला जाता है। इसलिए यदि खाद्य मुद्रास्फीति अधिक है तो स्वाभाविक रूप से समग्र मुद्रास्फीति अधिक होती है।

खाद्य मुद्रास्फीति जो लगभग 49 प्रतिशत है, वर्तमान में 10 प्रतिशत पर चल रही है। इसका कारण सब्जियों, तिलहनों, दालों, दूध और यहां तक कि अनाज की बढ़ती कीमतें हैं। भारत ने निर्यात पर प्रतिबंध लगाने या विभिन्न कृषि उत्पादों पर भारी निर्यात कर लगाने के संयोजन का उपयोग किया है। इनमें गेहूं, चावल, चीनी और प्याज शामिल हैं। यह उन किसानों की कमाई को प्रभावित करता है जो निर्यात से आकर्षक मुनाफे पर नजर रख रहे थे। उदाहरण के लिए भारत ने 2022 में 70.40 लाख टन उबला हुआ चावल निर्यात किया था लेकिन अब इस पर 20 फीसदी का जबरदस्त निर्यात शुल्क है।दुनिया के चावल निर्यात में भारत का हिस्सा 40 प्रतिशत है और भारत के प्रतिबंधों ने दुनिया में चावल की अतिरिक्त कमी पैदा कर दी है। भारत से निर्यात प्रतिबंधों ने चीन, फिलीपींस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और नाइजीरिया जैसे आयातक देशों को प्रभावित किया है। फिलीपींस में चावल की भारी कीमतों के कारण एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। क्या प्रतिबंध या निर्यात कर ने भारत में चावल की मुद्रास्फीति को कम कर दिया है? वास्तव में नहीं, क्योंकि स्पष्ट रूप से टूटे हुए चावल (जिस पर निर्यात कर लागू होता है) का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए हो रहा है। कारों के लिए ईंधन बनाने के लिए खाद्यान्न का उपयोग करना एक विवादास्पद नीति है, खासकर उस समय जब दुनिया उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का सामना कर रही है। फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (एफएओ) का चावल मूल्य सूचकांक अगस्त में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है और अब यह 15 साल के उच्च स्तर पर है। इस तरह भारत में महंगाई फैलनी तय है। इथेनॉल नीति कीमती डॉलर को बचाने की कोशिश से प्रेरित है जिसे हम कच्चे तेल के आयात पर खर्च करते हैं। तो भी अगर घरेलू खाद्य मुद्रास्फीति डॉलर भुगतान करने की कीमत है तो हमें ईंधन उत्पादन के लिए खाद्य फसलों का उपयोग करने के बारे में सावधानीपूर्वक सोचना होगा। खाद्य मुद्रास्फीति से परे कच्चे तेल के बारे में हमारा नजरिया भी उच्च कीमतों की आशंका बढ़ाता है। रूस और सऊदी अरब द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण तेल की कीमतें पहले ही 85 डॉलर को पार कर गई हैं और ऊंची ही बनी रहेंगी। चूंकि यह भारत के आयात पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है इसलिए संभावना है कि भारतीय रुपया 83 से 85 तक गिर जाएगा। तेल आयात बिल को केवल सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं के उम्मीद से अधिक निर्यात से हराया जा सकता है। ऐसा कहना आसान है लेकिन इसे अमल में लाना कठिन है क्योंकि सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से मंदी नजर आ रही है। बेशक, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण बहुत मजबूत बना हुआ है। उद्योग निकाय नैसकॉम द्वारा ऐसा ही संकेत दिया गया है। खाद्य मुद्रास्फीति तेल की कीमतों और डॉलर की विनिमय दर में गिरावट के अलावा राजकोषीय घाटे का आकार मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का प्रमुख योगदान है। भारत उच्च घाटे में चल रहा है और राष्ट्रीय ऋण भी बढ़ रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के सभी प्रयास व्यर्थ प्रतीत होते हैं।

बेशक, महामारी के दौरान घाटे को बढ़ाना पड़ा क्योंकि सरकार को मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाले ऋण और पर्याप्त तरलता के रूप में आपातकालीन बचाव उपायों का उपयोग करना पड़ा लेकिन कुछ फैसलों से भौंहें तन सकती हैं। उदाहरण के लिए, 48 महीने से अधिक समय से चल रही मुफ्त खाद्यान्न योजना से सरकारी खजाने पर कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के लिए मंत्रिमंडल ने हाल ही में 10.7 खरब रुपये के पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की। एक संसदीय प्रश्न के उत्तर के अनुसार पिछले 9 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 14.56 लाख करोड़ रुपये के खराब ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया है। इसके राजकोषीय निहितार्थ हैं क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इक्विटी पूंजी बैंकों में डाली जानी है।

# खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव

**खालिस्तान** आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था।

1947 में भारत को ब्रिटेन से आज़ादी मिलने के बाद, कुछ लोगों ने नहीं सोचा था कि इतने सारे अलग-अलग क्षेत्रों वाला देश एक साथ रह सकता है। भारत एकजुट रहने में कामयाब रहा है, लेकिन इसकी एकता के लिए चुनौतियां भी बनी रही हैं। एक महत्वपूर्ण चुनौती खालिस्तान आंदोलन है, जो सिखों के लिए एक अलग देश बनाना चाहता है। 18 सितंबर को केनेडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि खालिस्तान की आजादी का समर्थन करने वाले कनाडाई सिख नेता की गत जून में की गई हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट जिम्मेदार थे। भारत सरकार किसी भी संलिप्तता से इनकार करता है और केनेडा पर आतंकवादियों और अलगाववादियों को पनाह देने का आरोप लगाता है। कितना गंभीर है खालिस्तान आंदोलन?

खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। उनके सुधार, जिन्हें खालसा परंपरा के रूप में जाना जाता है, ने सिख धर्म के तौर-तरीकों को बदला तथा उन्हें अनुयायियों को नये ढंग से संगठित किया। इसका एक राजनीतिक उद्देश्य भी था, पंजाब में सिख शासन स्थापित करना।

जब भारत को आजादी मिली, तो कुछ सिख अपना अलग देश बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी संख्या ज़्यादा नहीं थी। 1941 की जनगणना के अनुसार ब्रिटिश काल के भारतीय पंजाब प्रांत में सिक्खों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत थी। अंग्रेज़ों ने पंजाब को दो भागों में बांट दिया, कुछ हिस्सा भारत को और कुछ पाकिस्तान को दे दिया। पाकिस्तान की ओर रहने वाले अधिकांश सिखों ने भारत आने का फैसला किया।

इसके खालिस्तान बनाने का विचार दूर नहीं हुआ। यह 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में ब्रिटेन और केनेडा जैसे देशों में सिख समुदायों द्वारा संचालित होकर वापस आया। 1980 में, लंदन में जगजीत सिंह चौहान नाम के एक डॉक्टर ने खालिस्तान गणराज्य का अध्यक्ष होने का दावा किया।

भारत सरकार पहले खालिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थी क्योंकि वे भारत के एक राज्य पंजाब की राजनीति को लेकर ज्यादा चिंतित थे। 1970 के दशक में, पंजाब में लोग अधिक स्व-शासन और सिखों के पक्ष में नीतियों की मांग कर रहे थे। उस समय भारत में सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस ने सोचा कि ये अनुरोध भारत से अलग होने की दिशा में एक कदम था। 1980 के दशक में पंजाब में स्वशासन की यह मांग हिंसात्मक आंदोलन में बदल गई।

कुछ हिंसा इसलिए हुई क्योंकि अधिक से अधिक लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुसरण कर रहे थे, जो एक चरमपंथी विचार वाले उपदेशक थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में सिख गुलाम की तरह थे और वे चाहते थे कि वे अपने धर्म की मूल मान्यताओं पर वापस लौटें। भिंडरावाले ने खुले तौर पर खालिस्तान की आजादी की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर इसकी पेशकश की गई तो वह इनकार नहीं करेंगे। उनके शब्दों ने लोगों के विभिन्न समूहों के बीच हिंसा को और भी बदतर बना दिया।

सबसे महत्वपूर्ण क्षण 1984 में हुआ। उस समय, भिंडरावाले और उसके अनुयायियों ने पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थान स्वर्ण मंदिर पर कब्जा कर लिया था। वे वहां से अपने विद्रोह का नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही राज्य में हिंसा फैली, भारत सरकार ने आतंकवादियों को हटाने के लिए मंदिर में जाने का निर्णय किया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार का खालिस्तान आंदोलन पर काफी प्रभाव पड़ा। अनुमान है कि इस ऑपरेशन के दौरान 3,500 से अधिक लोगों की जानें चली गईं, जिनमें कई सरकारी सैनिक, तीर्थयात्री और यहां तक कि खुद भिंडरावाले भी शामिल थे। इस हिंसा ने सिख समुदाय पर गहरा असर डाला और एक स्थायी भावनात्मक घाव पैदा कर दिया। कुछ ही समय बाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्होंने ऑपरेशन का आदेश दिया था, की उनके सिख अंगरक्षक द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना के कारण और भी अधिक हिंसा हुई, पूरे भारत में सिखों पर हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गये।

परिणामस्वरूप, खालिस्तान आंदोलन को बल मिला। भारत और अन्य देशों में सिख इस मुद्दे में शामिल हो गये और खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंसा बढ़ गई। 1985 में खालिस्तानी आतंकियों ने मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान में बम रख दिया था। इस भयावह कृत्य के परिणामस्वरूप 329 लोगों की जानें चली गई, जिनमें मुख्य रूप से कनाडाई थे।

समय के साथ भारत में खालिस्तान आंदोलन कमजोर पड़ गया। यह कुछ हद तक सरकारी कार्रवाइयों और अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण था। जबकि कुछ सिख अभी भी भिंडरावाले को एक शहीद के रूप में देखते हैं, बहुत कम लोग उसके रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं, और जो ऐसा करते हैं उन्हें तुरंत रोक दिया जाता है। खालिस्तानी स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी को हालिया राज्य चुनाव में 3 प्रतिशत से कम वोट मिले। भारत के बाहर खालिस्तान आंदोलन सक्रिय रहता है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और केनेडा में ऐसे समूह हैं जो अभी भी अलगाववाद की वकालत करते हैं। निज्जर की हत्या और ट्रूडो के भारत पर आरोप लगने से पहले से ही केनेडा के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण थे। इसी तरह का तनाव दूसरे देशों के साथ भी पैदा हो सकता है। खालिस्तान का मुद्दा भारत की आंतरिक एकता के लिए फिलहाल खतरा नहीं हो सकता है, परन्तु इसका उसकी विदेश नीति पर प्रभाव पड़ना जारी है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# योग्यता को अहमियत देने वाली पदोन्नति नीति लागू करने जा रही हरियाणा सरकार

## 3.3 लाख कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी की जायेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार अपने कर्मचारियों के लिए पदोन्नति नीति में परिवर्तन करने जा रही है । यह परिवर्तन करके 3.3 लाख कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी की जायेगी। नई पदोन्नति नीति में वरिष्ठता सह योग्यता की मौजूदा प्रणाली को नई पारदर्शी योग्यता-सह-वरिष्ठता प्रणाली से बदलने की तैयारी है।

इसके तहत योग्य उम्मीदवारों को पदोन्नति के लिए परीक्षा या साक्षात्कार से रू-ब-रू होना पड़ सकता है। साथ ही कर्मचारियों के कुछ कौशल स्तर को भी चयन प्रक्रिया में महत्व दिया जा सकता है।



### नई पदोन्नति नीति के मुख्य बिंदु

- वरिष्ठता सह योग्यता को योग्यता सह वरिष्ठता से बदलने की तैयारी
- योग्यता संकेतकों में परीक्षण, साक्षात्कार और कुछ कौशल शामिल होंगे
- कर्मचारियों की पदोन्नति में वरिष्ठता और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट भी प्रासंगिक रहेंगे
- चयन प्रक्रिया में कर्मचारियों के कुछ कौशल को भी महत्व दिया जा सकता है

विभिन्न विभागों के प्रमुखों और प्रशासनिक सचिवों के साथ व्यापक चर्चा के बाद इस नई पदोन्नति नीति को अंतिम रूप दिया गया है। नीति को कानूनी रूप से मजबूत बनाने के लिए राज्य के महाधिवक्ता और कानूनी विशेषज्ञों की भी राय पहले ही ले ली गई है। नीति को अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री को सौंप दिया गया है।

अभी हरियाणा में वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट सहित वरिष्ठता और सेवा रिकॉर्ड की सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका है। मौजूदा पदोन्नति नीति के तहत भाई-भतीजावाद के कई आरोप लगे हैं, जिससे पीड़ित कर्मचारी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट सहित अन्य कोर्ट जा रहे हैं। इन सब उलझनों से बचने के लिए सरकार नई नीति लाने जा रही है।नई पदोन्नति नीति में मौजूदा नीति की खामियों को दूर किया गया है। हालांकि वरिष्ठता और वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पदोन्नति में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम हरियाणा के लिए गौरव का विषय

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव और अमृत बेला में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है। इस अभियान के तहत 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर खंड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत सभी गांवों व वार्डों से मिट्टी एकत्र कर खण्ड स्तर पर ले जाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान जहां अन्न पैदा करके करोड़ों लोगों का पेट भरने का काम करते हैं, वहीं यहां के खिलाड़ी अपने देश की मिट्टी में खेलते हुए प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाते हैं और यहां के जवान अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने में गर्व महसूस करते हैं। इसलिए प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए मिट्टी का गहरा संबंध में और हरियाणा की इन्हीं गौरव गाथाओं को इस कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग आज से पद की प्राथमिकता भरवाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी के उम्मीदवारों से पद की प्राथमिकता भरवाएगा। इसके लिए आयोग ने एक सॉफ्टवेयर बनाया है, जिसका परीक्षण शुक्रवार को आयोग कर चुका है। परीक्षण के दौरान कुछ कमियां सामने आई थीं, जिन्हें अब दूर कर लिया गया है। अब सोमवार से आयोग उम्मीदवारों से प्राथमिकता भरवाने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। हरियाणा में ग्रुप-सी के तहत 32 हजार पदों पर भर्ती की जा रही है।

भर्ती के लिए आवेदकों ने अपनी योग्यता के अनुसार, इन पदों की श्रेणी को टिक मार्क के जरिए चुना था। उस समय आवेदकों से आयोग ने प्राथमिकता नहीं भरवाई थी। उस समय आयोग ने यह सोचा था कि जब किसी आवेदक का कई कैटेगरी में चयन होगा तब उससे प्राथमिकता भरवाएंगे, लेकिन अब आयोग ने यह फैसला बदल दिया है।

प्राथमिकता भरते समय आवेदक को श्रेणी के सामने रोमन में 1, 2, 3 या अन्य नंबर लिखना होगा। आवेदक को अगर लगता है कि वह श्रेणी नंबर 5 को पहली प्राथमिकता पर रखना चाहता है तो उसको उसके सामने रोमन में 1 नंबर लिखना होगा। इसी तरह अन्य श्रेणी में भी आवेदकों को यही प्रक्रिया अपनानी होगी। इसके बाद इसे सुपुर्द करना होगा। आवेदक जब अपनी श्रेणी को सुपुर्द कर देगा तो फिर इसका प्रिंट लेगा। इसके बाद इस प्रिंट लिए हुए पेपर पर हस्ताक्षर कर फिर से इसे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करेगा। अपलोड करने के बाद ही श्रेणी वाली प्रक्रिया पूरी होगी। सबसे अहम बात यह है कि जो डेटा पहले का है वह फ्रीज रहेगा। प्राथमिकता भरने के बाद यह डेटा भी फ्रीज हो जाएगा।

# रक्तदान जीवन दान, रक्तदान कर बचाई जा सकती है किसी की जान



रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते निगम पार्षद नीतू दहिया व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

## रक्तदान शिविर में 108 युवाओं ने किया रक्तदान

जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया व भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे व्यक्तियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर निगम पार्षद नीतू दहिया, स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह, रेडक्रॉस की पूर्व सचिव सरोज बाला व फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 108 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इनर व्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत प्रधान नीतू दहिया ने कहा कि छोटूराम धर्मशाला रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहते हैं। युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सके। सरोजबाला ने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान एकत्रित करके विभिन्न ब्लड बैंकों में भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीव दान होता है। इस अवसर पर वर्मा लैब के संचालक प्रवीण वर्मा, राजेश दहिया, अखिलेश कुमार, बुद्ध सिंह दहिया, रिंकू, पहलवान हवासिंह अंतिल,

## हरियाणा को नशा मुक्त करने को निकाली साइक्लोथॉन जागरूकता यात्रा

**यमुनानगर।** नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन यात्रा ने यमुनानगर क्षेत्र में पहाड़ीपुर नाका से प्रवेश किया। इस यात्रा को सढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह व जिला परिषद अध्यक्ष रमेश ठसका ने स्वागत किया। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने बताया कि ड्रग्स फ्री साइक्लोथॉन यात्रा में जिले के हजारों युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। नशा न करने का प्रण लेते हुए व युवाओं को नशा न करने का संदेश देते हुए यह यात्रा पहाड़ीपुर नाका, दोसडका चौक, सढौरा, रैस्ट हाउस बिलासपुर, शिव चौक बिलासपुर, जिला जेल रोड, रेस्ट हाउस जगाधरी से होती हुई अग्रसैन चौक जगाधरी में पहुंची। जिला परिषद अध्यक्ष रमेश ठसका ने बताया कि आज युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती जा रही है। इस गंभीर विषय को जहन में रखकर साईक्लोथॉन यात्रा के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर करने का संदेश दिया जा रहा है। अगर देश की भावी पीढ़ी नशे की लत में पड़ गई तो देश व प्रदेश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसलिए युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करना बेहद जरूरी है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुरुष व महिला पुलिस कंपनियों की हुई ड्रिल

## कंपनियों में दो पुरुष कंपनी, एक महिला कंपनी तथा एक शूटर टीम बनाई गई है

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**दंगा** नियंत्रण के लिए बनाई गई रैपिड एक्शन पुलिस फोर्स की आज पुलिस लाइन कैथल में ड्रिल की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक उपासना ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों के इक्विपमेंट चेक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार एसपी उपासना के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस से 3 कंपनियों का गठन किया गया है। कंपनियों में 2 पुरुष कंपनी, एक महिला कंपनी तथा एक शूटर टीम बनाई गई है। कंपनी के जवान लाठी-डंडा, टीयर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजीशन में रहेंगे। कंपनियों की रविवार को



ड्रिल के दौरान निर्देश देते हुए एसपी उपासना।

पुलिस लाइन में ड्रिल आयोजित की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक उपासना ने निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फोर्स के सभी जवानों को इक्विपमेंट दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। सभी जवान स्मार्ट, अलर्ट और डिसिप्लिन में रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस कर्मचारी व अधिकारी किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनियों में तैनात पुलिसकर्मी स्मार्ट, अलर्ट और अनुशासन में रहेंगे तथा पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे। एसपी उपासना ने बताया कि अगर जिले में कोई भी कानून व्यवस्था हेतु कोई दिक्कत आती है तो ये पुलिस बल किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेगी। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनके साथ कानूनी कार्रवाई तहत सख्ती से निपटा जाएगा।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह, डीएसपी गुहला सुनील कुमार, एसपी प्रवाचक एएसआई तरशेम, पुलिस लाइन प्रबंधक एसआई सतपाल सिंह, सीडीआई एचसी अजय कुमार, ओएचसी राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अस्पताल द्वारा गांव सिसाना में किया लोगों को जागरूक



गांव सिसाना में स्वास्थ्य जांच करते डाक्टर।

**सोनीपत।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नेहरू युवा स्पोर्ट्स क्लब सिसाना के सहयोग से जेके सिगनस हिंदू अस्पताल द्वारा गांव सिसाना में शिव भगत शिवालय मंदिर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों को नि:शुल्क सलाह, नि:शुल्क फर्स्ट एड, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, आंखों की जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। अस्पताल से आए चिकित्सा टीम के द्वारा उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

### पूंडरी में चल रही बदलाव की लहर: खुशप्रीत फरल



अपने समर्थकों के साथ संपर्क अभियान पर निकले खुशप्रीत।

**कैथल।** पूंडरी विधान सभा से भावी उम्मीदवार खुशप्रीत सिंह फरल ने हलके में जोर शोर के साथ जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने समर्थकों सहित अभियान की शुरुआत हाबड़ी व फरल से की। अभियान शुरू करने से पहले खुशप्रीत ने फल्गु ऋषि पर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पत्रकारों से बात करते हुए खुशप्रीत ने कहा कि पूंडरी की जनता खासकर युवा बेसब्री से विधान सभा चुनावों का इंतजार कर रहे हैं और पूर्णत: बदलाव के मूड में है। उन्होंने कहा कि वे पूंडरी के हर घर दस्तक देंगे और पूंडरी में विकास के नाम पर हो रहे घोटालों के बारे में अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पूंडरी हलका विकास के क्षेत्र में लगातार पिछड़ता जा रहा है। अभियान के दौरान बुजुर्ग, युवा और महिलाओं ने उत्साह के साथ चुनाव में आशीर्वाद और साथ देने का वादा किया। इस मौके पर उनके साथ सुरेंद्र विर्क पूर्व सरपंच प्रतिनिधि फरल, डॉ बलविंदर सिंह, मनिंदर सिंह, गौरव शर्मा, गुरप्रीत पूंडरी, देविन्दर चीमा आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा कर्मचारी महासंघ की मीटिंग कल

**कैथल।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला कैथल के प्रधान बलबीर गुंबर और जिला महासचिव बलवान कुंडू ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला कैथल आवश्यक मीटिंग 26 सितंबर को दो बजे नवग्रह चौक बिजली बोर्ड कैथल में बुलाई गई है।



बलबीर गुंबर और बलवान कुंडू।

मीटिंग में हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला के प्रत्येक विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। हरियाणा कर्मचारी महासंघ की राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को उनके घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन बहाल करवाने का मुद्दा था लेकिन सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने के बाद पुरानी पेंशन बहाल करवाने के मुद्दे से मुकर रहे हैं, उनको पुरानी पेंशन का मुद्दा याद दिलवाने के लिए 28 सितंबर को उचाना में प्रदर्शन कर ज्ञापन देने के प्रोग्राम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए विचार-विमर्श करके आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए जान की बाजी लगा देंगे: वीरभान

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**जन** शिक्षा अधिकार मंच कैथल का धरना आज 363वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता वीरभान हाबड़ी ने की। वीरभान ने कहा कि सरकार सुरेश द्रविड़ पर दर्ज एफआईआर तुरंत रद्द करे अन्यथा यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हम जान की बाजी लगा देंगे। जनतंत्र और लोकतंत्र हमारी रगों में बसा है, हम किसी भी प्रकार की तानाशाही को ध्वस्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की तानाशाही अब चरम पर पहुंच चुकी है क्योंकि लोकतंत्रिक तरीकों से आज लोगों की सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने दावा किया कि 28 सितंबर का प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा। यदि 28 के प्रदर्शन से पहले जिला प्रशासन या सरकार के प्रतिनिधि बातचीत करना चाहें तो हम उनका



धरने पर उपस्थित मंच से जुड़े कार्यकर्ता।

स्वागत करेंगे। प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल के सहसंयोजक बलबीर सिंह ने कहा कि प्रदर्शन 28 सितंबर को तीन से पांच बजे तक भाजपा कार्यालय पर किया जाएगा।

मंच के प्रैस प्रवक्ता सुरेश द्रविड़ ने कहा कि 28 सितंबर को धरना स्थल पर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई जाएगी तथा उनके साहित्य पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। समाज के बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध साथी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। भीम आर्मी के जिला प्रमुख राजेश बाबा लदाना ने कहा कि कल भीम आर्मी के राष्ट्रीय प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रावण को करनाल रोड हनुमान वाटिका से स्वागत करते हुए जिला सचिवालय कैथल पहुंचेंगे और धरना स्थल पर आशा वर्करों एवं जन शिक्षा अधिकार मंच द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का समर्थन किया जाएगा।

## अंबाला में बीजेपी विधायक को काले झंडे दिखाए

**चंडीगढ़।** अंबाला जिले में विकास कार्यों का शिलान्यास करने गए भाजपा विधायक असीम गोयल का कहीं स्वागत हुआ तो कहीं काले झंडे से विरोध का सामना करना पड़ा। विधायक गोयल गांव खैरा में सड़क और चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे थे।

यहां,कांग्रेस नेता जग्गा खैरा की अगुवाई में वर्कर्स ने काले झंडे दिखा विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ के दौरान विधायक गांव में नहीं आए। पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को कंट्रोल करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। विरोध कर रहे कांग्रेस वर्कर्स और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। उधर, कार्यक्रम में विधायक के समर्थन में नारेबाजी की गई। विधायक असीम ने मंच करारा जवाब देते हुए विपक्ष को नसीहत दी। कहा कि यह सिर्फ नफरत की राजनीति है। जिनके (कांग्रेस) यह चेले हैं, वे ऐसे मोहब्बत बांट रहे हैं। बाढ़ के दौरान खुद वह गांव खैरा में बोट लेकर आए थे। थाने-कचहरी की राजनीति में कुछ नहीं रखा।

# आईजी कॉलेज में हेल्दी रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**इंदिरा** गांधी पीजी महिला कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत हेल्दी रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बी.ए. की 30 छात्राओं ने भाग लिया जिनमें 15 ग्रुप शामिल थे।

कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्राओं व गृह-विज्ञान की प्राध्यापिका दीपिका को उनकी गतिविधि के कुशल संचालन की सराहना की। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अलग-अलग पौष्टिक पकवान बनाए जिसमें चिल्ली ब्रेड, हेल्दी ब्रेड पॉकेट, ग्रीन बर्ड नेस्ट, हरा-भरा कटलेट, कस्टर्ड मलाई सैंडविच, पनीर पॉपकॉर्न, ऑनियन लोटस, पनीर स्टिक, दही शोले, स्वीट कॉर्न कटलेट व हेल्थी बर्गर इत्यादि शामिल रहे। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने कहा कि इस वर्ष पोषण माह 'अरक्तता' को दूर करने के लिए उद्देश्य से मनाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य लौह तत्व युक्त रेसिपी बनाना रहा ताकि अनीमिया को दूर किया जा सके। परिणाम इस प्रकार रहे। सलोनी व प्रिया ने प्रथम, डिम्पल व नेहा ने दूसरा, दीक्षा एंड पलक ने तीसरा एवं दीक्षा व पिंकी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मौके पर होम साइंस की प्राध्यापिका दीपिका गुप्ता व स्टाफ से श्वेता तंवर उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में उपस्थित छात्राएं एवं कालेज स्टाफ।

# स्वास्थ्य सेवा में अधिक पूंजी लाने के लिए सहयोग की आवश्यकता : अश्वजीत सिंह

**पायनियर समाचार सवा।** गुरुग्राम / नोएडा

**21** सितंबर, 2023 को न्यूयॉर्क शहर में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय बैठकों के मौके पर आयोजित वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (ट्रिपल आई) के लॉन्च कार्यक्रम में यूएसएआईडी-समर्थित समृद्ध हेल्थकेयर मिश्रित वित्त सुविधा और इसके तकनीकी सहायता इकाई, आईपीई ग्लोबल को 37 अन्य अग्रणी संगठनों के बीच संस्थापक सदस्यों के रूप में घोषित किया गया।

टुवर्ड मोर रेसिलिएंट, इक्वीटेबल एंड सस्टेनेबल यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज बय 2030 कार्यक्रम जापान सोसाइटी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर आयोजित किया गया था, और इसमें यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक नेताओं ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स और जी7, जी20, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, यूनिसेफ और गावी के प्रतिनिधियों ने भाषण दिया।

स्वास्थ्य सेवा में अधिक पूंजी लाने के लिए सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए आईपीई ग्लोबल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने कहा, स्वास्थ्य सेवाओं और उत्पादों तक पहुंच की कमी आज मानवता के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। समय की मांग है कि रेसिलिएंट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप्स बनाई जाए जो वित्त पोषण के अंतर को पाट सके और क्षेत्र में निवेश की मात्रा को बढ़ाए, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज को उत्प्रेरित करे। हमें संस्थापक सदस्यों में से एक के रूप में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ट्रिपल आई में शामिल होने वाली पहली भारतीय इकाई होने पर गर्व है।

इस सहयोग के माध्यम से हम स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश जुटाने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने की दिशा में वैश्विक आंदोलन में शामिल हो रहे हैं और गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए सुलभ है यह सुनिश्चित करने में निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ा रहे हैं।

# सीएम के गोद लिए क्योड़क गांव के लोग भी दुखी: अनुराग ढांडा




प्रेस वार्ता में बोलते हुए अनुराग ढांडा।

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**आम** आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा आज यहां पत्रकारों से रूबरू हुए। इससे पूर्व उन्होंने गांव धुंधरेहड़ी में बाइक रैली निकाली। इसके पश्चात गांव मानस में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन दिनों अव्यवस्था का राज है। प्रदेश में अपराध राज चल रहा है और सरकार अपराध को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। समाज का हर वर्ग कर्मचारी किसान, महिलाएं और दिव्यांग सभी अपनी-अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, शिक्षा विंग प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर गोयत, सुमित हिंदुस्तानी, कृष्णानंद स्वामी, डॉ. अनिल रंगा, गेहल सिंह संधू, अमन रवीश, दिलबाग सिंह, पुरुषोत्तम सरपंच, सुरेश आदि थे।

# टाटा एआईए सर्वोच्च गुणवत्ता वाले एमडीआरटी सलाहकारों की संख्या के लिहाज से वैश्विक स्तर पर 5वें और भारत में पहले स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / फरीदाबाद

TATA AIA
LIFE INSURANCE

**भारत** की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) को एमडीआरटी क्वालिफाइड (योग्यता प्राप्त) सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या के लिए दुनिया के शीर्ष 5 बीमाकर्ताओं में स्थान दिया गया है।

कंपनी के पास एक जुलाई, 2023 तक प्रतिष्ठित एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) लीग के लिए क्वालीफाई करने वाले कुल 1,978 सलाहकार थे। एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों को जीवन बीमा के क्षेत्र में उनके ज्ञान और विशेषज्ञता के स्तर को देखते हुए उद्योग में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस तरह, वे उपभोक्ताओं को सटीक सलाह देने और उन्हें उनके जीवन के चरण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए हर तरह की योग्यता से लैस होते हैं। टाटा एआईए की एक और उपलब्धि यह रही कि क्वालिफाइड महिला एमडीआरटी सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या (936) के लिहाज से यह वैश्विक स्तर पर 9वें और भारत में पहले स्थान पर है। कंपनी, पहली बार इस मोर्चे पर दुनिया की शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल हुई।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य एजेंसी अधिकारी, अमित दवे ने कहा, इतने सारे टाटा एआईए सलाहकारों को वैश्विक मान्यता पाते और इतना विशिष्ट सम्मान हासिल करते हुए देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। टाटा एआईए में हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ताओं को मूल्य श्रृंखला में, विशेषकर सलाहकारों से बेहतरीन सलाह और अनुभव मिले। इसे संभव बनाने के लिए, हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे सलाहकारों को उद्योग के लिहाज से अग्रणी प्रशिक्षण, आगे बढने में मदद और कैरियर में तरक्की के अवसर मिलें। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी वेंकटचलम एच ने कहा, सबसे अधिक एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकार के साथ, दुनिया के शीर्ष पांच बीमाकर्ताओं में शामिल होना और भारत में सपहला स्थान प्राप्त करना, वास्तव में शानदार अहसास है। यह एजेंसी नेटवर्क और हमारे मालिकाना (प्रॉपराइटरी) चैनल में हमारे सलाहकारों के समर्पण और प्रतिबद्धता के कारण संभव हुआ।

सोमवार को सीकर में देवीलाल जयंती मनाएगी जेजेपी, राजस्थान में बजाएगी चुनावी बिगुल

# राजस्थान: कांग्रेस सरकार से परेशान लोग व्यवस्था परिवर्तन को तैयार, जेजेपी निभाएगी अहम रोल : दुष्यंत

## डिप्टी सीएम ने पीएम-सीएम पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी को बताया निंदनीय

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**जननायक** जनता पार्टी 25 सितंबर को देश के उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती को उनकी कर्मभूमि सीकर में %किसान विजय सम्मान दिवस% रैली करके मनाएगी। सीकर के जिला स्टेडियम में होने वाली इस विशाल रैली को लेकर जेजेपी द्वारा तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। रैली को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सहित हरियाणा और राजस्थान के कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। सीकर रैली में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों से लोग हिस्सा लेंगे।

चंडीगढ़ में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 25 सितंबर को जननायक चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती हैं और जेजेपी उनकी कर्मभूमि सीकर की पावन धरा पर देवीलाल जयंती मनाएगी। उन्होंने कहा कि देवीलाल के अनुयायी उन्हें नमन करने के लिए बढ़-चढ़कर सीकर पहुंचेंगे और लाखों लोग सीकर पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीकर की पावन धरा से ही चौ. देवीलाल सांसद बनकर देश के उपप्रधानमंत्री बने थे।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में आज कांग्रेस सरकार से परेशान लोग व्यवस्था परिवर्तन चाहते है और सीकर रैली से जेजेपी राजस्थान में बदलाव की नींव रखेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस के पोस्टरों में मिशन-2030 लिखा हुआ है जबकि राजस्थान की जनता 2023 में ही कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की तैयारी में है इसलिए जनता कांग्रेस को 2030 का मौका ही नहीं देगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस की गुलाबी गैंग की तरह प्रदेश को बर्बाद करने के लिए राजस्थान में भी गुलाबी गैंग बनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस सरकार हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन पर खर्च करके पैसे की बर्बादी कर रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार में पंजाब की तरह नशा बढ़ा है, माइनिंग माफिया हावी है, यूपी, बिहार की तरह आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी और महिलाएं सुरक्षित नहीं है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में पिछले 13 महीनों में 17 पेपर लीक के मामले सामने आएं है और भर्ती प्रक्रिया के तहत एक ही ब्लॉक में 200 सब इंस्पेक्टर की भर्ती और एक परिवार में तीन लोगों को नौकरी देकर भेदभाव किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालातों को देखते हुए राजस्थान की जनता बदलाव चाहती है और उसमें जेजेपी अहम कड़ी साबित होगी। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में जेजेपी 25 से 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारकर राजस्थान विधानसभा का ताला जेजेपी की चाबी से खोलने का काम किया जाएगा।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में व्यवस्था परिवर्तन के लिए कई पूर्व विधायक, अनुभवी राजनीतिक लोग निरंतर जेजेपी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी मजबूती से वहां चुनाव लड़ेगी और राजस्थान के हित में बदलाव के लिए कार्य करेगी। वहीं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा देश के प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री पर की गई एक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेता द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करना कांग्रेस नेताओं की सोच को दर्शाता है कि वे व्यक्तियों, महिलाओं के बारे में क्या सोच रखते है। उन्होंने कहा कि ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल करना बेहद निंदनीय है।

# फायर ब्रांड नेताओं के लिए अग्नि परीक्षा का होगा आज का दिन

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

### रैली की सफलता भाजपा व कांग्रेस हाईकमान को कर सकती है विवश

**पिछले** पांच साल से प्रदेश की राजनीति में अपने वाकयुद्व से चर्चा में रहने वाली चाचा भतीजे की जोड़ी के लिए आखिर वो दिन आ ही गया जिस दिन दोनों का परिणाम घोषित होना है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा कर अपने आप को बड़ा नेता घोषित करने वाले इन चाचा भतीजे की प्रतिष्ठा कैथल व सीकर की रैली की सफलता पर आ टिकी है। आज ताऊ देवीलाल जंयती के अवसर पर सीकर व कैथल में आयोजित होने वाली इस रैली को प्रदेश के दो बड़े फायर ब्रांड नेताओं के भविष्य के निर्धारण का दिन माना जा रहा है।

बात करें सीकर की तो प्रदेश की राजनीति में युवाओं के आईकन माने जाने वाले दिग्विजय सिंह चौटाला इस रैली की कमान स्वयं संभाले हुए हैं,वहीं छह महीने प्रदेश के लगभग 72 विधान सभा हलकों की छह सौ किलोमीटर की यात्रा कर चुके अभय चौटाला और उनके पुत्र भी कैथल रैली के दिन रात पसीना बहा चुके है।

आज जजपा व इनेलो के द्वारा आयोजित ये रैलियां मात्र चौधरी देवीलाल को श्रृद्वांजलि देने के लिए आयोजित नही की गई है। जजपा सीकर के बहाने अपनी राजनैतिक जमीन को देख रही है कि अपने पूर्वजों की राजनैतिक जमीन उनके लिए उपजाऊ है या बंजर हो चुकी है। राजनीति से जुड़े लोगों का मानना है निकट भविष्य में दिग्विजय को राजस्थान की राजनीति में स्थापित करने के लिए जजपा ने राजस्थान में इंट्री की है। विश्लेषकों का मानना है कि राजस्थान को दुष्यंत और दिग्विजय के राजनैतिक बटवारे के तौर पर भी देखा जा सकता है। दुसरा प्रदेश में भाजपा सरकार में साझा करने वाली जजपा की मंशा हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में सत्ता की चाबी जजपा के पास हथियाने व हरियाणा में आगामी चुनावों में अपने गठबंधन भाजपा के साथ मजबूत और नयापन देने की है।

वहीं, हरियाणा में अपने अस्तित्व में प्राण वायु देने की जुगत में लगी इनेलो ने भी इस रैली के सफल कराने की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए कैथल में सबसे बड़ा पंडाल लगा कर सबको हरैत में ड़ालने का काम किया है। कैथल रैली में गठबंधन के नेताओं के साथ कांग्रेस नेताओं के बारे आने व न आने के चर्चाओं के बाजार गर्म है। रैली में कांग्रेस से कौन नेता आ रहे है इसके साथ ही ट्रेजड़ी किंग नाम से प्रसिद्व भाजपा के पूर्व मंत्री विरेंद्र सिंह के रैली में शामिल होने व उनका भाषण भी भाजपा की धड़कने बढ़ा देने वाला होगा। भाजपा नेता विरेंद्र सिह पिछले साल भी इनेलो द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाग ले चुके है।

लेकिन इस बार वो जजपा के मुखर विरोधी के रूप में शामिल होकर कहीं ना कहीं भाजपा हाईकमान को भी हुड्डा की तरह अपना संदेश देना चाहते है कि यदि जजपा को गठबंधन को शामिल किया तो वो भी कोई दूसरा रास्ता इख्तिार कर सकते है। सार यह है कि ताऊ देवीलाल की यह जंयती उन्हें श्रृद्वांजलि देने के बहाने अपनी अपनी राजनैतिक जमीन को खोजने व उसमें स्थापित होने के साथ अन्य नेताओं के लिए दूसरे विकल्प खोलने जा रही है। यह तो रैली के आयोजन के बाद ही तय होगा कि इस रैली में चाचा भतीजा कितनी भीड़ जुटा पाते है और अभय के निमंत्रण को इंडिया गठबंधन कितनी तवज्जो देता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि ताऊ की यह जंयती अपने परिवार को राजनैतिक लाभ दिलवा पायेगी या नही।

# विधायक बड़ौली ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया शुभारंभ

### वरदान साबित हो रही है आयुष्मान भारत व चिरायु योजना : विधायक बड़ौली

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों को संबोधित करते राई विधायक मोहन लाल बडौली।

**राई** से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने आयुष्मान भव: अभियान के अंतर्गत कुण्डली व जाखौली में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत व चिरायु योजना वरदान साबित हो रही है। आज देश व प्रदेश का गरीब व्यक्ति भी इस योजना का लाभ उठाकर आज अच्छे अस्पतालों में अपना अच्छे से ईलाज करवा रहा है।

विधायक ने कहा कि जिन पात्र लोगों ने अब तक अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है उनके आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान भव अभियान चलाया गया है ताकि उनके घर द्वार पर जाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा सके। इस अभियान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रखने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपने को साकार किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों की स्वास्थ्य की जांच करने के साथ-साथ पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए और विधायक ने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

# शैलजा के जन्मदिन पर हवन कर उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**अखिल** भारतीय कांग्रेस किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ललित बुटाना ने अपने आवास पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ कुमारी शैलजा के जन्मदिन पर पूजा पाठ व हवन यज्ञ कर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा लोकप्रिय नेता है और उनके जीवन का एक ही उद्देश्य है वह है जनहित। वे लोगों के हितों के लिए सरकार के साथ संघर्ष कर विपक्ष की भूमिका अच्छे से निभा रहीं हैं। उनका मकसद आमजन के हित में नीतियां बनवाना व कांग्रेस को मजबूत करना है। ललित बुटाना ने कहा कि कुमारी शैलजा कई अहम पदों पर रही हैं, केंद्र में मंत्री भी रह चुकी है हरियाणा कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुकी है। प्रदेश में चाहे बेरोजगारी की बात हो, महंगाई की बात हो या फिर भ्रष्टाचार की बात हो हर मुद्दों को उन्होंने बड़ी बेबाकी के साथ उठाया है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयपाल मान, ओम प्रकाश सलूजा, पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. मुनीश परवेज राणा, अरुण पंजाबी, एडवोकेट कुलदीप सिंह किरमच, दिनेश सेन, एडवोकेट सुखराम पाल, सुनहरा वाल्मीकि, दलबीर वाल्मीकि, पलाराम मंजूरा आदि मौजूद थे।

### हिसार में धर्मकांटा संचालक की सोने की चेन तोड़ी

**चंडीगढ़।** हिसार स्थित मिर्जापुर रोड पर अपने धर्म कांटे कांटे मिट्‌टी डाल रहे एक युवक की सवा लाख की सोने की चेन तोड़कर एक लड़का अपने साथी के साथ फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली। एचटीएम थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान यूपी निवासी अजय और राहुल के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार ने बताया कि वह मिर्जापुर रोड स्थित अमन नगर में रहता है। इसी रोड पर उसका स्वास्तिक धर्म कांटा है। वह धर्म कांटे पर मिट्‌टी डालने का काम कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आए, जिनमें से एक बाइक पर ही बैठा रहा और दूसरा लड़का इधर-उधर घूमने लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका भेजने के नाम पर पूर्व सैनिक से ठगे 38 लाख

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर एक सेवानिवृत्त सैनिक के बेटे के साथ लाखों की ठगी का मामला उजागर हुआ है। गांव पबनावा निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर करनाल निवासी संजीव शर्मा और उनकी पत्नी ममता के विरुद्ध ढांड थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में कृष्ण ने बताया कि वह सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। उसका बेटा लक्ष्य 12वीं पास है और बेरोजगार है। वह नौकरी के लिए अमेरिका जाना चाहता था। उसके दोस्त राजौंद निवासी सागर ने उसे दोनों आरोपियों के बारे में जानकारी दी। वह जुलाई 2022 में आरोपी संजीव से मिला। उसके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 60 लाख रुपये में बात तय हुई। उसके बाद नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक अलग-अलग तारीख में अलग-अलग राशि आरोपियों को दी। उनसे करीब 29.40 लाख रुपये की नकदी और करीब दस हजार अमेरिकी डॉलर ले लिए थे। आरोपी ने इसी दौरान उसके बेटे को प्राइवेट पायलेट लाइसेंस कोर्स करवाने के लिए भी पैसे लिए थे। यह कोर्स मैक्सिको में करवाने के लिए कहा था। आरोपी ने 11 मार्च को उसके बेटे की सैलवाडोर की टिकट दी जो जांच के दौरान फर्जी पाई गई। इसके बाद आरोपी ने उसके बेटे को अमेरिका भेजने से मना कर दिया। कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने आरोपी दंपत्ति से पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। संजीव ने कहा कि उस पर पहले भी 100 से ज्यादा ठगी के केस दर्ज हैं। पुलिस भी उसका कुछ नहीं कर सकती। कुछ पुलिस कर्मचारी उसके साथ मिले हुए हैं और वह उन्हें पैसे देता है। जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### महिला उद्यमी मातृशक्ति उद्यमिता योजना का उठाएं लाभ: डीसी



डीसी प्रशांत पंवार।

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिये मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। हरियाणा सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिला विकास निगम के माध्यम से चलाई जा रही है और इस योजना के तहत जिला कैथल के लिए मार्च 2024 तक 80 केसों का लक्ष्य रखा गया है। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि पारिवारिक 5 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाली हरियाणा की स्थाई निवासी महिला उद्यमी योजना के लिए पात्र होंगी। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक पहले से लिये गये ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिये। योजना के तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जायेगी। डीसी ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की इस योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैल्यून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो स्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, आचार बनाना, हलवाई की दुकान फूड स्टॉल, आईसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना हैंडलूम, बैग बनाना, टिफन सर्विस, मिटटी कें बर्तन ( मटके ) इत्यादि बनाने का अपना काम शुरू कर सकती है।

# कांग्रेस सेवा दल ने सड़क पर बैठकर महंगाई के खिलाफ दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**हरियाणा** कांग्रेस सेवादल से प्रदेश अध्यक्ष डॉ पूनम चौहान ने महिला विंग की अध्यक्ष सुनीता शर्मा बतौर मुख्य अतिथि पहुंची न्यू बहादुर चंद कॉलोनी करनाल कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ उनका स्वागत किया।

डा. नवजोत कश्यप ग्रामीण जिला अध्यक्ष जागीर सैनी की अगुवाई में बहादुर चंद कालोनी से हंसी रोड तक भाजपा के खिलाफ महंगाई को लेकर सड़क पर बैठकर करना धरना दिया गया। भाजपा भगाओ देश बचाओ के नारे लगाए गए डॉ. पूनम चौहान ने बताया भाजपा नीतियों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है सुनीता शर्मा ने कहा अब जनता सब कुछ जान गई है भाजपा को उखाड़ फेंकने की तैयारी कर ली गई है संतोष तेजान ने बताया तानाशाही सरकार केवल जनता को धोखा दे रही है जागीर सैनी ने कहा अब जनता बहुत परेशान हो चुकी है। भाजपा को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। सुनीता शर्मा द्वारा कई महिलाओं को कांग्रेस सेवा दल में मान सम्मान से उनकी योग्यता अनुसार पद दिए गए। नवनियुक्त पदाधिकारी ने कहा जो कांग्रेस ने उन पर विश्वास जाते हैं वह उसे विश्वास पर खरा उतरेगी इस अवसर पर पदाधिकारी के साथ-साथ नीलम मल्होत्रा नेहा कृतिका प्रिया शर्मा सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

### सोनीपत में बीएससी नर्सिंग छात्रा की हत्या

**सोनीपत।** सोनीपत में बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा की हत्या कर दी गई। छात्रा की छाती व हाथ पर गोलियां मारी गई हैं। उसके शव को खरखौदा के अस्पताल में लाया गया हे। पुलिस घटना की छानबीन में लगी है। पता लगाया जा रहा है कि उसको किन हालातों में गोली लगी है। एसीपी जीत सिंह भी अस्पताल पहुंचे हैं।

प्रारंभिक जानकारी अनुसार खरखौदा क्षेत्र के गांव रोहणा की खुशबू (19) बीएससी नर्सिंग कर रही है। रविवार को छुट्‌टी के चलते वह घर पर थी। बताते हैं कि वह किसी काम से घर से बाहर निकली तो गली में उस पर गोलियां चलाई गई। उसकी छाती में गोली लगने से मौत हो गई। एक गोली उसके हाथ में भी लगी है। गांव में गोलियों की आवाज से हड़कंप मच गया। परिवार व आसपास के लोग घरों से निकले तो खुशबू गली में लहूलुहान हालत में पड़ी थी।

# 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' से गूंजी सीएम सिटी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**श्री** गुरुग्रंथ साहेब जी के प्रकाश पर्व पर कर्ण नगरी बोले सो निहाल सत श्री अकाल के नारों से गूंज उठी। माडल टाउन गुरुद्वारा सिंह सभा से विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। इसकी अगुवाई डेरा कारसेवा के प्रमुख पंथ प्रचारक जत्थेदार सुक्खां सिह ने की। नगरकीर्तन में श्री गुरुग्रंथ साहेब जी की पालकी लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई थी।

लोग इसके आगे पुष्प बिछा रहे थे। महिलाएं पालकी साहेब के रास्ते पर पानी का छिड़काव कर रही थीं। लोगरास्ते में फूल वर्षा रहे थे। आगे पंच प्यारे चल रहे थे। नगरकीर्तन में बड़ी संख्या में धर्मालुओं ने भग लिया। इसमें गुरु की महिमा का बखान करते प्रचारक रागी चल रहे थे। महिलाएं कीर्तन करते हुए चल रही थीं। यहां आगे गतका कला का प्र्दर्शन करते हुए युवक अपने विद्या का प्रदर्शन कर रहे थे। नगरकीर्तन माडल टाउन से सिंह सभा गुरुद्वारा से शुरू होकर कुंज पुरा रोड पहुंचा। वहां से वापस माडल टाउन में पहुंचा। जगह जगह स्वागत द्वार लगाए गए। स्टाल लगा कर लंगर प्रसाद की व्यवस्था की।

नगरकीर्तन में पूर्व विधायक सुमिता सिंह और कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह का सिरोपा भेंट कर सम्मनित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा माडल टाउन के प्रधान अमरजीत सिंह, महासचिव हरप्रीत नरूला, गुरुद्वारा डेराकारसेवा के महासचिव जथेदार इंद्राल सिंह , गुरपाल सिंह डोनी, जसविंदर सिंह बिल्ला, प्रमजीत सिंह बेदी, जसबीर सिहं लाडी जसबीर सिंह चावला, गुरविंदर सिंह गिन्नी, गगन मैहता, गुलाटी आदि उपस्थित थे। नगर कीर्तन को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

# साइकिलिस्ट ने सीखे दिल की सेहत सही रखने के गुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**साइक्लिंग** को स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। हाल के समय में लोगों के बीच साइक्लिंग को लेकर रुचि बढ़ी है। हालांकि साइक्लिंग करते समय भी कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होता है। इनकी अनदेखी करने से साइक्लिंग से सेहत को नुकसान भी पहुंच सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सनर हॉस्पिटल ने साइक्लिस्ट के एक समूह के साथ चर्चा का आयोजन किया। इसके 60 साइक्लिस्ट के समूह ने हिस्सा लिया। विश्व हृदय दिवस (29 सितंबर) के अवसर पर दिल एवं संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए यह आयोजन किया गया।

इस दौरान सबसे पहले एक फिजियोथेरेपी सेशन आयोजित किया गया। इसमें वार्म अप, सही पोश्चर और साइक्लिंग के दौरान चोट से बचने के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि एक दिन में कितनी साइक्लिंग पर्याप्त है। असल में साइक्लिंग को लेकर बढ़ती रुचि के बीच लोग अक्सर इन छोटी छोटी बातों की अनदेखी कर देते हैं। इससे साइक्लिंग भी कभी-कभी नुकसान का कारण बन जाती है। हेड ऑफ कार्डियक सर्जरी डिपार्टमेंट एवं डायरेक्टर डॉ. अखिल गोविल के साथ परिचर्चा का भी आयोजन हुआ। इसमें दिल की अच्छी सेहत के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित डाइट, स्वस्थ एवं तनाव रहित जीवनशैली और अच्छी नींद के महत्व के बारे में जानने को मिला। डॉ. गोविल ने कहा कि दिल की सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। लोग जीवनशैली में कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते रहते हैं, जो आगे चलकर बड़ी समस्या का कारण बन जाती हैं। उदाहरण के तौर पर, व्यायाम करना सेहत के लिए सही है, लेकिन अगर व्यायाम में नियमितता और संतुलन न हो तो नुकसान भी हो सकता है।

# हरियाणा में छह और जिला परिषदों को संपर्क सड़क निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ



**हरियाणा** में जिला परिषदों की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि छह और जिलों-सोनीपत, कैथल, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर और रेवाड़ी में संपर्क सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी इस साल के अंत तक जिला परिषदों को हस्तांतरित कर दी जाएगी। अभी यह कार्य हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया जा रहा था।

मुख्यमंत्री ने रविवार को यहां विभिन्न विकास पहलों की समीक्षा के लिए जिला परिषदों के अध्यक्षों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान यह खुलासा किया। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली भी मौजूद रहे। इससे पहले भी हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किए जा रहे संपर्क रोड मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी यमुनानगर, करनाल, पलवल, भिवानी और फतेहाबाद सहित पांच जिलों में जिला परिषदों को हस्तांतरित की जा चुकी है और मरम्मत कार्य की प्रक्रिया पहले से जारी है। इन छह जिलों के जुड़ने से जिला परिषदों के पास अब प्रदेश में 11 जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मरम्मत का कार्य होगा।

**5000 से अधिक आबादी वाले गांव की फिरनियां को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू**

विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को 30 सितंबर, 2023 तक 5,000 या उससे अधिक आबादी वाले गांवों में गांव की फिरनियों को पक्का करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन प्रतिनिधियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिला परिषदों के अध्यक्षों के सम्मान के महत्व पर बल देते हुए सभी सीईओ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालयों को जिला सचिवालयों से जिला परिषद कार्यालय में स्थानांतरित करें। जिन जिलों में जिला परिषद कार्यालय भवन बन चुके हैं, वहां इस निर्देश को शीघ्रता से लागू किया जाए। हालाँकि, ऐसे मामलों में जहां ऐसा बुनियादी ढांचा अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, सीईओ को उपयुक्त भूमि की पहचान करने और इस संबंध में मुख्यालय को प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

### हर ब्लॉक में अधिक आबादी वाले पांच गांव स्ट्रीट लाइटों से होगें जगमग

**उन्होंने** राज्य भर के सर्वाधिक आबादी वाले 750 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के लिए जिला परिषदों को पहले ही बजट आवंटित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक ब्लॉक के सबसे अधिक आबादी वाले पांच गांवों को जल्द ही स्ट्रीट लाइट उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 144 ब्लॉक हैं और सीईओ जिला परिषदों से ऐसे ब्लॉक की पहचान करने का आग्रह किया जहां 10 ई-लाइब्रेरी भी शुरू नहीं हुई हैं। इस संबंध में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से भी अनुरोध प्राप्त हुए हैं। हमारे पास पहले से ही 750 ई-पुस्तकालय खोलने की मंजूरी है। चौपालों के निर्माण की समीक्षा के दौरान मनोहर लाल ने सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यकता आधारित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषदों के माध्यम से गांव के तालाबों के सौंदर्यीकरण या मांग के आधार पर दीवार निर्माण व घाट आदि की प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। जिला परिषदों के अध्यक्ष और सीईओ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास गतिविधियों की योजना बनाने में मिलकर कार्य करें।

# हिंद-प्रशांत महासागर में सहयोग बढ़ाएंगी भारतीय-अमेरिकी नौसेना

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** और अमेरिका की सेनाओं में लगातार सहयोग बढ़ रहा है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार हाल ही में चार दिवसीय यात्रा पर अमेरिका दौरे पर रहे। इस दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं में हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नौसेना प्रमुख ने मुख्य रूप से 25वें अंतरराष्ट्रीय इंटरनेशनल सीपॉवर सिम्पोसियम (आइसीएस) में शिरकत की। आईएसएस का आयोजन 19 से 22 सितंबर तक हुआ। इसका आयोजन अमेरिकी

### नेवल चीफ के यूएस दौरे पर बनी अहम योजना

नौसेना ने रोडे आइलैंड स्थित यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट में हुआ। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि नौसेना प्रमुख की अमेरिका यात्रा के दौरान द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने और भारत प्रशांत महासागर क्षेत्र में विभिन्न साझेदारों से जुड़ने के लिए शीर्ष स्तर पर महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

बता दें कि अमेरिका द्वारा आयोजित आईएसएस का उद्देश्य खुले और नियम आधारित व्यवस्था में काम करने वाली समान विचारधारा वाली नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाना है। आईएसएस से इतर नौसेना प्रमुख ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, मिस्त्र, फिजी, इस्राइल, इटली, जापान, केन्या, पेरू, सऊदी अरब, सिंगापुर और यूके सहित विभिन्न देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की।

भारत और अमेरिकी नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय या बहुपक्षीय युद्धाभ्यासों जैसे मालाबार, सी ड्रैगन और टाइगर ट्रायम्फ आदि में संचालनात्मक सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। आईएसएस के दौरान भारतीय नौसेना प्रमुख ने मानव संसाधन प्रबंधन की चुनौतियों पर भी बात की।



# भारत के बाहर दूसरे सबसे बड़े मंदिर का न्यूजर्सी में होगा उद्घाटन

एजेंसी। रॉबिन्सविले (अमेरिका)



**आधुनिक** युग में भारत के बाहर निर्मित दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन आठ अक्टूबर को न्यू जर्सी में होगा।

न्यूयॉर्क स्थित टाइम्स स्क्वायर से लगभग 60 मील दक्षिण में और वाशिंगटन डीसी से लगभग 180 मील उत्तर में स्थित न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का निर्माण 2011 में शुरू हुआ था और इसके निर्माण में 12,500 से अधिक स्वयंसेवकों ने मदद की। मंदिर के औपचारिक उद्घाटन से पहले ही यहां दर्शन के लिए रोजाना हजारों लोग आते हैं। अधरधाम के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर 183 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। इस मंदिर को प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार बनाया गया है और इसमें 10,000 मूर्तियों एवं प्रतिमाओं, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की नक्काशी सहित प्राचीन भारतीय संस्कृति को दर्शाया गया है।

# सीएम ममता और पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर छिड़ी जुबानी जंग

एजेंसी। कोलकाता





**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के 12 दिवसीय दौरे के बाद कोलकाता लौट आई हैं। लेकिन, एक दिन बाद रविवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच इस यात्रा को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई। भगवा पार्टी ने जहां मुख्यमंत्री के दौरे का मजाक उड़ाया, वहीं तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी की विदेश यात्रा पर सवाल उठाने पर तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के साथ मेलजोल बढ़ाने का आरोप लगाया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि बनर्जी, मोदी से ज्यादा भरोसेमंद हैं।

घोष ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्राओं पर निकले थे, जबकि मणिपुर जल रहा था। वह अमेरिका, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना हुए, लेकिन एक बार भी मणिपुर जाने की जहमत नहीं उठाई। हमें इस नौटंकी के लिए बख्श दो! हम सभी जानते हैं कि कौन सा नेता भरोसेमंद है और कौन नहीं!

वह एक्स पर अधिकारी की उस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें कहा गया था- जिन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विदेश में छुट्टियां मनाने के बीच तुलना करने की कोशिश की है, मैं उनको अंतर बताता हूं कि उनकी रणनीतिक यात्राओं का मकसद दुनिया में देश का गौरव बढ़ाना था, जबकि मुख्यमंत्री की यात्रा भ्रष्टाचार से भरी हुई थी। अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की रणनीतिक यात्राओं ने पहले हमारे देश को एक ऐसे देश के रूप में पहचाने जाने की नींव रखी, जिसे अब विश्व मित्र के रूप में माना जा रहा है, जो गर्व से एक सफल जी 20 की मेजबानी कर सकता है। दूसरी ओर मौजूदा शासन और पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तोलामूल पार्टी के भ्रष्टाचार के साथ मेलजोल को देखते हुए मुख्यमंत्री की यात्रा/छुट्टी के बाद केवल एक चीज जो हासिल की जा सकती है, वह है जी 420 का सफल जमावड़ा।

अधिकारी ने रविवार को पत्रकारों से कहा, जब पश्चिम बंगाल में डेंगू की स्थिति चिंताजनक रूप ले रही थी, तब मुख्यमंत्री प्रकोप की परवाह किए बिना विदेश में छुट्टियां मनाने चली गईं। इस बीच वह एक निरर्थक यात्रा से लौटी हैं, डेंगू की स्थिति बदतर हो गई है। शनिवार शाम करीब सात बजे हवाईअड्डे पर उतरीं बनर्जी ने कहा कि वह खुश हैं क्योंकि वह पश्चिम बंगाल के लिए कुछ कर सकती हैं। उन्होंने कहा, यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। मैंने अपने जीवन में इतना सफल दौरा कभी नहीं देखा। मुझे खुशी है कि मैं बंगाल के लिए बहुत कुछ कर सकी। उन्होंने यह भी कहा, बैठकों का आयोजन फिक्की और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा किया गया था। प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

**ममता ने एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को बधाई दी**

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के पहले दिन रविवार को विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी। बनर्जी ने कहा, खिलाड़ियों के अथक समर्पण और कड़ी मेहनत ने हमारे दिल को असीम गर्व की भावना से भर दिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पहले दिन भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण, पहले ही दिन पांच पदक। 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में महिला टीम को रजत पदक दिलाने के लिए बंगाल की मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता जिंदल को मेरी हार्दिक बधाई।

## पाकिस्तान: शिकायत आने पर इंजेक्शन से दी जाने वाली दवा वापस मंगाई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री ने रविवार को कहा कि पंजाब प्रांत में मधुमेह के मरीजों की आंखों में गंभीर संक्रमण होने और दृष्टि जाने की शिकायत के बाद इंजेक्शन के जरिए दी जाने वाली दवा वापस मंगाई गई है। मंत्री ने कहा कि मामले की जांच के आदेश दिए गए है और पुलिस आपूर्तिकर्ता को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

संघीय स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने इस्लामाबाद में कहा कि स्थानीय तौर पर उत्पादित इंजेक्शन एवास्टिन के फरार दो आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की है और तीन दिन में उसे रिपोर्ट देने को कहा है। टेलीविजन पर प्रसारित संवाददाता सम्मेलन में जान के साथ पंजाब प्रांत के स्वास्थ्य मंत्री जमाल नसीर ने कहा कि लाहौर, कसूर और अन्य जिलों में मधुमेह के मरीजों को रेटीना का इलाज करने के दौरान एवास्टिन इंजेक्शन दिया गया थाअ लेकिन इंजेक्शन देने के बाद उनकी आंखों में गंभीर संक्रमण हो गया और कई मरीजों की आंखों की रोशनी चली गई।

# जयशंकर ने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात की

एजेंसी। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात की और उनसे द्विपक्षीय विकास साझेदारी में प्रगति तथा म्यांमा की स्थिति पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्चस्तरीय सत्र के इतर मुलाकात की।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। हमारी विकास साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे बढ़ते रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग पर भी चर्चा की। म्यांमा पर विचार साझा किए। म्यांमा में फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से ही लोकतंत्र बहाल किए जाने की मांग की जा रही है।

## भारत की जी20 अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण थी: जयशंकर



**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि यह बहुत तेजी से हो रहे पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण और बहुत गहरे उत्तर-दक्षिण विभाजन के बीच हुई। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के इतर शनिवार को यहां ग्लोबल साउथ के लिए भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास के लिए योगदान विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा, हम नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के कुछ हफ्तों बाद मिले हैं, जो एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य की थीम पर आयोजित हुआ था। यह चुनौतीपूर्ण शिखर सम्मेलन था। इसकी अध्यक्षता वास्तव में चुनौतीपूर्ण थी। विदेश मंत्री ने कहा, यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हम बहुत तेज पूर्व-पश्चिम ध्रुवीकरण के साथ ही बहुत गहरे उत्तर-दक्षिण विभाजन का सामना कर रहे थे। लेकिन हमें जी20 के अध्यक्ष के रूप में यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत दृढ़ विश्वास था कि यह संगठन, जिससे दुनिया को इतनी सारी उम्मीदें हैं, वह वैश्विक वृद्धि और विकास के अपने मूल एजेंडे पर लौट सके।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ट्रेन की भिड़ंत, 31 यात्री घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक यात्री ट्रेन मुख्य पटरियों पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई जिससे इस घटना में कम से कम 31 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। खबरों में कहा गया है कि यह हादसा शेखपुरा जिले के किला सत्तार शाह स्टेशन पर हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, मियांवाली से लाहौर आ रही यात्री ट्रेन उसी पटरी पर आ गई जहां पहले से ही एक मालगाड़ी खड़ी थी जिस कारण आपस में उनकी टक्कर हो गई। इसमें बताया गया कि ट्रेन के चालक ने भिड़ंत को रोकने की पूरी कोशिश की लेकिन वह असफल रहा। बचावकर्मियों के अनुसार, हादसे में 31 यात्री घायल हुए हैं, जिसमें से पांच घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि हादसे को लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

# सरकार ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में कुप्रबंधन किया है: कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में कुप्रबंधन किया है और चूंकि वह बेरोजगारी व मंहगाई जैसे मुद्दों का समाधान करने में भी असमर्थ है, इसलिए आंकड़ों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि संसद का विशेष सत्र भी संपन्न हो गया है, यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार देश का ध्यान अहम मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है, जिनमें अडाणी घोटाला, जाति आधारित गणना और खासतौर पर बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती असमानता और आर्थिक संकट शामिल है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मोदी सरकार आंकड़ों को कितना छिपाती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि देश की अधिकतर जनता कष्ट में है। रमेश ने दावा किया कि पिछले सप्ताह सामने आए कुछ तथ्यात्मक रिपोर्ट को भी दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सितंबर 2023 की नवीनतम रिपोर्ट में कोविड-19 महामारी के बाद उबरने के प्रयास में मोदी सरकार की पूरी तरह से विफलता दिखाई देती है। रमेश ने कहा, फरवरी 2020 में 43 प्रतिशत लोग श्रम बल में शामिल थे। करीब साढ़े तीन साल बाद यह हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रह गई है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि 2021-22 में, 25 साल से कम उम्र के 42 प्रतिशत से अधिक स्नातक बेरोजगार थे। उन्होंने दावा किया कि 2022 में, महिलाओं की आय महामारी से पूर्व के मुकाबले 85 प्रतिशत थी।

**कहा, वास्तविकता यह है कि देश की अधिकतर जनता कष्ट में है**

## कारोबारी के बेटे की अपहरण कर हत्या, दो बदमाश गिरफ्तार



**प्रयागराज।** शंकरगढ़ में कारोबारी के 13 साल के इकलौते बेटे की किडनैप करके हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बच्चे का शव चित्रकूट के जंगल में मिला है। शनिवार शाम को बच्चे के अपहरण के पांच घंटे बाद पिता के मोबाइल पर बदमाशों की एक कॉल आई। इसमें कहा था कि 15 लाख रुपये लेकर रीवा के डभऊरा के जंगल में आओ...नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे। पिता ने यह सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नंबर सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू की। हालांकि, पुलिस किडनैपर्स तक पहुंचे इससे पहले ही सुबह 8 बजे के करीब बच्चे की लाश जंगल में मिल गई। प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा ने कहा कि बच्चे की किडनैपिंग करने वाले बदमाशों से शंकरगढ़ में पुलिस की मुठभेड़ हुई। इसमें दो किडनैपर्स सुखदेव और संजय को गोली लगी है। कमिश्नर ने बताया कि आरोपी बच्चे के परिवार को जानते थे।

# संजय राउत ने बिधूड़ी के बयान की निंदा की, नए संसद परिसर को अस्त-व्यस्त बताया

एजेंसी। मुंबई



**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए भाजपा की रविवार को निंदा की।

राउत ने नए संसद परिसर के बारे में कांग्रेस नेता जयराम रमेश के विचारों से सहमति जताई और कहा कि वह अब भी पुरानी इमारत से ही जुड़ाव महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन को बनाने में काफी धन खर्च किया गया, लेकिन यह बिना सुविधाओं की अस्त व्यस्त इमारत है। बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के नेता दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर देशभर में बड़ा विवाद पैदा हो गया है।

राउत ने संवाददाताओं से कहा, एक लोकसभा सदस्य दूसरे सांसद को आतंकवादी और अतिवादी कहता है। वह उससे भी आगे जाकर सांसद के धर्म और जाति पर टिप्पणी करता है। यदि विपक्ष के किसी सांसद ने इस प्रकार की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया होता, तो भी मेरा यही रुख होता। उन्होंने कहा, यह गलत है और इस प्रकार के व्यक्ति को संसद में नहीं होना चाहिए।

नई संसद की पवित्रता और गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। राउत ने इस घटना के बाद बिधूड़ी और अली के क्रमश: भाजपा और विपक्ष के पोस्टर ब्वॉय बनने की बात को खारिज कर दिया।

## रालोपा सत्ता संकल्प व्यवस्था परिवर्तन यात्रा की शुरुआत सालासर से करेगी

जयपुर। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने रविवार को कहा कि राजस्थान में बढते अपराध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के हालात के प्रति सर्वसमाज को जगाने के लिए पार्टी बुधवार से सालासर बालाजी से सत्ता संकल्प व्यवस्था परिवर्तन यात्रा शुरू करेगी।जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बेनीवाल ने कहा, राजस्थान में बढते अपराध, बेरोजगारी और ए जो हालात भ्रष्टाचार के बने, इससे राजस्थान को जगाने के लिए राजस्थान के प्रति नौजवान, किसान, सर्वसमाज को जगाने के लिए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एक नई यात्रा की शुरूआत कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरूआत 28 सितंबर को सालासर बालाजी के दर्शन करके एक बड़ी जनसभा के साथ करेंगे। उन्होंने कहा यात्रा नाम सत्ता संकल्प व्यवस्था परिवर्तन होगा। प्रदेश में हम सत्ता का संकल्प लेंगे.. व्यवस्था को बदलना है।

# मणिपुर: कई ट्रकों को असम राइफल्स के वाहनों की तरह रंगा

एजेंसी। इंफाल



**मणिपुर में चार महीने से अधिक समय से जातीय हिंसा जारी है**

**असम** राइफल्स ने मणिपुर पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि काकचिंग जिले में कई ट्रकों पर अर्धसैनिक बल के वाहनों के रंग की तरह पेंट किया गया है और उन पर उसका प्रतीक चिह्न भी लगाया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अर्धसैनिक बल ने चुराचांदपुर के पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में दावा किया कि कुछ लोगों ने घाटी स्थित उग्रवादी समूहों (वीबीआईजी) की मदद से बाजार से कई ट्रक खरीदे और उन्हें असम राइफल्स के वाहनों के रंग से पेंट किया और बल का प्रतीक चिह्न लगाया, ताकि ए ट्रक अर्धसैनिक बल के वाहनों की तरह प्रतीत हों। पत्र में कहा गया है, असैन्य वाहनों में बदलाव कर उन्हें असम राइफल्स के वाहनों की तरह बनाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वीबीआईजी की असम राइफल्स की छवि को खराब करने या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के लिए इनका उपयोग करने की नापाक मंशा है। बल ने चुराचांदपुर पुलिस से काकचिंग जिले के पुलिस अधीक्षक और उच्च अधिकारियों को भी इसकी सूचना देने को कहा ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटना को रोकने के लिए एहतियातन कार्रवाई की जा सके। मणिपुर में चार महीने से अधिक समय से जातीय हिंसा जारी है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 175 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों अन्य लोग घायल हुए हैं।

मन की बात के 105वें एपिसोड में बोले प्रधानमंत्री

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा विश्व व्यापार का आधार बनेगा

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी20 में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किए जाने और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनाए जाने के बारे में दिए अपने सुझाव का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि इन फैसलों ने विश्व के शक्तिशालों देशों के इस समूह में भारत के नेतृत्व का लोहा मनवाया है।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 105वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए इस प्रस्तावित आर्थिक गलियारे की तुलना भारत के अत्यधिक समृद्ध काल में व्यवसाय और व्यापार का प्रमुख माध्यम रहे सिल्क रूट (रेशम मार्ग) से की और दावा किया कि आने वाले सैकड़ों वर्षों के लिए यह विश्व व्यापार का आधार बनेगा। मोदी ने मन की बात के इस संस्करण में जहां चंद्रयान-3 और जी20 की सफलता के साथ ही रोजगार सृजन में पर्यटन की भूमिका, भारत में विश्व विरासत स्थलों की बढ़ती संख्या और भारतीय संगीत के प्रति दुनिया भर में लोगों के बढ़ते आकर्षण का उल्लेख किया, वहीं त्योहारों के दौरान स्थानीय उत्पादों की खरीद का मंत्र भी याद दिलाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों उन्हें चंद्रयान-3 और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी20 के सफल आयोजन के बारे में देश के हर हिस्से और समाज के हर वर्ग व उम्र के लोगों के अनगिनत पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा, जब चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा पर उतरने वाला था, तब करोड़ों लोग अलग-अलग माध्यमों से इस घटना के पल-पल के साक्षी बनें। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के यू-ट्यूब चैनल पर 80 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घटना को देखा। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इससे पता चलता है कि चंद्रयान-3 से करोड़ों भारतीयों का कितना गहरा लगाव है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर सरकार की ओर से आयोजित क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का भी जिक्र किया और देशवासियों से इससे जुड़ने की अपील की।

## जी20 और चंद्रयान-3 की सफलता से भारत ने अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया


**प्रधानमंत्री** ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी20 के सफल आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया और आयोजन स्थल भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रिटी की तरह हो गया है जहां लोग जा रहे हैं, सेल्फी ले रहे हैं और गर्व से उसे सोशल मीडिया मंचों पर साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत ने इस सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को जी20 में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है। जब भारत बहुत समृद्ध था तो उस जमाने में, हमारे देश और दुनिया में सिल्क रूट की बहुत चर्चा हुआ करती थी। यह सिल्क रूट व्यापार व कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था।

## विश्व पर्यटन दिवस को लेकर किया जिक्र

**आगामी** 27 सितम्बर को मनाए जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन पर्यटन का बहुत बड़ा पहलू है और यह क्षेत्र कम से कम निवेश के साथ अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देता है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में विश्व विरासत स्थलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने हाल में, शांति निकेतन और कर्नाटक के होयसल मंदिर समूह को विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे भारतीय परम्परा को भी सम्मान मिला है।

# काम के दौरान जान गंवाने वाले बीआरओ श्रमिकों के शव सरकारी खर्च पर घर पहुंचाए जाएंगे: राजनाथ

एजेंसी। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि काम के दौरान जान गंवाने वाले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अल्पकालिक मजदूरों के शवों को सरकारी खर्च पर उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) कर्मियों के लिए उपलब्ध अवशेषों के संरक्षण और परिवहन के मौजूदा प्रावधानों को अल्पकालिक वेतनभोगी श्रमिकों (सीपीएल) तक विस्तारित करने की मंजूरी दे दी है। सिंह ने अपने पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी श्रमिकों के कल्याण के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा मंत्रालय में यह निर्णय लिया गया है कि यदि बीआरओ परियोजनाओं के निर्माण कार्य के दौरान अल्पकालिक आधार पर काम करने वाले श्रमिकों की किसी भी कारण से मृत्यु हो जाती है, तो उनके शवों को सुरक्षित रूप से उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा।

# किसी एजेंसी ने पूर्वी दिल्ली पर नहीं दिया ध्यान : एलजी

- सड़कों की खराब स्थिति, गंदगी, अतिक्रमण पर नाराजगी जताई रविवार से ही काम शुरू करने का दिया निर्देश
- फोटोग्राफिक, वीडियो साक्ष्य के बिना कोई भी प्रगति, स्थिति रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


गंदगी देखकर अधिकारियों को निर्देश देते दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना।

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना पूर्वी दिल्ली में सड़कों की खराब स्थिति, गंदगी, अतिक्रमण, बंद नालियों को देखकर नाराजगी जताई और एजेंसियों को रविवार से ही काम शुरू करने का निर्देश दिया।

साथ ही कहा कि फोटोग्राफिक, वीडियो साक्ष्य के बिना कोई भी प्रगति व स्थिति रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि कई वर्षों में किसी भी नागरिक एजेंसी व प्राधिकरण ने पूर्वी दिल्ली पर कोई ध्यान नहीं दिया है। राजधानी में साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ शहर को सुंदर बनाने की कोशिशों को जारी रखते हुए उपराज्यपाल ने पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में सीवरेज, जल निकासी और सड़कों, फुटपाथों, पार्कों के नवीनीकरण के लिए विशेष निर्देश जारी किए।

आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर युधिष्ठिर सेतु से शुरू होकर, जो उत्तरी और मध्य दिल्ली को पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली से जोड़ता है। उपराज्यपाल ने कड़कड़डूमा कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर अपने अंतिम पड़ाव से पहले, शास्त्री पार्क, मानसरोवर पार्क, सीलमपुर, श्याम लाल कॉलेज, सूरजमल पार्क और विश्वास नगर, कृष्णा नगर, दिलशाद गार्डन के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया।

सड़कों की खराब हालत, कूड़े के ढेर, जाम और सड़कों पर बहता नालियों का पानी, अव्यवस्थित सार्वजनिक पार्कों, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण और क्षतिग्रस्त सार्वजनिक संपत्तियों को देख नाराज होकर सक्सेना ने अधिकारियों से रविवार से ही मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि किसी भी एजेंसी से कोई भी रिपोर्ट तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी, जब तक कि उसमें उसकी पहले और बाद की तस्वीरें शामिल नहीं कि गई हों।

एलजी ने सभी संबंधित एजेंसियों एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, डीजेबी सहित अन्य से अपने क्षेत्राधिकार संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए कहा और इस बात पर जोर दिया कि इस वजह से किसी भी तरह से काम में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कार्यों की दैनिक प्रगति की निगरानी उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा की जाएगी। तीन घंटे से अधिक समय तक चले इस दौरे के दौरान, उपराज्यपाल युधिष्ठिर सेतु की खस्ताहाल स्थिति पर काफी नाराज दिखे, क्योंकि इसकी रेलिंग और फुटपाथ कई स्थानों पर टूटे हुए थे, जिससे विशेष रूप से पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों के लिए खतरा पैदा हो गया था।

कड़कड़डूमा कोर्ट में सड़कों पर बह रही नालियों, धूल से भरी सड़कों और टूटे फुटपाथों और कई स्थानों पर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे पेड़ों की टहनियों को देख उपराज्यपाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को न्यायालय परिसर के आस पास के पूरे इलाके को तुरंत साफ-सुथरा करने का निर्देश दिया। सक्सेना ने जिन इलाकों का दौरा किया, वहां के निवासियों और आरडब्ल्यूए से भी बातचीत की और इस बातचीत में लोगों ने अन्य मुद्दों के अलावा सीवर लाइनों के जाम होने, नालियों और टूटी सड़कों, फुटपाथों की शिकायत की।

उन्होंने उपराज्यपाल को बताया कि ये बड़ी समस्याएं बन गई हैं और संबंधित नागरिक एजेंसियां निवासियों की शिकायतों का जवाब नहीं देती हैं। उपराज्यपाल ने अफसोस जताया कि पिछले कुछ वर्षों में किसी भी नागरिक एजेंसी ने इन क्षेत्रों पर जहां एक बड़ी आबादी दयनीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर है, कोई ध्यान नहीं दिया है। एलजी सक्सेना ने पूर्वी दिल्ली के उन इलाकों के पुनरुद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो सरकार की उदासीनता के कारण लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले, उन्होंने अक्षरधाम मंदिर के पास के हिस्से के रखरखाव और सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया था। उन्होंने अतिव्यस्त विकास मार्ग का भी दौरा किया था। यह जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद उनका दूसरा दौरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्टिव मेमोरी और डिमेंशिया सेंटर लॉन्च किया गया



**नई दिल्ली/गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर के पहले अत्याधुनिक सक्रिय मेमोरी और डिमेंशिया केंद्र 'वट वृक्ष मेमोरी सेंटर' उद्घाटन रविवार को हरियाणा सरकार के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एन के जैन ने सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल की उपस्थिति में किया। यह केंद्र डिमेंशिया से पीड़ित मरीजों और उनके परिवार के जीवन में सकारात्मक भूमिका अदा करेगा। यह केंद्र 'भूल ना जाना अभियान' के तहत शुरू किया गया है। हाल ही में इस अभियान के तहत राष्ट्रीय डिमेंशिया हेल्पलाइन नंबर 9818687903 लॉन्च किया गया है। डॉ. रमेश गोयल और डॉ. दीप्ति गोयल के नेतृत्व में इस केंद्र का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ट्रूडो के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया और उन पर खालिस्तानी अलगाववादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने एक बयान में कहा कि संगठन के प्रमुख जय भगवान गोयल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों को कनाडा और भारत के प्रधानमंत्रियों को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। गोयल ने कहा, कई महीनों से, कनाडा के प्रधानमंत्री खुले तौर पर भारत विरोधी खालिस्तानियों का समर्थन और बचाव कर रहे हैं।

### वीर अब्दुल हमीद की याद में चिकित्सा शिविर



**नई दिल्ली।** देश के लिए अपनी जान की कुरबानी देने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की याद में निशुल्क चिकित्सा शिविर गौतमपुरी में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने की, जबकि हकीम अता उर रहमान अजमली ने स्टेज का संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद सत्या शर्मा, रिजवान चौधरी, डॉ. सैयद निखत हुसैन नदवी चेयरमैन न्यू एरा होराइजन ट्रस्ट, डॉ. अनवर अली, सद्दाम , हाजी शमीम अहमद, हाफिज शकील अहमद आदि शामिल हुए। शिविर में लगभग 300 मरीजों ने अपनी जांच करायी तथा नि:शुल्क दवा भी ली।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में एक व्यक्ति की एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है जिससे वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके। उत्तरपूर्व के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, नंद नगरी में आईटीआई की सामने वाली सड़क पर हुई इस घटना की सूचना रविवार सुबह पांच बजकर करीब 50 मिनट पर मिली। उपायुक्त ने कहा, प्रथमदृष्टया यह हिट एंड रन का मामला लग रहा है ,वाहन और उसके चालक का पता नहीं चला है। घटनास्थल पर कोई गवाह भी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हुई है, शव को शवगृह में रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजनीतिक पर्यटन का आनंद ले रहे केजरीवाल : सचदेवा

- कॉलोनियों में कोई फॉगिंग नहीं की जा रही : प्रदेश अध्यक्ष



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**डेंगू** के बढ़ते प्रकोप को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में डेंगू का संक्रमण बढ़ रहा है और केजरीवाल राजनीतिक पर्यटन का आनंद ले रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार और एमसीडी ने दिल्ली को डेंगू की राजधानी बना दिया है। डेंगू के डेन 2 वायरस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ रही है लेकिन दिल्ली सरकार डेंगू से संबंधित डेटा जारी नहीं कर रही है। वीरेंद्र सचदेवा ने डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से सुनते हैं कि कॉलोनियों में कोई फॉगिंग आदि नहीं की जा रही है और लोग अपने परिवारों में रोजाना मामलों की रिपोर्ट कर रहे हैं। अनौपचारिक बातचीत के दौरान एमसीडी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ कई सरकारी और निजी डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि डेंगू से संबंधित मौतें नियमित रूप से हो रही हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली सरकार या दिल्ली नगर निगम द्वारा डेंगू के आंकड़ों को दबाना और जारी न करना स्पष्ट रूप से स्थिति की भयावहता की ओर इशारा करता है।

सचदेवा ने दावा किया कि पैथोलॉजिस्ट बताते हैं कि डेंगू की जांच कराने वाले 40 फीसदी मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

# सरकार जी-20 घोषणापत्र के 63 कार्य बिंदुओं करेगी लागू

- सभी विभागों से विस्तृत व समयबद्ध योजना बनाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** सरकार ने अपने विभागों से जी-20 घोषणापत्र के 63 कार्य बिंदुओं को लागू करने के लिए विस्तृत, समयबद्ध योजना बनाने को कहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस महीने की शुरुआत में योजना विभाग ने मुख्य सचिव नरेश कुमार द्वारा अनुमोदित एक आदेश में विभिन्न विभागों को अपनी-अपनी कार्य योजनाएं तैयार करने और सितंबर के अंत तक प्रस्तुत करने के लिए कहा। आदेश में कहा गया कि जी20 नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में वर्णित दृष्टिकोण को इसके सफल कार्यान्वयन के माध्यम से जमीनी स्तर पर साकार करने जरूरत है। इसमें कहा गया है कि 63 कार्य बिंदुओं को ठोस कार्य योजनाओं में बदलने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

योजना विभाग के विशेष सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, इसलिए संबंधित विभागों से जी20 घोषणापत्र के कार्य बिंदुओं को लागू करने के लिए एक विस्तृत, समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने का अनुरोध किया जाता है।

आदेश में कहा गया है कि महत्वपूर्ण और समयसीमा वाली विस्तृत कार्य योजना 30 सितंबर तक भेजी जानी चाहिए। जी20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था और जी20 नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से समूह द्वारा अपनाया गया था।

घोषणापत्र में रोजगार और आजीविका, गरीबी, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक कौशल विकास, अर्थव्यवस्था, निवेश, लैंगिक अंतराल को कम करना, बाल श्रम, भ्रष्टाचार से मुकाबला और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे।

परिवहन और पर्यावरण जैसे विभाग और दिल्ली परिवहन निगम तथा दिल्ली मेट्रो रेल निगम सहित अन्य एजेंसियां, कम ग्रीनहाउस गैस और कार्बन उत्सर्जन के लिए संबंधित कार्य बिंदु पर काम करेंगी।

उद्योग और स्वास्थ्य विभाग जिन कार्य बिंदुओं पर काम करेंगे, उनमें भविष्य में स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए बेहतर तैयारी को लेकर विकासशील देशों में चिकित्सा उपायों तक पहुंच में सुधार और अधिक आपूर्ति तथा उत्पादन क्षमताओं को सुविधाजनक बनाना शामिल है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग एक कार्य बिंदु पर काम करेगा जिसमें डिजिटल सेवाओं और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार करना और टिकाऊ एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल परिवर्तन के अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। रोजगार, शिक्षा और श्रम विभाग ऐसे कार्य बिंदु पर काम करेंगे जो टिकाऊ गुणवत्तापूर्ण, स्वस्थ, सुरक्षित और लाभकारी रोजगार को बढ़ावा दे।

आदेश में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस कानूनी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप अपराध से अर्जित आय को जब्त करने, पीड़ितों और सरकारों को वापस करने के वैश्विक प्रयासों को बढ़ाने में सहायता के लिए एक कार्य बिंदु पर काम करेगी।

### नड्डा ने कार्यकर्ताओं साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम को अधिकांश बूथों पर सुना गया। बूथ स्तर पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम के एपिसोड को सभी बूथ पालकों ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना और पीएम द्वारा कही गई बातों को जन जन पहुंचाने का निर्णय लिया।


मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद मीनाक्षी लेखी व अन्य।

# विरोधी को फंसाने के लिए खुद के पैर में गोली मारी

- तीन गिरफ्तार, आरोपियों से कट्टा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**खुद** के पैर में गोली मारकर विरोधी को फंसाने की साजिश रचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान वसीम, उसके भाई फहीम और उसके सहयोगी साहिल के रूप में हुई है। इन लोगों के कब्जे से कट्टा बरामद किया है। ज्योति नगर पुलिस थाने को बृहस्पतिवार को कर्दमपुरी इलाके में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। घटना में घायल व्यक्ति को उसके भाई ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की, लेकिन पीड़ित ने बयान नहीं दिया।

मामले की जांच के दौरान टीम ने भूरा नाम के व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसने पूछताछ में बताया कि वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूटा है। उपायुक्त ने कहा, बाद में जब हमने पीड़ित के भाई फहीम से पूछताछ की तो पता चला कि वे भूरा को झूठे मामले में फंसाकर उससे बदला लेना चाहते थे। इसलिए, साहिल नाम के एक दोस्त के साथ मिलकर साजिश रची और एक ऐसी जगह तलाश की जो सीसीटीवी कैमरे की जद से बाहर थी। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे तीनों ने कथित तौर पर भूरा को रोका और साहिल ने उसे पीछे से पकड़ लिया। फहीम ने कथित तौर पर देसी पिस्तौल अपने भाई वसीम को दी, जिसने बाएं पैर में खुद को गोली मार ली।

# निगम के सभी विद्यालयों में होगी साइन भाषा प्रतियोगिताएं

- इसके माध्यम से छात्र अपनी बात दूसरे तक बिना बोले पहुंचाना सीख सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**नगर** निगम के विद्यालयों में 23 को साइन भाषा दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मकसद संप्रेषण में साइन भाषा के महत्व, सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भाषा का योगदान एवं समावेशन को प्रोत्साहित करने में इस भाषा की अहम भूमिका को मान्यता प्रदान करना है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस की थीम एक ऐसा विश्व जहां कहीं भी मूक बधिर व्यक्ति साइन भाषा द्वारा संप्रेषण कर सकते हैं। संपूर्ण विश्व में मनाए जाने वाले इस दिवस के अवसर पर एमसीडी ने मूक बधिर व्यक्तियों के संप्रेषण में साइन भाषा को बढ़ावा देने के लिए इस दिन अपने विद्यालयों में कई गतिविधियों का आयोजन किया। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय साइन भाषा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर निगम विद्यालयों के विशेष शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा में साइन भाषा से संबंधित विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में परीक्षाओं के उपरांत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिनके अंतर्गत अध्यापकों एवं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मूक बधिर व्यक्तियों के साथ संप्रेषण में साइन भाषा के उपयोग एवं महत्व के बारे में जागरूक किया जायेगा।

परीक्षाओं के उपरांत विद्यालयों में साइन भाषा पर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र न केवल साइन भाषा सीख सकेंगे बल्कि मूक बधिर छात्रों के साथ मनोरंजक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। साइन भाषा के माध्यम से छात्र अपनी बात एक दूसरे तक बिना बोले पहुंचाना सीख सकेंगे।

### बदमाशों ने आभूषण की दुकान में की लूटपाट

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके में चार नकाबपोश बदमाशों ने आभूषण की एक दुकान में कथित रूप से लूटपाट की है। पुलिस के मुताबिक, पीतमपुरा के रहने वाले 48 वर्षीय दुकान के मालिक ने विजय नगर थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार को हुई बिक्री का हिसाब लगा रहे थे कि तभी शाम करीब सात बजे हेलमेट और मास्क लगाया हुआ एक व्यक्ति दुकान में आया।

उन्होंने बताया कि उसके बाद तीन अन्य नकाबपोश व्यक्ति भी दुकान में घुस आए। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने दावा किया कि घबराकर उन्होंने खुद को दुकान के लॉकर कक्ष में बंद कर लिया। दुकान पर काम करने वाले बजरंग ने दरवाजा खटखटाया और पीड़ित को जानकारी दी कि आरोपी सोना-चांदी, 75 हजार रुपए व अन्य मूल्यवान चीजें ले गए हैं।

# डेंगू-वायरल पर कारगर है आयुर्वेद : पराशर

- कहा, अधिकांश मरीजों में मिल रहा खतरनाक स्ट्रेन डेन टू मिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में डेंगू के लगातार बढ़ते मरीजों में चिंताजनक पक्ष यह है कि अधिकांश मामलों में खतरनाक स्ट्रेन डेन टू मिल रहा है। दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. राजपाल पराशर ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार पिछले चार वर्षों के मुकाबले अब तक सबसे अधिक मामले डेंगू संक्रमण के आ चुके हैं। इसके अलावा दोहरे संक्रमण के रोगी भी खूब आ रहे हैं जिनमें जांच के बाद डेंगू के साथ कोई अन्य वायरल या बैक्टीरिया संक्रमण भी मिल रहा है। कोरोना के बाद लोगों के शरीर में आई कमजोरी और घटी इम्यूनिटी के कारण ऐसा हो रहा है। डॉ. परशार के अनुसार डेंगू मरीजों के इलाज में आयुर्वेदिक दवाएं कारगर हैं जिनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। बुखार के सभी रोगी पहले दिन से ही संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, महासुदर्शन चूर्ण, कालमेघ, भुंईआंवला, पपीते के पत्तों के रस, गिलोय का काढ़ा और हरसिंगार के पत्तों के काढ़े का प्रयोग करें ताकि डेंगू व अन्य कोई भी संक्रमण गंभीर स्थिति में न पहुंचे। बुखार आने पर पहले दिन से ही इन दवाओं का प्रयोग करने से डेंगू के मरीजों में न तो प्लेटलेट्स की संख्या ज्यादा घटेगी और न ही शरीर में ब्लीडिंग होगी। ये दवाऐं हर तरह के बुखार में भी लाभकारी हैं।

उन्होंने कहा कि बुखार डेंगू के बजाय किसी और संक्रमण के कारण हो तो उसमें भी ये दवाएं फायदा ही करेंगी। संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, कुटकी, महासुदर्शन चूर्ण, पपीते के पत्तों का रस, भुंई आंवला, गिलोय, कालमेघ आदि दवाएं टेबलेट, कैप्सूल और सिरप के रूप में बाजार में उपलब्ध हैं जबकि हरसिंगार के पत्तों का काढ़ा घर पर आसानी से बनाया जा सकता है।

# धरती के गर्भ का रहस्य जानने की कवायद में जुटी दुनिया

## अगर यह दुनिया हमारे-आपके रहने लायक है, तो इसका रहस्य सेब के आकार की पृथ्वी के भीतर करीब 2,000 से 6,000 किलोमीटर गहराई में छिपा हुआ है। हम जानते हैं कि दुनिया की सबसे भीतर की परत आहिस्ता-आहिस्ता ठोस में तब्दील हो रही है। इससे ऊष्मा फैलती है।

**अगर** यह दुनिया हमारे-आपके रहने लायक है, तो इसका रहस्य सेब के आकार की पृथ्वी के भीतर करीब 2,000 से 6,000 किलोमीटर गहराई में छिपा हुआ है। हम जानते हैं कि दुनिया की सबसे भीतर की परत आहिस्ता-आहिस्ता ठोस में तब्दील हो रही है। इससे ऊष्मा फैलती है। इससे एक चुंबकीय क्षेत्र बनता है जो ऊपर आता है और पृथ्वी को घेरकर उसकी सुरक्षा करता है। हालांकि, पृथ्वी के कोर (पृथ्वी का सबसे अंदरूनी हिस्सा) को लेकर हमारी अब तक की समझदारी सिर्फ परिकल्पना पर आधारित है।

पृथ्वी के कोर यानी इसके दिल के बारे में काफी कुछ है, जो अब तक हम जान नहीं पाए हैं। सच तो यह है कि अंतरिक्ष के बारे में जानने में हमने काफी सफलता पाई है, लेकिन खुद अपनी दुनिया के बारे में जानने में हमें अब तक कुछ खास सफलता नहीं मिली है। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साल 1977 में वोयेजर-1 नाम से जो अंतरिक्ष यान लॉन्च किया था, उसने पृथ्वी से अंतरिक्ष की 230 लाख किलोमीटर की यात्रा की। इसकी तुलना में पृथ्वी के भीतर जो सबसे गहरा छेद किया गया, उसकी गहराई 12.2 किलोमीटर (इस पर आगे बात होगी) रही।

पृथ्वी के कोर का भौतिक अध्ययन इसके आंतरिक भाग के बेहद कठोर होने के चलते मुश्किल हो जाता है। पृथ्वी की गहराई में 200 किलोमीटर जाने पर हड्डियां गलकर धूल में तब्दील हो सकती हैं। पृथ्वी के क्रस्ट के आधार का तापमान 1,000 डिग्री सेल्सियस, मेंटल की निचली सतह का तापमान 3,000 डिग्री सेल्सियस और कोर का तापमान 6,000 डिग्री सेल्सियस है। पृथ्वी के भीतर दबाव भी जानलेवा हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पृथ्वी के निचले मेंटल में 24 ङ्क136 गीगापास्कल (1 गीगापास्कल या जीपीए 1 बिलियन पास्कल के बराबर होता है) दबाव, बाहरी कोर में 135-330 गीगापास्कल दबाव और आंतरिक कोर में 330-365 गीगीपास्कल दबाव हो सकता है। मानव शरीर कुछ हजार किलोपास्कल (1 किलोपास्कल या केपीए. 0.012 गीगापास्कल के बराबर होता है) के दबाव का ही सामना कर सकता है।

अत: कोई भी अध्ययन, जो कोर की कार्यशैली पर थोड़ी भी रौशनी डालता है, उसकी गहन छानबीन करने की जरूरत है। इस साल के शुरू में इस संबंध में दो अध्ययन प्रकाशित हुए, जो विज्ञानियों में व्यापक बहस का विषय बने और इन बहसों में यह रेखांकित किया गया कि हमारे पास अब तक ऐसे तकनीकी संसाधन नहीं हैं कि हम पृथ्वी की गहराई में जाकर ठोस अंतर्दृष्टि हासिल कर सकें।

जनवरी 2023 में आए एक अध्ययन में चीन के पेकिंग विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जियाडोंगे सॉन्ग व यी यांग ने परिकल्पना की कि पृथ्वी का आंतरिक कोर स्वतंत्र रूप से घूम रहा है। यह कभी-कभी तेज घूमता है तो कभी-कभी बाकी पृथ्वी के मुकाबले बहुत धीमे। सॉन्ग व यांग ने भूकंप के बाद जो शॉकवेव्स बनते हैं, उनकी भूकंप-सूचक लहरों से आंकड़ा संग्रह किया। ये शॉकवेव्स पृथ्वी के भीतर जाते हैं और फिर लौटकर सतह पर आ जाते हैं।

इन आंकड़ों के आधार पर उन्होंने अध्ययन में कहा कि साल 1970 से साल 2000 की शुरुआत तक कोर की आंतरिक ठोस परत बाकी पृथ्वी के मुकाबले प्रति वर्ष 0.1 डिग्री तेज घूमी। घूमने की इस क्रिया को तीव्र-घूर्णन कहा जाता है। नेचर जिओसाइंसेज में प्रकाशित अपने इस अध्ययन में उन्होंने आगे कहा कि साल 2000 के मध्य में आंतरिक कोर में धीमापन आया और फिर यह सुस्त हो गया जिसे अल्प-घूर्णन कहा जाता है। फिलवक्त, पृथ्वी का बाकी हिस्सा और आंतरिक कोर किस रफ्तार से घूम रहा है, यह उन्हें पता नहीं चल पाया है। सॉन्ग व यांग यह भी कहते हैं कि आंतरिक कोर हर सात दशक में अल्प से तीव्र घूर्णन में बदल जाता है, जो चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है। हालांकि, चुंबकीय क्षेत्र बाहरी कोर में बनता है मगर इसका कुछ हिस्सा आंतरिक कोर में भी रहता है। यांग कहते हैं, आप कल्पना करिए कि चुंबकीय क्षेत्र धागे हैं जो आंतरिक कोर से होकर गुजरते हैं। आंतरिक कोर अपनी रफ्तार से चलता है और धागे को खींचता है और इस कारण से चुंबकीय क्षेत्र में बदलाव आता है।

अध्ययन में शामिल लेखकों का अनुमान है कि कोर में बदलाव संभवत: पृथ्वी की जलवायु को भी प्रभावित करता होगा, जैसा कि हम हर 60-70 सालों में देखते हैं। मगर वे इन दोनों के बीच के संभावित संबंध के बारे में विस्तार से नहीं बताते हैं।

दूसरे अध्ययन आंतरिक कोर के भीतर एक और परत, जिसे अंतरतम आंतरिक कोर कहा जाता है, की मौजूदगी की पुष्टि करते हैं। अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया था कि भूकंपीय तरंगें क्षेत्र की अलग-अलग दिशाओं में अलग तरह का व्यवहार करती हैं। इसके आधार पर उन्होंने साल 2002 में पहली बार बताया था कि आंतरिक कोर के भीतर एक और परत छिपी हुई है।

इसके लगभग 18 सालों के बाद ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोल विज्ञानी हर्वोएद काल्चिच और उनकी टीम ने अपने इस सिद्धांत को मजबूती देने के लिए और सबूत पेश किए। फरवरी 2022 में जर्नल ऑफ जिओफिजिकल रिसर्च सॉलिड अर्थ में प्रकाशित एक अध्ययन में उन्होंने अंतरतम आंतरिक कोर के होने पुष्टि की और इसका अर्धव्यास 650 किलोमीटर होने का अनुमान लगाया। यह पुष्टि उन्होंने यह देखने को बाद की कि बाकी के आंतरिक कोर की तुलना में यहां तरंगें अलग-अलग दिशाओं में धीमा हो जाती हैं।उनका कहना है कि कोर के मध्य में लौह परमाणु की विविध व्यवस्था के चलते ऐसा हो सकता है। अब इस साल फरवरी में नेचर कम्युनिकेशंस में छपे एक अध्ययन में इस सिद्धांत की पुष्टि करने के लिए वे और सबूत देते हैं। यह टीम बड़े भूकंप से निकलने वाली भूकंप तरंगें, जो अंदर से होते हुए गुजरती हैं और वापस अपने उद्गम बिन्दु तक या उसके आसपास लौट आती हैं, उनका अध्ययन करती है। ऐसा देखा जाता है कि पृथ्वी के अंतरतम आंतरिक कोर में पृथ्वी के घूर्णन अक्ष के मुकाबले तरंगों का घुमाव 50 डिग्री धीमा होता है, वहीं बाकी कोर में यह भूमध्यरेखीय समतल के समानांतर काफी धीमी रफ्तार से यात्रा करता है।

पृथ्वी के आंतरिक हिस्से के अध्ययन के लिए भूकंपीय तरंगों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है। साल 1900 के शुरू से ही पृथ्वी की आंतरिक परतों में झांकने के लिए विज्ञानी सिस्मोमीटर नामक उपकरण में दर्ज होने वाली भूकंपीय तरंगों के आंकड़ों का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। ये उपकरण अलग-अलग परतों में तरंगों के व्यवहार को रिकॉर्ड कर एक आउटपुट तैयार करते हैं, जो देखने से इलेक्ट्रोइंसेफेलोग्राम (ईईजी) ग्राफ का अहसास देता है। अमेरिका के कार्नेगी इंस्टीट्यूशन ऑफ साइंस के स्टाफ विज्ञानी पीटर ड्रिस्कोल समझाते हैं कि तरंगें गर्म तत्वों से तेज गति से और सर्द तत्वों से धीमी गति से गुजरती हैं। घनत्व और दबाव के साथ रफ्तार बढ़ती भी है। अगर परत की सामग्री ठोस या तरल है, तो तरंगें निष्कर्ष पर पहुंचने में भी मदद करती हैं। लेकिन, कोर के अध्ययन का यह परोक्ष तरीका बहस को भी जन्म देता है।

ैर यांग के अध्ययनों पर लौटें तो, उन्होंने ऐसे दो भूकंपों का विश्लेषण किया, जो शुरू तो एक ही स्रोत से हुए थे, लेकिन उनके आने का वक्त अलग-अलग था। मसलन कि साल 2017 में इंडोनेशिया में दो भूकंप आए। इनका केंद्र बिन्दु मध्य सुमात्रा के पडांगा पंजांग के करीब था, लेकिन दोनों भूकंप दो घंटों के अंतराल पर आए थे। सॉन्ग ने इस तरह का पहला विश्लेषण साल 1996 में किया था, जब वह अमेरिका की कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में पीएचडी के छात्र थे।

उन्होंने साल 1960 से 1996 के बीच दोहरे भूकंप के आंकड़ों के आधार पर तरंगों के आंतरिक कोर से होकर गुजरने में लगे समय को मापा। दोहरे भूकंप की भूकंपीय तरंगों की यात्रा अवधि समान रहने की उम्मीद रहती है। मगर, सॉन्ग के विश्लेषण में इसमें कुछ थोड़ा बदलाव दिखा, जिससे मालूम चलता है कि जब आंतरिक कोर घूमता है, तो तरंगें अलग-अलग सामग्री के संपर्क में आती रहती हैं। उन्होंने अनुमान लगाया कि दो भूकंपों की यात्रा अवधि में अंतर, आंतरिक कोर के घूमने की रफ्तार का अनुमान लगाने में मदद कर सकता है। इस साल के अध्ययन की बुनियाद भी यही है।

मैड्रिड की कम्प्लुटेंस यूनिवर्सिटी के भौतिक विज्ञानी मौरिजिओ मट्टेसी जैसे कुछ विज्ञानी सॉन्ग और यांग के अध्ययन की सराहना करते हैं। मट्टेसिनी कहते हैं कि बाहरी कोर में मौजूद तरल पदार्थ के चलते आंतरिक कोर में स्वतंत्र घुमाव हो सकता है। कोर मुख्य तौर पर आयरन और निकेल के साथ-साथ हल्के तत्व जैसे सल्फर और ऑक्सीजन से बना होता है। ये धातुएं आंतरिक कोर में ठोस रूप में और बाहरी परत में तरल रूप में होती हैं। वह कहते हैं, आंतरिक वृत्त में, बाहरी तरल के मुकाबले कम घर्षण होता है। इसलिए बाहरी तरल में कंपन या घुमाव होता है।

हालांकि, दूसरे विज्ञानी दोहरे भूकंप की पद्धति पर सवाल उठाते हैं। उनके मुताबिक, तरंगों की यात्रा अवधि मेंटल से प्रभावित हो सकती है, जो घूमते हुए तापमान और धातुओं में बदलाव के बारे में भी बताती हैं।

पृथ्वी में चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया के गायब होने की संभावना से भी विज्ञानी इनकार नहीं करते हैं, जो कोर के पूरी तरह से ठोस हो जाने पर हो सकता है। मंगल का भी यही हश्र हुआ। साइंस एडवांसेस में साल 2020 में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, इस लाल ग्रह का कोर संभवत: आयरन, सल्फर और हाइड्रोजन से मिलकर बना है और इसमें चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया के खत्म होने से पहले संभवत: 450-370 करोड़ सालों से चुंबकीय क्षेत्र बन रहा था। यह कैसे हुआ होगा, यह समझने के लिए जापान और रूस के शोधकर्ताओं ने मंगल ग्रह के कोर जैसी लौह मिश्र धातु तैयार की, जिसमें हाइड्रोजन और सल्फर थे और इसे उच्च तापमान और दबाव पर रखा।

साल 2022 में नेचर कम्युनिकेशंस में छपे एक अध्ययन में उन्होंने बताया कि आयरन-हाइड्रोजन और आयरन-सल्फर का संयोजन बनाने के लिए आयरन-सल्फर-हाइड्रोजन के मिश्रण में विघटन होता है। उन्होंने सिद्धांत दिया कि मंगल में विघटन के बाद भारी आयरन-सल्फर वहीं टिका रहता है और हल्का आयरन-हाइड्रोजन ऊपर की तरफ जाने लगता है तथा तरल कोर के साथ मिल जाता है। इसी वजह से चुंबकीय क्षेत्र को बढ़ावा मिला होगा। जब मिश्रण पूरी तरह अलग हो गए, तो मंगल ग्रह में चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया खत्म हो गई। पृथ्वी भी अपनी गर्मी खो रही है। कोर के साथ साथ, मेंटल में मौजूद पोटैशियम और यूरेनियम के रेडियोधर्मी तत्वों में क्षरण होने से ऊर्जा बाहर निकल रही है। मानवीय गतिविधियां इस प्रक्रिया को और रफ्तार दे रही हैं। पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित कोयला, गैस व तेल जैसे जीवाश्म ईंधन ऊष्मारोधी का काम करते हैं और गर्मी को भीतर से भागने से रोकते हैं। लेकिन, जब इन ईंधनों को निकाल लिया जाता है, तो भूगर्भ में मौजूद पानी, जो अपेक्षाकृत कम प्रभावी ऊष्मारोधी है, इन ईंधनों की जगह ले लेता है। इसके परिणामस्वरूप ज्यादा गर्मी सतह पर आ जाती है।

जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च एंड रिपोर्ट्स में साल 2019 में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, सउदी अरब, अरब की खाड़ी, मैक्सिको की खाड़ी, उत्तरी समुद्र और अलास्का जैसे भीषण ईंधन दोहन वाले क्षेत्रों में वैश्विक औसत के मुकाबले 3-6 गुना अधिक गर्मी दर्ज की गई।

पृथ्वी में चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया कब निष्क्रिय हो जाएगी, इसका अनुमान लगाने के लिए विज्ञानी आयरन की थर्मल प्रवाहकता का अध्ययन करते हैं। इसमें उच्च प्रवाह का मतलब है कि कोर तेजी से ठंडा हो रहा है। अभी तक जो भी अनुमान लगाए गए हैं, वे अलग-अलग हैं। साल 2016 में नेचर में छपे दो अलग-अलग अध्ययनों में कोर-मेंटल सीमा में आयरन की थर्मल प्रवाहकता क्रमश: 90 वाट प्रति मीटर प्रति केल्विन (डब्ल्यूएम-1 के-1) और 18-44 वाट एम-1 के-1 मापी गई।

ड्रिस्कोल कहते हैं, फिर भी उम्मीद है कि चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया लाखों वर्षों तक चलेगी। कोर अपनी गर्मी को मेंटल के जरिए हटाने की कोशिश कर रहा है। चूंकि मेंटल काफी गाढ़ा है, तो यह गर्मी को धीरे-धीरे छोड़ता है।

यद्यपि पृथ्वी के क्रस्ट में बहुत थोड़ी ही ड्रिलिंग हुई है, मगर इससे ग्रह को लेकर काफी जानकारियां मिली हैं 2016 में केंद्रीय भू विज्ञान मंत्रालय के शोधकर्ताओं ने एक अनूठे प्रयोग को मंजूरी दी। इसके तहत मध्य प्रदेश के कोयना क्षेत्र में पृथ्वी की सतह के भीतर 3 किलोमीटर गहरी ड्रिलिंग को हरी झंडी दिखाई गई। इस क्षेत्र का चुनाव करने के पीछे वजह यह थी कि साल 1960 तक यह क्षेत्र भूकंप प्रवण नहीं था। गोडवाना रिसर्च में साल 2017 में प्रकाशित एक अध्ययन बताता है कि साल 1967 से साल 2015 के बीच लेकिन अचानक यह इलाका भूकंप सक्रिय हो गया और मैग्नीट्यूड पर 4 से अधिक तीव्रता वाले 44 भूकंप और कई सौ छोटे भूकंप दर्ज किए गए। विज्ञानियों का अनुमान है कि कोयना भूकंप को लेकर संवेदनशील क्षेत्र 1962 के बाद बना जब इस क्षेत्र की शिवाजीसागर झील को घेर दिया गया। इस तरह के बदलाव से जब भूकंप आते हैं, तो उन्हें रिजर्वायर-प्रेरित भूकंप कहा जाता है और टर्की, इटली, दक्षिण कोरिया व स्पेन जैसे देशों में इस तरह के भूकंप देखे जा चुके हैं। दूसरे क्षेत्रों में हालांकि इस तरह के भूकंप कुछ ही सालों में थम गए, लेकिन कोयना में 20×30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में अब भी सक्रिय है।

बोरहोल जिओफिजिक्स रिसर्च लेबोरेटरी के प्रमुख व विज्ञानी(जी) सुकान्ता रॉय कोयना प्रोजेक्ट में शामिल थे। वह कहते हैं कि इसके पीछे दो उद्देश्य थे- पहला तो वहां से चट्टानों के नमूने संग्रह करना और दूसरा ड्रिलिंग कर उसमें सिस्मोमीटर डालना। शोधकर्ताओं ने प्रायोगिक तौर पर 1.5 किलोमीटर गहरे 6 गड्ढे खोदने के बाद दिसम्बर 2016 से ड्रिलिंग करना शुरू किया। जून 2017 तक तीन किलोमीटर गहरी ड्रिलिंग पूरी हुई और 1.6-2.9 मीटर गहराई से चट्टानों के नमूने जुटाए गए। इन नमूनों की जांच में पाया गया कि सतह का पानी चट्टानों से रिसकर भीतर चला गया है और दरार पड़ी चट्टानों का इधर-उधर जाना आसान बनाता है। राय कहते हैं, इस एक ड्रिलिंग से बने बोरहोल ने कई जानकारियां दी हैं, जो पूर्व में कई सतही पड़तालों में नहीं मिल पाई थीं। इसको लेकर दूसरे तरह के प्रयोग भी हो रहे हैं और इन सबके बीच विज्ञानी दो तीन सालों में 5 किलोमीटर गहरी ड्रिलिंग की भी योजना बना रहे हैं।

यह बात तो साफ है कि पृथ्वी की परतों में इस ग्रह के बारे में कई तरह की गूढ़ जानकारियां दफ्न हैं। ये विज्ञानियों को भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट, सूक्ष्म जीवन, पूर्व के जलवायु, ग्रह के निर्माण और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में अध्ययन करने में मदद करते हैं। इसी वजह से तमाम देश दशकों से पृथ्वी की सतह के भीतर ड्रिलिंग करते रहे हैं। ड्रिलिंग जमीन और समुद्र के भीतर की जाती है क्योंकि पूर्व के प्रयोगों के चलते ऐसा माना जाता है कि ये कम अशांत क्षेत्र हैं। रॉय कहते हैं कि दोनों जगहों पर ड्रिलिंग में जिस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, उसी तकनीक का प्रयोग हीरे और तेल के लिए ड्रिलिंग में होता है। ड्रिलिंग के लिए क्षेत्र के चयन में यह देखा जाता है कि चयनित क्षेत्र में ड्रिलिंग कितनी व्यावहारिक और क्षेत्र कितनी चिरस्थायी होगी। इसके बाद सतह और चट्टानों को काटने के लिए वहां उपकरण लाए जाते हैं।

दुनिया में सबसे पहला ड्रिलिंग अभियान साल 1960 में अमेरिका के प्रोजेक्ट मोहोल के तहत शुरू हुआ था। इस ड्रिलिंग का लक्ष्य क्रस्ट और मेंटल की सीमा, जिसे मोहोरोविसिक डिस्कंटिन्यूटी या मोहो कहा जाता है, तक पहुंचना था। यूएस नेशनल अकेडमी ऑफ साइंस के के मुताबिक, साल 1961 में उक्त टीम ने मैक्सिको के गुआवालूप में समुद्र के भीतर पांच छेद किए। इनमें से एक एक छेद 3 किलोमीटर पानी को पार कर समुद्रतल की 183 मीटर गहराई तक गया। ड्रिलिंग तकनीक बताने के लिए यह अभियान बहुत अहम था, लेकिन मगर फंड की कमी के चलते इस प्रोजेक्ट को बीच में ही बंद कर दिया गया।इस मामले में रूस भी पीछे नहीं रहा। चट्टानों का निर्माण किन तत्वों से हुआ और इनकी भौतिक विशेषताएं तथा तकनीक में सुधार और नई तकनीक का ईजाद करने के लिए साल 1970 में रूस के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र के कोला पेनिंसुला में ड्रिलिंग शुरू की गई। साल 1989 तक 12.2 किलोमीटर गहरा छेद किया गया। इसे कोला सुपरडीप बोरहोल कहा जाता है और यह दुनिया का अब तक का सबसे पहले गहरा मानवकृत छेद है। आईओपी कॉन्फ्रेंस सीरीज- अर्थ एंड एनवायरमेंट साइंस में साल 2020 में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, इससे विज्ञानियों को तीन किलोमीटर गहराई में स्थित चट्टानों के नमूने, जो चंद्र मिट्टी के जैसे थे, को जुटाने में मदद मिली। 10 किलोमीटर की गहराई में उन्हें प्राचीन जीवित जीव के क्षत-विक्षत अवशेष मिले, जिससे 300 करोड़ साल पहले जीवन शुरू होने के संकेत मिले। फंडिंग के मुद्दे को लेकर कोला प्रोजेक्ट रुक गया और साल 1995 में गड्ढे को बंद कर दिया गया।दुनिया के कई देश कई सालों से इसी तरह जमीन और समुद्र में प्रयोग की कोशिश कर रहे हैं। साल 1995 में स्थापित इंटरनेशनल कॉन्टिनेंटल साइंटिफिक ड्रिलिंग प्रोग्राम (आईसीडीपी) में भारत समेत 22 देश शामिल हैं। यह कार्यक्रम जमीन पर ड्रिलिंग में मदद देता है। आईसीडीपी ने कोयना प्रोजेक्ट को फंड और शोध में मदद मुहैया कराई है।

**साभार : डीटीआई**



### पृथ्वी पर जीवन



पृथ्वी के भीतर की गतिविधियों के अध्ययन के लिए कोर को समझना बहुत अहम है आंतरिक कोर की खोज साल 1929 में डेनमार्क के भूकंपविज्ञानी ईंगे हेलमैन ने की थी। पृथ्वी की प्राकृतिक प्रक्रियाओं में इसके महत्व को देखते हुए विज्ञानियों का अनुमान है कि यह पृथ्वी के अस्तित्व को समझने के लिए अहम है। पृथ्वी हमेशा से ऐसी नहीं थी, जैसी हम अभी देख रहे हैं। अमेरिका की नेशनल ओसिनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, पृथ्वी 450 करोड़ साल पहले पिघली हुई चट्टानों के समुद्र के रूप में अस्तित्व में आई थी, जिसका तापमान 1982 डिग्री सेल्सियस था। वक्त के साथ पृथ्वी ठंडी हो गई जिससे आयरन जैसी भारी धातुएं कोर बनाने के लिए भीतर चली गईं जबकि हल्की सिलिका से भरी धातु सतह पर पहुंच गई और इनसे क्रस्ट का निर्माण हुआ। वहीं, मैग्नीशियम व सिलिकेट्स जैसी धातुओं से क्रस्ट और कोर के बीच मेंटल का निर्माण हुआ। विज्ञानी कोर की उम्र का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही यह भी कि इसका ठोस होना कब शुरू हुआ। कुछ का कहना है कि आंतरिक कोर आदिमयुगीन है और यह पृथ्वी जितना ही पुराना हो सकता है। दूसरे अध्ययन इसकी उम्र कई सौ लाख से 100 करोड़ साल तक बताते हैं। आंतरिक कोर का ठोस होते जाना पृथ्वी में चुंबकीय क्षेत्र बनने की प्रक्रिया को संचालित करता है या उस प्रक्रिया को संचालित करता है, जिसके द्वारा कोर की विकिरण गर्मी, चुम्बकत्व को बढ़ाती है। फिजिक्स ऑफ द अर्थ एंड प्लैनेटरी इंटीरियर्स में साल 2015 में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, संप्रति आंतरिक कोर प्रति वर्ष 1 एमएम अर्धव्यास की दर से ठोस बन रहा है। तरल लोहे से बना बाहरी कोर, आंतरिक कोर के ठोस होने से निकलने वाली ऊर्जा लेकर विद्युत प्रवाह बनाता है। प्रवाह की गति और पृथ्वी का घूर्णन मिलकर विद्युत क्षेत्र को चुंबकीय क्षेत्र में बदलता है। हाइड्रोजन, सिलिकॉन, ऑक्सीजन, कार्बन और सल्फर जैसे हल्के तत्व जब ठोस में तब्दील होते वक्त बाहरी तरल कोर की तरफ जाते हैं, तो ये भी ऊर्जा स्रोत का काम करते हैं। कोर की गर्मी, क्रस्ट और मेंटल की टेक्टोनिक्स प्लेट को शक्ति देती है, जिसकी हरकत से भू-दृश्य, पर्वत व ज्वालामुखी बनते और नया आकार लेते हैं। ज्वालामुखी के फूटने से कार्बन डाईऑक्साइड निकलता है, जोआबोहवा के ग्रीनहाउस गैस और सतही तापमान को नियंत्रित करता है। गैस पृथ्वी के आंतरिक भाग में सब्डक्शन जोन में वापस लौटती है जहां एक टेक्टोनिक प्लेट दूसरे टेक्टोनिक प्लेट के नीचे डूब जाती है। माना जाता है कि इस चक्र ने ही आबोहवा, समुद्र, द्वीप और जीवन के अनुकूल स्थितियां पैदा कीं। सबडक्शन जोन में भी सतह पर जाने वाला पानी भीतर की तरफ बढ़ता है और संभवत- कोर-मेंटल सीमा तक पहुंचता है। इसके बाद ज्वालामुखी गतिविधियों के दौरान वापस सतह पर आ जाता है। देखा गया है कि बाहरी कोर में बने चुंबकीय क्षेत्र की मजबूती में कुछ व्यवधान आया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी के मुताबिक, पिछले 200 सालों में पृथ्वी ने चुंबकीय मजबूती का 9 प्रतिशत हिस्सा खो दिया है। एक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र विपरीत गतिविधि का अनुमान देता है, जिसमें चुंबकीय उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव अपना स्थान बदल लेता है। यह मानव व पशुओं के जीवन को प्रभावित कर सकता है और सैटेलाइट तथा अन्य तंत्र में व्यवधान डाल सकता है। इस तरह की आखिरी विपरीत गतिविधि 7,72,000-7,74,000 साल पहले हुई थी। तब से लेकर 15 बार ऐसा हुआ कि चुंबकीय क्षेत्र की मजबूती में गिरावट आई, लेकिन गिरावट उस स्तर पर नहीं आई कि दोनों ध्रुव अपना स्थान बदल लें। साल 2021 में साइंस में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, करीब 40,000 साल पहले चुंबकीय क्षेत्र में बेतहाशा गिरावट आई थी जिससे पराबैंगनी किरणों के चलते पृथ्वी तहस-नहस हो गई थी। उस वक्त आदिमानव और विशालकाय जानवर खत्म हो गए थे। आधुनिक मानव 2,00,000 साल पहले आया और उन्होंने गुफाओं में शरण ली। विज्ञानियों का अनुमान है कि चुंबकीय क्षेत्र में कमजोरी दक्षिणी अटलांटिक एनोमैली से संबंधित हो सकते हैं। यह दक्षिणी अटलांटिक क्षेत्र के जिम्बाब्वे और चिली के बीच का क्षेत्र है, जहां चुंबकीय विपरीतता विपरीत और शेष दुनिया के मुकाबले कमजोर होती है। जब इस क्षेत्र के ऊपर से सैटेलाइट गुजरता है, तो इसका सामना विकिरण से होता है जिससे इलेक्ट्रॉनिक खराबियां आती हैं। साल 2020 में प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकेडमी ऑफ साइंसेज में छपे एक अध्ययन में लीवरपूल यूनिवर्सिटी के एंडी बिग्गिन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने दक्षिणी अटलांटिक महासागर के एक द्वीप सैंट हेलेना की ज्वालामुखीय चट्टानों का विश्लेषण किया है। ज्वालामुखीय चट्टान जब ठंडी होकर लावा से ठोस में तब्दील होती है, तो उसमें मौजूद चुंबकीय पदार्थ चुंबकीय क्षेत्र की दिशा और मजबूती को संरक्षित रखता है, जो बताता है कि यह कमजोरी लाखों सालों से अस्तित्व में रही है। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में लिखा है कि अफ्रीका में भूकंपीय तरंगें सबसे निचले मेंटल के आसपास के क्षेत्र में बहुत धीमी गति से यात्रा करती है, जिससे इसके असामान्य रूप से गर्म होने का अनुमान होता है। इस क्षेत्र को अफ्रीकन लार्ज लो शीयर वेलोसिटी प्रोविंस कहा जाता है और चूंकि यह बाकी मेंटल के मुकाबले गर्म होता है, तो यह बहाव को प्रभावित करते हुए बाहरी तरल कोर पर असर डाल सकता है। बिग्गिन इस संबंध में समझाते हैं, यह रासायनिक रूप से भी अलग हो सकता है, इसलिए हमारी परिकल्पना है कि दक्षिणी अटलांटिक में यह असामान्य विसंगति मेंटल के आधार की असामान्य स्थितियों से जुड़ा हुआ है। हालांकि, वह यह भी कहते हैं कि यह आवश्यक तौर पर चुंबकीय क्षेत्र में विपरीत प्रतिक्रिया का संकेत नहीं देता है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाड के फाइनल में पहुंची

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** महिला टीम ने 19वें एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने रविवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। इस जीत से भारत का क्रिकेट में एक मेडल पक्का हो गया है।

गोल्ड मेडल मैच भारतीय टीम का मुकाबला सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दूसरा सेमीफाइनल पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज इसी मैदान पर खेला जाएगा। चीन के होंगजोऊ शहर में बांग्लादेशी टीम

### बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

### पाकिस्तान-श्रीलंका के विजेता से सामना होगा

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 51 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर टारगेट अचीव कर लिया। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने अपने कोटे के चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पूजा ने एस रानी, शमीमा सुल्ताना, एस मोस्तारी और रितू मेनी को



पवेलियन की राह दिखाई। पूजा की गेंदबाजी की बदौलत भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 51 रनों पर समेट दिया।

52 रनों का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान स्मृति मंधाना (7 रन)और शेफाली वर्मा (20 रन) ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने 19 रन जोड़ी।

बाकी का काम जेमिमा रोड्रिग्ज ने 20 रनों की पारी खेलकर कर दिया।

### बांग्लादेश का भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

**टॉस** जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेशी टीम विमेंस टी-20 के इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे छोटे स्कोर पर आउट हुई। टीम 17.5 ओवर में 51 रन पर ऑलआउट हुई। कप्तान निगर सुल्ताना (12 रन) के अलावा कोई डबल डिजिट तक भी नहीं पहुंच सकी।

**ऐसे गिरे भारतीय टीम के विकेट**

**पहला** स्मृति मंधाना सात रन चौथे ओवर की 5वीं बॉल पर मुरुफा अख्तर ने शमीमा सुल्ताना के हाथों कैच कराया। वहीं, दूसरा शेफाली वर्मा- 17 आठवें ओवर की दूसरी बॉल पर फातिमा खातून ने बोल्ड कर दिया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने उजबेकिस्तान की टीम को 16-0 से हराया

एजेंसी। हांगझोउ

**ललित** उपाध्याय, वरूण कुमार और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में रविवार को उजबेकिस्तान को 16 . 0 से रौंदकर जीत के साथ आगाज किया।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए यह पूल ए का बेमेल मुकाबला था। उजबेकिस्तान एफआईएच रैंकिंग में 66वें स्थान पर है। भारत की ओर से ललित उपाध्याय (सातवां, 24वां ,37वां और 53वां मिनट) , मनदीप सिंह (18वां, 27वां और 28वां मिनट) और वरूण कुमार (12वां, 36वां, 50वां और 52वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई। अभिषेक (17वां) , सुखजीत सिंह (42वां), शमशेर सिंह (43वां), अमित रोहिदास (38वां) और संजय (57वां) ने गोल किए। भारत को अब 26 सितंबर को सिंगापुर से खेलना है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यह मैच नहीं खेला। उद्घाटन समारोह में वह ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक थे जिसके बाद उन्हें आराम दिया गया। भारतीयों ने शुरू ही से दबदबा बनाते हुए सातवें मिनट में पहला गोल दाग दिया। भारत को पूरे 60 मिनट में 14 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से पांच पर ही गोल हो सका जो कोच क्रेग फुल्टोन के लिए चिंता का विषय है। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति और मिडफील्डरों ने मिलकर 10 गोल किए और एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर मिला। भारत को पांचवें ही मिनट में मौका मिला था लेकिन अभिषेक के शॉट को उजबेक गोलकीपर ने बचा लिया। इसके बाद सुखजीत ने भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन संजय उस पर गोल नहीं कर सके।

# एशियन गेम्सः भारत को पांच मेडल रोइंग में तीन और शूटिंग में दो मेडल

### पहला मेडल रोइंग के लाइट वेट डबल्स स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने दिलवाया

एजेंसी। हांगझोऊ

**चीन** के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में रविवार को भारत ने शानदार शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल इवेंट्स के पहले ही दिन तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज समेत कुल पांच मेडल जीते। इसके अलावा भारतीय महिला क्रिकेट बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। यानी क्रिकेट में भी मेडल पक्का हो गया है।

महिला क्रिकेट इवेंट के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज ही भिड़ंत होनी है। इस मैच में जीत हासिल करने वाली टीम 25 सितंबर को भारत के साथ फाइनल खेलेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी जीत के साथ शुरुआत की है। भारत ने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया।

रविवार को भारत के लिए पहला मेडल रोइंग के लाइट वेट डबल्स स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने दिलवाया। इस जोड़ी ने फाइनल में 6 मिनट, 28.18 सेकेंड का समय लेकर सिल्वर मेडल जीता। भारत को दूसरा मेडल 10 मीटर एयर राइफल में विमेंस टीम ने दिलाया। मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसी ने सिल्वर मेडल जीता। तीनों ने 1880.0 का टीम स्कोर हासिल किया। रमिता ने 631.9 पॉइंट हासिल किए, जबकि मेहुली ने 630.8 का स्कोर किया।

वहीं आशी ने 623.3 अंक बटोरे। भारतीय टीम को तीसरा मेडल रोइंग के पेयर इवेंट में बाबूलाल यादव और लेखराम ने दिलाया। भारतीय जोड़ी ने 6.50.41 के समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। वहीं, चौथा मेडल रोइंग-8 इवेंट में मिला। रोइंग-8 में नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे ने भारत को सिल्वर दिलाया।



### रमिता ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**रमिता** ने 10 मीटर राइफल में ब्रॉन्ज जीता। रमिता ने 230.1 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि मेहुली घोष चौथे स्थान पर रही। स्विमिंग- 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में भारतीय स्विमिंग विमेंस टीम फाइनल में पहुंच गई है। टीम में ढींडी, राजीव माना, जान्हवी और शुवांगी शामिल है। वहीं श्रीहरि नटराज भी 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में पहुंच गए हैं।

### पहली बार रोइंग के लाइट वेट डबल्स में भारत को मेडल मिला

**पहली** बार रोइंग के लाइट वेट डबल्स में भारत को मेडल मिला है। इससे पहले कोई भी भारतीय इस इवेंट में मेडल नहीं जीता है। हालांकि, सिंगल स्कल में बजरंग लाल ठक्कर और स्वर्ण सिंह मेडल जीत चुके हैं। बजरंग लाल ठक्कर ने 2010 में चीन में हुए एशियाई गेम्स में गोल्ड जीता था। जबकि 2006 दोहा एशियाई गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। वहीं स्वर्ण सिंह ने 2014 इंडिचोन एशियाई गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।



### भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ।** भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति पवार ने रविवार को यहां जोर्डन की सिलिना अलहासनात को हराकर एशियाई खेलों के महिला 54 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

इस साल के शुरु में विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाली 19 साल की प्रतिभाशाली मुक्केबाज प्रीति ने जोर्डन की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत हासिल की। प्रीति ने हालांकि शुरुआत रक्षात्मक तरीके से की और फिर आक्रामक रूख अपनाया। उन्होंने दमदार मुक्के जड़कर आसानी से शुरूआती दो राउंड अपने नाम किए जिसके बाद रैफरी ने सिलिना को दूसरे और तीसरे राउंड में दो स्टैंडिंग काउंट दिए और मुकाबला रोक दिया। अब दो बार की विश्व चैम्पियन और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निकहत जरीन महिलाओं की 50 किग्रा स्पर्धा के राउंड32 में वियतनाम की थि ताम एनगुएन से भिड़ेंगी।

# भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर, लक्ष्य के लिए जूझते दिखे कंगारू

एजेंसी। नई दिल्ली

**टीम** इंडिया ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 400 रन का टारगेट दिया है। खबर लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर में दो विकेट पर 10 रन बना लिए हैं। डेविड वॉर्नर और मार्नस लाबुशेन क्रीज पर हैं। स्टीव स्मिथ जीरो पर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। यह कृष्णा का दूसरा विकेट है। उन्होंने मैथ्यू शट (9 रन) का भी विकेट लिया।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारती टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 399 रन बनाए और कंगारुओं को 400 रन का टारगेट दिया। यह भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर है।

इससे पहले, भारतीय टीम ने 2013 में बेंगलुरु में 383 रन का स्कोर बनाया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारतीय ओपनर शुभमन गिल (104 रन) और श्रेयस अय्यर (105 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक जमाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम से कैमरून ग्रीन ने 2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड, सॉन एबॉट और एडम जम्पा को एक-एक विकेट मिला।



**सूर्या की लगातार दूसरी फिफ्टी**

सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी जमाई। यह सूर्या की चौथी वनडे हाफ सेंचुरी है। उन्होंने नाबाद 72 रनों की पारी खेली। उन्होंने 37 बॉल पर 194.59 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सूर्या की पारी में 6 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

इधर श्रेयस अय्यर ने वनडे करियर की तीसरी सेंचुरी जमाई। वे 90 बॉल पर 105 रन बनाकर आउट हुए। अय्यर की पारी में 11 चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

**कप्तान राहुल की अर्धशतकीय पारी**

कप्तान केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का 15वां अर्धशतक जमाया। राहुल 52 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 38 बॉल पर 136.84 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

राहुल की पारी में 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इधर ओपनर शुभमन गिल ने वनडे करियर की छठी सेंचुरी जमाई। उन्होंने इस साल का 5वां वनडे शतक जमाया। गिल 104 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 97 बॉल पर 107.21 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**गिल-अय्यर की शतकीय साझेदारी**

**16** रन पर गायकवाड का विकेट गंवाने के बाद गिल और अय्यर ने 200 रनों की साझेदारी की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 164 बॉल पर 200 रन जोड़े। इस साझेदारी को सॉन एबॉट ने तोड़ा।

# अरूणाचल प्रदेश के वुशु खिलाड़ियों का एशियाड में हिस्सेदारी का मौका खत्म

### चीन की सरकार द्वारा वीजा नहीं दिया गया था

### विरोध जताते हुए खेल मंत्री ने हांगझोऊ का दौर रद्द कर दिया था

एजेंसी। हांगझोउ

**अरूणाचल** प्रेश की तीन महिला वुशु खिलाड़ियों की एशियाई खेलों में भागीदारी का मौका लगभग खत्म हो गया है जिन्हें चीन की सरकार द्वारा वीजा नहीं दिया गया था। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने हालांकि रविवार को कहा कि वह अब भी मामले को देख रही है।

चीन द्वारा नेमान वांग्सू, ओनिलू टेगा और मेपुंग लामगू को वीजा नहीं दिए जाने के बाद खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने विरोध स्वरूप हांगझोउ का अपना दौरा रद्द कर दिया। वुशु प्रतिस्पर्धाएं रविवार को शुरु हो गई और लामगू अपनी महिलाओं की चांगक्वान स्पर्धा में शुरुआत नहीं कर (डीएनएस) सकीं, जबकि टेगा का नाम भी महिलाओं की 52 किग्रा स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइन में नहीं था। महिलाओं की चांगक्वान स्पर्धा का फाइनल सोमवार को है जिसमें वांग्सू को हिस्सा लेना था।

ओसीए ने हालांकि कहा कि वह मामले को देख रहा है। उसके कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में हालांकि यह नहीं बताया कि ओसीए किस सरकार से बात कर रहा है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व महासचिव सिंह ने कहा, हम आयोजन समिति, राज्य और चीन सरकार को शानदार उद्घाटन समारोह के लिए बधाई देना चाहेंगे। यह शानदार समारोह था और हम इस तरह के कई समारोह का हिस्सा रह चुके हैं। पर यह सबसे खूबसूरत उद्घाटन समारोह था। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी उद्घाटन समारोह से काफी खुश थे।



### भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड से हारी

**वेनझोउ (चीन)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम रविवार को यहां थाईलैंड से मिली 0-1 की हार के बाद एशियाई खेलों के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।

भारतीय टीम ने अपने से उंची रैंकिंग की थाईलैंड टीम को चुनौती पेश की। लेकिन थोंग्रोंग परिचाट के 52वें मिनट में किए गए गोल की मदद से थाईलैंड की टीम अपने ग्रुप बी मैच में विजेता रही। भारतीय टीम एशियाड के शुरुआती मैच में चीनी ताइपे से 1-2 से हार गई थी। थाईलैंड के खिलाफ इस हार से भारत का दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमों में शामिल होने का मौका भी खत्म कर दिया जो पांच ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों के साथ नॉकआउट में पहुंचेंगी। भारत ने मैच में संयमित शुरुआत की और जिस तरह से उसकी खिलाड़ी मौके बना रही थी, वह प्रतिद्वंद्वी से कहीं बेहतर टीम दिख रही थी। अंजू तमांग ने 11वें मिनट में भारत के लिए शानदार मौका बनाया लेकिन उनका नीचा क्रास विफल रहा।

# भारतीय तलवारबाज तनीक्षा खत्री क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पदक से चूकी

एजेंसी। हांगझोउ

**भारतीय** तलवारबाज तनीक्षा खत्री व्यक्तिगत एपी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में विश्व के दूसरे नंबर के हांगकांग की खिलाड़ी वाई विवियन से 7-15 से हारकर पदक से चूक गई गई।

तनीक्षा ने पूल चरण के तीन मैचों को जीत कर नॉकआउट दौर में जगह पक्की की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी को सात बार टच किया जो उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था। अगर वह क्वार्टर फाइनल जीत दर्ज करने में सफल रहती तो भारत के एक नाम इस स्पर्धा में कम से कम एक कांस्य पदक पक्का हो जाता। तनीक्षा अंतिम 32 दौर के मुकाबले में अपनी टीम की साथी ईना अरोड़ा को चार अंक (15-11) हराने में सफल रही थी। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की शाखजोदा एगंबरडीवा पर 15-10 से जीत हासिल की। इससे पहले पूल चरण में उन्होंने फिलीपींस की आइवी क्लेयर डिनॉय (5-1), मंगोलिया की जोल्बू ओचिरखुयाग (5-0) और यमन की समाह अब्दुल्ला मुस्लेह अलशामी को 5-1 से हराया था।



इस दौरान उन्हें सिंगापुर की एले मेइहुई कोह (1-5) और दक्षिण कोरिया की सेरा सॉन्ग 3-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

पूल चरण के मैचों में शुरुआती पांच टच करने वाला खिलाड़ी विजेता होता है जबकि नॉकआउट चरण में उसे जीत के लिए 15 टच करने पड़ते हैं। भारत के दो और खिलाड़ी बिबिश कथिरेसन और देव पुरुषों की फॉइल व्यक्तिगत स्पर्धा में अंतिम 32 के दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रहे।

### बंगाल संतोष ट्रॉफी के मुश्किल ग्रुप में

**नई दिल्ली।** बंगाल की मजबूत टीम को बुधवार को संतोष ट्रॉफी के लिए मुश्किल ग्रुप बी में पंजाब, ओडिशा और दिल्ली के साथ जगह मिली।

गत चैंपियन कर्नाटक, उप विजेता मलेशिया और मेजबान अरूणाचल प्रदेश को पहले ग्रुप चरण में खेलने से छूट मिली है। फाइनल ग्रुप चरण में 12 टीम होंगी जिन्हें दो ग्रुप में बांटा जाएगा और इनमें से सेमीफाइनल में खेलने वाली टीम का फैसला होगा।

### जापान से हारकर भारतीय पुरुष वालीबॉल टीम पदक दौड़ से बाहर

**हांगझोउ।** जापान ने रविवार को यहां क्रॉस ग्रुप मैच में भारतीय पुरुष वालीबॉल टीम को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों की पदक दौड़ से बाहर कर दिया। केहन ताकाहाशी 21 अंक जुटाकर जापान के स्टार खिलाड़ी रहे जिन्होंने अपनी टीम की एक घंटे 11 मिनट में मिली 25-16 25-18 25-17 की जीत में अहम भूमिका अदा की। एरिन वर्गीज आठ अंक के साथ भारत के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। जापान का सामना अब सेमीफाइनल में चीन से होगा जबकि भारत पांचवें से छठे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में मंगलवार को पाकिस्तान या कतर से भिड़ेगा। भारतीय टीम कम्बोडिया और दक्षिण कोरिया पर जीत से ग्रुप सी में शीर्ष पर रही थी।




# टेबल टेनिस में भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में, महिला टीम हारी

एजेंसी। हांगझोउ

**अचंत** शरत कमल ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए आखिरी तीन गेम में जीत दर्ज की जिससे भारतीय पुरुष टीम टेबल टेनिस एशियाई खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां कजाखस्तान को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराने में सफल रही।

महिला टीम को हालांकि प्री-क्वार्टर में थाईलैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों में कजाखस्तान और भारत के बीच मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और निर्णायक मैच में शरत एडोस केन्झिगुलोव से शुरुआती दो गेम हार गए थे। उन्होंने इसके बाद अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए लगातार तीन गेम जीत कर मुकाबला भारत के नाम कर दिया। शरत ने इस करीबी मैच को 5-11, 7-11, 11-9, 11-8, 11-9 से अपने नाम किया। इससे उन्हें टीम के शुरूआती मुकाबले में गेरासिमेंको किरिल से 3-1 ((11-8, 9-11, 11-6, 11-8) से हार का सामना करना पड़ा था। जी



साथियान और हरमीत देसाई की जीत ने भारत को 2-1 से आगे कर दिया। साथियान ने एडोस को 3-0 (14-12, 11-8, 11-4) जबकि हरमीत ने कुरमांगलिएव एलन को 3-0 (11-7, 12-10, 11-5) से हराया। साथियान हालांकि अपने दूसरे मुकाबले में जीत की लय जारी नहीं रख सके।

किरिल ने उन्हें 3-2 (11-5, 9-11, 11-9, 5-11, 11-5) से हार कर स्कोर 2-2 कर दिया। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना कोरिया से होगा जिसे अंतिम 16 में बाई मिला है। महिला वर्ग में अनुभवी मनिका बत्रा के दोनों मुकाबले गंवाने से बड़ा झटका लगा। अयहिका मुखर्जी एक मैच ने एक जीत दर्ज की जबकि दूसरे मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। सुतीर्थ मुखर्जी अपना एकमात्र मैच जीतने में सफल रही।

# जसप्रीत बुमराह को दूसरे वनडे में आराम, राजकोट में टीम से जुड़ेंगे

एजेंसी। इंदौर

**भारतीय** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को यहां रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में आराम दिया गया जिससे अंतिम एकादश में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां होल्कर स्टेडियम में टॉस से पहले यह घोषणा करते हुए कहा कि मुकेश कुमार को टीम में बुमराह के स्थान पर शामिल किया गया।

बुमराह बुधवार को राजकोट में अंतिम वनडे के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या

### मुकेश कुमार को टीम में बुमराह के स्थान पर शामिल किया गया

के साथ टीम में वापसी करेंगे जिन्हें पहले दो मैचों के लिए आराम दिया गया था। बीसीसीआई ने कहा, जसप्रीत बुमराह आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए टीम के साथ नहीं गए। उन्हें टीम प्रबंधन ने संक्षिप्त ब्रेक दिया है और वह अपने परिवार से मिलने गए हैं। इसमें कहा गया, दूसरे वनडे के लिए बुमराह के स्थान पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह राजकोट में अंतिम वनडे के लिए टीम से जुड़ेंगे। बुमराह ने पीठ की सर्जरी के बाद पिछले महीने आयरलैंड में टी20 मैचों में वापसी की थी और वह अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर रहे हैं। इस महीने के शुरु में श्रीलंका में एशिया कप खिताबी जीत के अभियान में भी इस 29 साल के गेंदबाज ने प्रभावित किया। वह नेपाल के खिलाफ मैच में नहीं खेले थे क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौटे थे। मुकेश कुमार वेस्टइंडीज दौरा करने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसमें उन्होंने सभी तीनों प्रारूपों में अपना पदार्पण किया था। बीसीसीआई पांच अक्टूबर से घरेलू सरजमीं पर हो रहे विश्व कप से पहले खिलाड़ियों के कार्यभार को लेकर ज्यादा सतर्कता बरत रहा है। भारतीय टीम विश्व कप में आठ अक्टूबर को चेन्नई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अभियान शुरु करने से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी।

